जबलपुर शनिवार 27 जून 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, प्रदोष व्रत
वर्ष 32 अंक 03 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 36.7°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C
सूर्योदय - 5.27 | सूर्यास्त - 7.00





अब हर रोज दर्पण ⏵⏵ 3



छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ एवं मंदिरों में व्याप्त भ्रष्टाचार ⏵⏵ 2



41 वर्ष के हुए अर्जुन कपूर ⏵⏵ 7



एमजीएम हॉस्पिटल कटनी में ब्रेन ट्यूमर का हुआ ⏵⏵ 9

# समिट देगी संदेश: मध्यप्रदेश भारत का दिल-विकास का दिल

## एमएसएमई और स्टार्ट-अप को सिंगल क्लिक से अंतरित होगी 225 करोड़ से अधिक की राशि



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10वां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2026 पर रवींद्र भवन में शनिवार,27 जून को होने वाले 'सशक्त उद्यमी समृद्ध मध्यप्रदेश समिट' में शामिल होंगे। समृद्ध भारत का दिल-विकास का दिल का संदेश देने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई इकाइयों को 225 करोड़ 19 लाख और स्टार्ट-अप को लगभग 39 लाख की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में महत्वपूर्ण एमओयू के साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों का शुभारंभ और भूमि-पूजन भी होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप और मुख्य सचिव अनुराग जैन भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आयुक्त उद्योग दिलीप कुमार ने बताया कि समिट में स्टाल से खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं परिधान तथा अभियांत्रिकी क्षेत्रों के एमएसएमई के लिए बायर-सेलर मीट आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एमएसएमई प्रदर्शनी एवं ईज़ ऑफ डूइंग क्लिनिक का उद्घाटन करेंगे। विभिन्न विभागों और उद्यमियों के प्रदर्शनी में लगभग 60 से स्टॉल होंगे, जिनमें एमएसएमई, स्टार्ट-अप, विभागीय स्टॉल, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ओ.डी.ओ.पी, योजना लाभार्थी, महिला स्व-सहायता समूह, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भोपाल, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर भोपाल, भारतीय मानक ब्यूरो, जीईएम, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान तथा बैंकों के प्रतिनिधि,वालमार्ट, फ्लिपकार्ट जैसे संस्थान सम्मिलित होंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को संबंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। इस दौरान एमएसएमई, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग, पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एसआरएलएम (पंचायत एवं ग्रामीण विकास) तथा आईपीआईपी विभागों की विगत ढाई वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी ढाई वर्ष की कार्य योजना पर आधारित लघु वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। उद्योग आयुक्त ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अप्रैल 2017 में पारित संकल्प के माध्यम से प्रत्येक वर्ष 27 जून को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम दिवस के रूप में घोषित किया गया है। यह दिवस सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजीएस) की प्राप्ति में एमएसएमई की अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। यह वर्ष अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस के आयोजन का 10वां वर्ष है।

### समिट में तीन विषयगत सत्र होंगे

समिट में 2000 से अधिक प्रतिभागियों, जिनमें एमएसएमई, उद्यमी, स्टार्ट-अप, वित्तीय संस्थान, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म एवं महिला स्व-सहायता समूह शामिल होंगे। समिट में विगत ढाई वर्षों की समस्त संबद्ध विभागीय उपलब्धियों तथा आगामी ढाई वर्षों की कार्य योजना प्रदर्शित होगी। समिट में तीन विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र, नये बाजार, नई उड़ान में एफआईईओ, सीएसआईआर-एएमपीआरआई ओएनडीसी, ईसीजीसी एवं इंडिया पोस्ट के पैनलिस्ट भाग लेंगे। दवितीय सत्र पूंजी तक पहुँच, में एनपीसीएल, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आरएक्सआईएल ट्रेन्ड्स प्लेटफॉर्म एवं नाबार्ड के पैनलिस्ट सम्मिलित हैं।

# पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के छः शहीदों के नाम सार्वजनिक

## 5 सेना और 1 एयरफोर्स का जवान शामिल




नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के 6 जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को नेशनल वॉर मेमोरियल की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की 3डी वॉल पर साल 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं। नेशनल वॉर मेमोरियल के त्याग चक्र में 16 गोल ग्रेनाइट की दीवारें हैं, जिन पर आजादी के बाद से देश के लिए अपनी जान देने वाले हर सैनिक का नाम, रैंक और यूनिट लिखी हैं। दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी। भारतीय सेना ने 6-7 मई रात पीओके में आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। इस दौरान 100 से ज्याद आतंकी मार गिराए थे। भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन हवाई युद्ध चला था। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ था। मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले संघर्ष के दौरान सैन्य नुकसान की खबरों और अटकलों के बावजूद, सरकार ने अब तक ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए जवानों की पहचान का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया था। नेशनल वॉर मेमोरियल के रोल ऑफ़ ऑनर (सम्मान सूची) में नामों का प्रकाशन असल में उन सशस्त्र बलों के जवानों की मौत की पहली आधिकारिक पुष्टि है, जिन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान अपनी जान गंवाई।

### शहीद सैनिकों की लिस्ट

- हेडक्वार्टर 10 इन्फैंट्री ब्रिगेड के सूबेदार मेजर पवन कुमार।
- 4 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री के राइफलमैन सुनील कुमार (वीर चक्र)।
- 5 फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार।
- 851 लाइट रेजिमेंट के एविएशन टेक्नीशियन मूड मुरलीनाइक।
- 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी के हवलदार सुनील कुमार सिंह।
- 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार (वायु सेना मेडल) शामिल हैं।

# गिरफ्त में चंदा चोर...सियासत मचाए शोर

## ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का इस्तीफा, ट्रस्टी अनिल मिश्रा की छुट्टी




अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉक्टर अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्था से बाहर कर दिया गया है। चंपत के पास पूरे मंदिर की जिम्मेदारी थी। राय के बाद ट्रस्टी अनिल और गोपाल राव की मंदिर व्यवस्था में बड़ी भूमिका थी। एक हफ्ते पहले सीएम योगी अयोध्या दौरे पर गए थे। उस वक्त चंपत को उनके दौरे से दूर रखा गया था, तभी से यह सुगबुगाहट थी कि उन्हें हटाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अब ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा। चढ़ावा चोरी मामले में गुरुवार देर शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर पहली एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसमें चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत अन्य बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं हैं। इसके बाद गुरुवार देर रात रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया। यूपी सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई। एसआईटी ने 23 जून को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (गृह) संजय प्रसाद को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी। इसके 2 दिन बाद कार्रवाई हुई और मंदिर से जुड़े 8 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं। अनुकल्प लवकुश का जीजा है। ये दोनों अनिल मिश्रा के रिश्तेदार हैं। वहीं, मनीष टिन्नू यादव का भतीजा है।

### आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेजा

आज शुक्रवार को सभी 8 आरोपियों का मेडिकल कराने के बाद इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीजेएम कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है। अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सोमवार को उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। सभी आरोपियों से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपए बरामद किए गए हैं।

### संसद में उठेगा राम मंदिर चढ़ावा चोरी मुद्दा

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मुद्दे को संसद के मानसून सत्र में उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा, 'अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का यह मुद्दा देश के सबसे बड़े मुद्दों में से एक है। हम इस मुद्दे को नहीं छोड़ सकते। करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। ट्रस्ट खुद सवालों के घेरे में है। सरकार को इस पर जवाब देना होगा।'

### ट्रस्ट से दान की कोई रसीद नहीं मिली: राउत

शिवसेना नेता संजय राउत ने पूछा- अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए शिवसेना की तरफ से दान की गई 4 किलो चांदी की ईंट के गायब होने पर गंभीर सवाल उठ रहे है। उद्धव ठाकरे जी ने हजारों शिवसैनिकों और संतों की मौजूदगी में 1 करोड़ रुपये और यह पवित्र चांदी की ईंट दान की थी। फिर भी इतने साल बाद भी ट्रस्ट से कोई रसीद या जानकारी नहीं मिली। यह कहां गई?



### बड़े-बड़े लोगों की मिलीभगत : शुक्ला

कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा- राम मंदिर में चढ़ावे की भयानक लूट हुई है। भगवान श्री राम की आस्था के चलते देश के गांवों से, गरीब लोगों से चंदा इकट्ठा किया गया था, जिसे लूट लिया गया। जब एफआईआर हुई तो उसमें छोटे कर्मचारियों का नाम डाल दिया गया। सवाल है कि बड़े-बड़े लोगों की मिलीभगत के बिना क्या कोई छोटा कर्मचारी हजारों करोड़ का चंदा चोरी कर सकता है?

## 14 हत्यारों को उम्रकैद देने वाली जज को हत्या की धमकी

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में मॉब लिंचिंग केस में 14 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाने वाली मुस्लिम महिला जज तबस्सुम खान (एडीजे) को एक युवक ने कत्ल की धमकी दी है। युवक वीडियो में कह रहा है कि 10 दिन में हमारे सभी हिंदू भाई रिहा नहीं होते हैं, तो देश-प्रदेश में कत्लेआम होगा। दूसरे वीडियो में एक महिला भी जज को धमका रही है। वह कह रही है- एक मुस्लिम जज बन गई और उसने अपनी औकात दिखा दी। जिहादी जज बन गई। हमारे 14 हिंदू भाइयों को उम्रकैद की सजा सुनाई। तुम्हें इसका दंड तो भोगना पड़ेगा। वहीं जज को धमकी देने वाला वीडियो वायरल होने के बाद गृह मंत्रालय की साइबर सेल ने आईटी एक्ट के तहत नोटिस भेजा है। साथ ही सिवनी मालवा पुलिस ने 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा- नफरत फैलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई होती है, लेकिन मोदी के भारत में नफरत फैलाने वाला खुलेआम घूम रहा है। साइबर सेल कार्रवाई नहीं कर रही है, बल्कि उसे नोटिस भेज रही है।

## एआई करेगा खिलाड़ियों के चयन का सुझाव

### एआई-संचालित क्रिकेट लीग वाला पहला राज्य बना मध्यप्रदेश

**इंदौर।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष और मध्य प्रदेश क्रिकेट लीग के फाउंडर महानआर्यमन सिंधिया ने कहा है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रिकेट प्रशासन की कार्यप्रणाली को पूरी तरह बदल देगा। उन्होंने कहा कि, मध्यप्रदेश अब विश्व की पहली एआई-संचालित क्रिकेट लीग वाला पहला राज्य बन गया है। एआई के उपयोग से खिलाड़ी चयन, पंजीयन, वित्तीय प्रबंधन और जिला इकाइयों के साथ समन्वय में पारदर्शिता बढ़ेगी और पक्षपात की शिकायतों पर भी अंकुश लगेगा। शुक्रवार को इंदौर में आयोजित प्रेस वार्ता में महानआर्यमन सिंधिया ने कहा कि क्रिकेट आज देश के लिए एक खेल से बढ़कर जुनून बन चुका है। ऐसे में एमपीसीए और एमपीएल तकनीक की मदद से क्रिकेट को अधिक आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस अवसर पर भारत की तेजी से उभरती एआई कंपनी इमरजेंट एआई के फाउंडर मुकुंद झा भी मौजूद रहे। महानआर्यमन सिंधिया ने बताया कि नए एआई प्लेटफॉर्म के माध्यम से खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन सत्यापन और प्रदर्शन का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से उपलब्ध रहेगा। खिलाड़ी ने कितने रन बनाए, कितने विकेट लिए और कितने



मैच खेले, इसका पूरा डेटा सिस्टम में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष बनाने के लिए एआई पहले संभावित खिलाड़ियों की सिफारिश करेगा, जिसके आधार पर चयनकर्ता अंतिम निर्णय लेंगे। इससे चयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और खिलाड़ियों के बीच पक्षपात को लेकर उठने वाले सवाल कम होंगे।

### अनुदान प्रक्रिया भी होगी ऑनलाइन

सिंधिया ने कहा कि जिला और संभागीय इकाइयों को मिलने वाले अनुदान तथा वित्तीय प्रक्रियाओं को भी पूरी तरह डिजिटल किया जाएगा। एआई आधारित प्लेटफॉर्म आवेदन में होने वाली त्रुटियों की तत्काल पहचान कर संबंधित इकाई को सुधार के लिए सुझाव देगा।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद खुला इमामबाड़ा

**धार (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के धार शहर में इंदौर हाईकोर्ट के आदेश के बाद ऐतिहासिक इमामबाड़ा खोले जाने पर मोहर्रम पर्व को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। इमामबाड़ा खुलने के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सरकारी ताजिये के दीदार के लिए पहुंचे। इस दौरान पारंपरिक अखाड़ों ने अपने करतबों का प्रदर्शन कर ताजिये को सलामी दी। न्यायालय के आदेश के बाद देर रात लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इमामबाड़े का ताला खोलकर उसकी चाबी ताजिया कमेटी के सदर को सौंप दी।

### सरकारी ताजिये के दीदार को उमड़े अकीदतमंद

इसके बाद परिसर की साफ-सफाई कर सरकारी ताजिया स्थापित किया गया। अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की याद में देश और समाज में अमन-चैन की दुआ की। देर रात तक विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे अखाड़ों ने पारंपरिक प्रदर्शन किए। इसी दौरान ताजिया निकालने को लेकर मुस्लिम समाज के दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर नियाज मोहम्मद उर्फ सन्नू चाचा के साथ मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति नियंत्रित की। कोतवाली थाना पुलिस ने नियाज मोहम्मद की शिकायत पर शाबीर, इस्लामुद्दीन उर्फ दद्दू तथा तीन अन्य आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवेदनशीलता को देखते हुए कलेक्टर राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी देर रात तक मौके पर मौजूद रहे। इमामबाड़ा परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए।

### निर्मला सप्रे के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट जाएंगे नेता प्रतिपक्ष

**भोपाल।** सागर के बीना से विधायक निर्मला सप्रे के कथित दलबदल मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। हाईकोर्ट ने स्पीकर को निर्णय लेने का निर्देश देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार को बचाने के लिए स्पीकर ने दलबदल याचिका पर महीनों से फैसला लंबित रखा है। अब कांग्रेस इस पूरे मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जल्द विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर करेगी।

# 9वीं की सोशल साइंस से संविधान प्रस्तावना हटी

नई दिल्ली

एनसीईआरटी ने कक्षा 9वीं की सोशल साइंस की किताब में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और इमरजेंसी पर एक नया चैप्टर जोड़ा गया है। किताब में बताया गया है कि एसआईआर का मुख्य कार्य मतदाता सूची को अपडेट करना, मतदाताओं का सत्यापन करना और मतदाताओं की सूची में त्रुटियां दूर करना है। चैप्टर की मदद से छात्रों को यह भी समझाया जाएगा कि मतदाता सूची का निरीक्षण करने से चुनावी प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। वहीं, किताब से संविधान की प्रस्तावना हटा दी गई है। इसके अलावा सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्दों का भी जिक्र नहीं है। किताब में अलग सेक्शन जोड़ा गया है। हालांकि, इसमें संविधान की चर्चा उसके निर्माण, लोकतांत्रिक संस्थाओं और मौलिक अधिकारों के माध्यम से की गई है, लेकिन सॉवरेन, सोशलिस्ट, सेक्युलर, डेमोक्रेटिक और रिपब्लिक जैसे शब्दों के बारे में नहीं बताया गया है। 9वीं की किताब में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की भूमिका को भी विस्तार से बताया गया है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने छात्रों और आम लोगों को संगठित किया और बिहार, साथ ही गुजरात में बड़े जन आंदोलन खड़े हुए।

**एनसीईआरटी की नई किताब में सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्दों का भी जिक्र नहीं**

### दूसरी चुनौतियां भी शामिल

इमरजेंसी के अलावा किताब में लोकतंत्र के सामने मौजूद दूसरी चुनौतियों पर भी चर्चा की गई है। इनमें फेक न्यूज, गलत सूचनाएं, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, नियमों का उल्लंघन, गरीबी, क्षेत्रवाद, सामाजिक भेदभाव और लैंगिक असमानता शामिल हैं।

### मीडिया को 'चौथा स्तंभ' बताया

किताब में मीडिया की भूमिका पर भी एक अलग सेक्शन दिया गया है। किताब में मीडिया को लोकतंत्र का 'चौथा स्तंभ' बताया गया है और कहा गया है कि यह जनता की आवाज उठाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में अहम भूमिका निभाता है।

### मनुस्मृति का श्लोक भी शामिल

एनसीईआरटी ने कक्षा 9 की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति समझाने के लिए मनुस्मृति का एक श्लोक शामिल किया है। किताब में कहा गया है कि वैदिक काल में महिलाओं को समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त था।

### किताब में चुनाव आयोग की तारीफ

कक्षा 9वीं की सोशल साइंस की बुक में देश के चुनाव आयोग की भी तारीफ की गई है। बुक में कहा गया है कि भारत में चुनाव कराना दुनिया के सबसे बड़े कामों में से एक है। इसके बावजूद चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव कराने की कोशिश करता है।



# या हुसैन की सदाओं के बीच अकीदत से संपन्न हुआ मुहर्रम का पर्व

## 300 सवारियां हुई शमिल, कौमी एकता की मिसाल बने जुलूस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे, हजरत इमाम हुसैन अली मुकाम की शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुहर्रम शुक्रवार को अकीदत, एहतराम और कौमी एकता के माहौल में संपन्न हुआ। शहरभर से निकले ताजियों और सवारियों के जुलूस रानीताल कर्बला पहुंचकर परंपरानुसार ठंडे किए गए। पूरे मार्ग में या हुसैन और या अली की सदाएं गूंजती रहीं, जबकि हजारों जायरीन ने नम आंखों से ताजियों और सवारियों की जियारत कर उन्हें विदाई दी। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुहर्रम के जुलूस ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की। हिंदू और मुस्लिम मुजावरों की सवारियां एक साथ जुलूस में शामिल हुईं। बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने भी सवारियां रखीं, लंगर वितरित किए तथा जुलूस की व्यवस्था और स्वागत में सहयोग दिया। शासन-प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए। संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा तथा अस्थायी पुलिस चौकियां स्थापित की गईं।





### बाबा साहब की आमद पर उमड़ी भीड़

मुख्य जुलूस में लगभग 300 सवारियां और 70 छोटे-बड़े ताजिए शामिल हुए। बड़ी संख्या में वाहनों से लंगर-ए-इमाम हुसैन का वितरण किया गया। जुलूस मुस्लिम बहुल क्षेत्रों से निकलकर बहोरा बाग, चार खंभा, मछली मार्केट, मिलौनीगंज, कोतवाली, कमानिया और बड़ा फुहारा होते हुए रानीताल कर्बला पहुंचा। पूरे मार्ग में जायरीन ताजियों और सवारियों की जियारत करते रहे। मुहर्रम के जुलूस में कई आकर्षक और पारंपरिक ताजिए शामिल हुए। हजरत सूफी गुल बाबा अशरफी द्वारा कायम मन्नत वाला ताजिया, सुलेमानी मस्जिद का ताजिया, चांदनी चौक का ताजिया तथा बहोरा बाग का ताजिया विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कंधों पर ताजिए उठाए अकीदतमंद या अली और या हुसैन के नारों के साथ आगे बढ़ते रहे। श्रद्धालु अपने बच्चों को ताजियों के नीचे से निकालते नजर आए। विभिन्न आकार-प्रकार की सवारियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। बाबा साहब की आमद पर भारी भीड़ उमड़ी। हाथों में मोरछल लिए चल रहे बाबा साहब के दीदार के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कई सवारियों पर चांदी के छत्र सुशोभित थे, जबकि मखानों से निर्मित विशाल सवारियां अपनी भव्यता और सुंदर कारीगरी से सभी का ध्यान आकर्षित कर रही थीं।

### लंगर वितरण की रही व्यापक व्यवस्था

जुलूस के दौरान शहरभर में जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में वाहन भी लंगर वितरण के लिए शामिल रहे। एक ओर ताजियों और सवारियों का जुलूस रानीताल कर्बला की ओर बढ़ रहा था तो दूसरी ओर लंगर वितरण करने वाले वाहन रानीताल ईदगाह क्षेत्र की ओर जाकर लोगों की सेवा में जुटे रहे। सदर क्षेत्र में शाम 4 बजे के बाद परंपरागत जुलूस निकाला गया। इसमें गली नंबर-9 का पंचायती ताजिया, सिकंदर बाबा की सवारी, सारवट सवारी, बूचड़ी, नाले हैदर बशीर होटल की सवारी, अकील बाबा की सवारी तथा चांदी की सवारी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

जुलूस का नेतृत्व समाजसेवी मोहम्मद अकबर खान सरवर, इनायत अली शाह, नासिर बाबा सिकंदर बाबा तथा सिममा बाबा ने किया। समाजसेवी अकबर खान सरवर के अनुसार इस वर्ष 40 से अधिक सवारियां और 10 ताजिए शामिल हुए। जुलूस अपने पारंपरिक मार्गों से होता हुआ रानीताल कर्बला पहुंचा।

**फोटो: अनिल तिवारी**

### सिहोरा में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ जुलूस



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत की याद में शुक्रवार को मोहर्रम की दसवीं तारीख (योमे आशूरा) पर सिहोरा नगर में पारंपरिक ताजिया जुलूस श्रद्धा, अनुशासन और गमगीन माहौल में निकाला गया। जुमे की नमाज के बाद दोपहर से नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए ताजिए सरावगी मोहल्ला में एकत्र हुए, जहां से शाम करीब 6 बजे जुलूस प्रारंभ हुआ। पूरे मार्ग में या हुसैन... या अली की सदाएं गूंजती रहीं और बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी ताजियों के साथ शामिल हुए।

# 3 प्रतिष्ठानों पर हुई तालाबंदी, आमजन की सुरक्षा से हो रहा था खिलवाड़

## नगर निगम के भवन, अतिक्रमण एवं बाजार विभाग की संयुक्त कार्यवाही







जबलपुर (स्वतंत्र मत)। देश के विभिन्न शहरों में घटित गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में संचालित सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों, मॉल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं ज्वलनशील सामग्री के भंडारण से जुड़े परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था की लगातार जांच की जा रही है। पूर्व में नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा, भवन सुरक्षा एवं जन-सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर कुल 12 तालाबंदी, सीलिंग कार्यवाहियां की जा चुकी हैं। इसी क्रम में 26 जून को अग्निशमन विभाग, भवन विभाग, अतिक्रमण शाखा एवं बाजार विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विजय नगर एवं चेरीताल क्षेत्र में स्थित तीन परिसरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अग्नि सुरक्षा प्रणालियों की उपलब्धता एवं कार्यशीलता, सुरक्षित आवागमन एवं निकासी व्यवस्था, भवन निर्माण स्वीकृति, लिफ्ट संबंधी अभिलेख, विद्युत सुरक्षा तथा ज्वलनशील सामग्रियों के भंडारण की स्थिति का परीक्षण किया गया।

### इन प्रतिष्ठानों पर भी हुई कार्यवाही

विजय नगर क्षेत्रांतर्गत शिवकुमार रघुवंशी द्वारा संचालित एस.आर. मॉल के निरीक्षण में भवन की अग्नि सुरक्षा प्रणालियां निष्क्रिय पाई गईं। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण स्वीकृति एवं लिफ्ट संबंधी आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। मॉल जैसे सार्वजनिक उपयोग वाले परिसर में बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति को देखते हुए उक्त स्थिति को गंभीर माना गया और मॉल परिसर को पूर्णत: सील किया गया। इस कार्रवाई में एस.आर. सिनेमा, फूड कोर्ट एवं रिलायंस स्मार्ट स्टोर सहित मॉल परिसर की गतिविधियाँ सम्मिलित हैं। इसी प्रकार सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल क्षेत्र में संचालित बजाज एंटरप्राइजेज एवं पारस एजेंसी का भी निरीक्षण किया गया। इन दोनों परिसरों में आवश्यक अग्नि सुरक्षा प्रणालियाँ स्थापित नहीं पाई गईं। भवन निर्माण स्वीकृति एवं लिफ्ट संबंधी दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किए गए। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि भवनों में अत्यधिक मात्रा में ज्वलनशील सामग्रियों का अनियमित भंडारण किया गया था तथा विद्युत कनेक्शन भी असुरक्षित अवस्था में पाए गए। रिहायशी क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधि एवं भंडारण व्यवस्था को जन-सुरक्षा की दृष्टि से जोखिमपूर्ण मानते हुए दोनों परिसरों में तालाबंदी एवं सीलिंग की कार्रवाई की गई।

# कॉलेज बैग में किताबों की जगह रखा मिला लाखों का गांजा

## अधारताल थाना पुलिस की कार्यवाही, नाबालिग समेत चार गिरफ्तार



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अधारताल थाना पुलिस ने करौंदा बायपास के पास नशा तस्करी में शामिल एक नाबालिग समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 5 लाख रुपए कीमत का 14.5 किलो अवैध गांजा, तस्करी में इस्तेमाल की जा रही 2 स्कूटी और चार मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस मुताबिक कटनी-जबलपुर मार्ग पर दिलीप ऑटो इलेक्ट्रिकल्स के पास दो बिना नंबर की सिल्वर-ग्रे जुपिटर स्कूटी पर 4 युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े थे। पुलिस वाहन को देखते ही वे भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। स्कूटी पर रखे कॉलेज बैगों की तलाशी लेने पर उनमें किताबों की जगह बड़ी मात्रा में गांजा मिला। गिरफ्तार आरोपियों में सतना निवासी 21 वर्षीय दिशांत सिंह परिहार, सिवनी निवासी 21 वर्षीय अंशुल राय, 21 वर्षीय नवीन झारिया और एक नाबालिग शामिल है। इनके पास से कुल 14 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दिशांत और नाबालिग सतना के अमदरी निवासी पवन बागरी से गांजा लेकर आए थे। इसकी डील फोन पर सिवनी निवासी अंशुल और नवीन से हुई थी और उन्हें गांजा सौंपने की तैयारी थी। इससे पहले ही पुलिस ने कार्यवाही कर पूरे गिरोह को पकड़ लिया। पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज फरार आरोपी पवन बागरी की तलाश शुरू कर दी है।

# सूने मकान से नगदी-जेवर उड़ा ले गए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुण्डम थाने में अच्छेलाल झारिया उम्र 64 वर्ष निवासी ग्राम सदाफल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह खेती किसानी करता है। उसका बेटा भोला झारिया और बहू अनीता बाई ग्राम सदाफल बस्ती के अंदर अलग मकान में रहते हैं । उसकी बेटी मुन्नी बाई ससुराल में रहती है बेटी मुन्नी बाई ने अपने सोने चांदी के जेवर उसके घर में रखे थे । सुबह लगभग 4 बजे महुआ बीनने खेत तरफ चला गया था पत्नी, बहू, नाती सभी सुबह लगभग 8 बजे घर में ताला लगाकर महुआ बीनने उसके पास खेत तरफ आ गये थे उसका नाती कार्तिक झारिया सुबह लगभग 11 बजे महुआ रखने घर आ गया था और महुआ रखने के बाद अपने बस्ती वाले घर गया तथा खाना लेकर वापस खेत तरफ आ रहा था रास्ते में देखा कि उसके घर का दरवाजा खुला था नाती कार्तिक घर के अंदर जाकर देखा कोई नहीं था घर में सामान बिखरा था नाती ने अपनी बड़ी बहन दुर्गेश्वरी को बुलाकर लाया और खेत आकर उसे बताया। सभी लोग घर आकर देखे घर के सामने का दरवाजा के ताला टूटा था अंदर सामान बिखरा पड़ा था पेटी और ड्रम खुला था जिनमें रखे सोने की 1 पांचाली, तीन जोड़ी झुमकी, अंगूठी, 2 लोंग तथा चांदी की 1 करधन, 2 जोड़ी पायल, 6 बिछिया, नगदी 30 हजार रूपये गायब थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर तथा नगदी चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# दहेज की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खाई चूहामार दवाई, मौत

## बरेला थाने का मामला एफआईआर दर्ज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लार्डगंज थाने में नेशनल अस्पताल से सूचना मिली कि श्रमंजूलता साहू उम्र 36 वर्ष निवासी बाजार मोहल्ला बरेला की घर में चूहामार दवा खाने के उपरांत उपचार हेतु पति प्रवीण साहू द्वारा भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस ने जब इस मामले की जांच में मंजूलता साहू के मायके पक्ष के कथन लेख किये गये जिन्हौंने अपने कथन में बताये कि मंजूलता की शादी प्रवीण साहू के साथ हुयी थी। शादी के बाद से मंजूलता का पति प्रवीण साहू गाली गलोज कर मारपीट कर परेशान करता था। मंजूलता के ससुर मोहन लाल साहू, सास सुशीला बाई साहू, जेठ नीरज साहू प्रवीण साहू का पक्ष लेते थे, मंजूलता को ससुराल से मायके ले आते थे कुछ दिन मायके में रहने बाद दामाद प्रवीण साहू आकर मंजूलता को अपने घर ले जाता था और झगड़ा कर मारपीट करता था। इसी बीच रिश्तेदार से जानकारी से जानकारी मिली थी मंजूलता की तबियत खराब होने से उपचार हेतु नेशनल अस्पताल में भर्ती है। नेशनल अस्पताल में दौरान उपचार के मंजूलता की मृत्यु हो गयी है। प्रवीण साहू पत्नी मंजूलता के साथ मारपीट कर परेशान करता था मृतिका के बेटे सूर्यांश साहू ने बताया कि घटना की रात वह दादी के साथ मकान के ऊपर सो रहा था पापा ने सुबह 7 बजे उठाकर अपने साथ फोर व्हीलर से उसे मम्मी को बैठाकर नेशनल अस्पताल लेकर गये थे मम्मी ने पेट व सीना में दर्द होना बतायीं थी। डाक्टर के पूछने पर मम्मी ने चूहा मार दवाई खाना बतायीं थीं, पापा ने तीन चार दिन पहले मोबाइल पटक कर तोड़ दिया था। मर्ग की सम्पर्ण जांच में आये साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पति प्रवीण साहू, ससुर मोहन लाल साहू, सास सुशीला साहू, जेठ नीरज साहू, सभी निवासी बाजार मोहल्ला बरेला की प्रताड़ना से तंग आकर व मजबूर कर देने से मंजूलता साहू द्वारा चूहामार दवाई खा लेना तथा इलाज के दौरान नेशनल अस्पताल में मृत्यु होना पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना बरेला में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# करबला पहुंचकर निगमायुक्त ने देखी सफाई व्यवस्था

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सुबह बहोराबाग संभाग के वार्डो में पहुँचे और सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था को भी देखा और व्यवस्थाएँ दुरूस्त रखने संबंधितों को निर्देश दिये। इसके उपरांत निगमायुक्त रानीताल कर्बला पहुँचे जहाँ पर साफ सफाई के साथ-साथ अन्य निगम की सभी व्यवस्थाएं चाकचैबंद मिली। निरीक्षण के दौरान बहोराबाग और रानीताल करबला में नियमित कचरा उठाना, साफ-सुथरी नालियां और सुव्यवस्थित मार्ग देखने को मिले। जल प्रदाय की स्थिति और उद्यानों का रखरखाव भी बेहतर पाया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य और सफाई कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर ऐसी मुस्तैदी ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में मददगार साबित होती है।

# निगमायुक्त ने पेयजल प्रबंधन पर ली अधिकारियों की बैठक



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार को जल विभाग कार्यालय में जाकर जल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और जलापूर्ति व्यवस्था को दुरूस्त रखने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए परियट जलाशय में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जलाशय के घटते जलस्तर को देखते हुए, पानी को पंपिंग स्टेशन के नजदीक लाने के लिए 25 कुशल कर्मचारियों की टीम मौके पर दिन-रात काम कर रही है। अत्याधुनिक मशीनों और पारंपरिक ड्रेजिंग तकनीकों के माध्यम से पानी के प्रवाह को बनाए रखा जा रहा है, ताकि शहर के जल शोधन संयंत्रों को लगातार पानी मिलता रहे। उन्होंने शहर के अलग-अलग वार्डों में पानी की सप्लाई के समय, प्रेशर और टैंकरों के रूट चार्ट का बारीकी से समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त ने जल वितरण व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त और पारदर्शी बनाने के लिए जल विभाग के सभी इंजीनियरों और जोनल अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी जिम्मेदार अधिकारी ज्यादा से ज्यादा समय फील्ड पर दें। मुख्य लाइनों में लीकेज और अवैध कनेक्शनों की तुरंत जांच कर उन्हें ठीक किया जाए।

# डुमना एयरपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता से मारपीट, एफआईआर दर्ज

## फ्लाइट पर दी थी धमकी, आरोपी की तलाश में खमरिया थाने की पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दिल्ली से जबलपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6 ई 6038 में सुप्रीम कोर्ट के एक वकील के साथ सरेआम बदसलूकी और मारपीट की गई है। दरअसल यह पूरा मामला गुरूवार सुबह का है। सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट सुहान मुखर्जी जो मूल रूप से कोलकाता के रहने वाले हैं, अपने 3 साल के मासूम बेटे और केयरटेकर के साथ दिल्ली एयरपोर्ट से जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही सुबह फ्लाइट लैंड हुई और पीड़ित वकील अपना हैंड लगेज निकालने लगे, तभी पीछे से आए एक शख्स ने उन्हें जोर से धक्का दे दिया। जब पीड़ित ने शालीनता से कहा कि उनके साथ 3 साल का बच्चा है और कृपया धक्का न दें, तो आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी।

***शरीर पर आई गंभीर चोटें***- इस मामले में अधिवक्ता सुहान मुखर्जी ने खमरिया थाना पहुंच कर शिकायत दी, जिसमें उन्होंने ने बताया कि आरोपी योगेश बंसल ने न सिर्फ मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं, बल्कि गंदी-गंदी गालियां देना शुरू कर दिया। विवाद यहीं नहीं थमा, आरोपी योगेश बंसल ने आवेश में आकर पीड़ित सुहान को हाथ-मुक्कों से पीटना और धकेलना शुरू कर दिया और उन्हें घसीटते हुए एयरक्राफ्ट के सामने वाले गेट तक ले गया। फ्लाइट स्टाफ के सामने भी आरोपी लगातार जोर-जोर से चिल्लाकर जान से मारने की धमकी देता रहा। बताया जा रहा है कि इस मारपीट के कारण पीड़ित वकील के सिर के पिछले हिस्से, गर्दन, कंधे और पीठ में गंभीर अंदरूनी चोटें आई हैं। घटना के वक्त पीड़ित का बैग भी वहीं छूट गया था, जिसे बाद में इंडिगो के स्टाफ ने लाकर सौंपा। फ्लाइट स्टाफ इस पूरी घटना का चश्मदीद गवाह है।

***खड़े हुए गंभीर सवाल***- सुहान मुखर्जी की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए शासकीय सिविल अस्पताल रांझी में उनका मुलाहिजा कराया। वहीं पीड़ित एडवोकेट की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी योगेश बंसल के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इस घटना ने एक बार फिर उड़ानों के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और हवाई सफर में बढ़ते मामलों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# ग्रीन स्कूल अभियानः हरित भविष्य की ओर एक सार्थक पहल

ग्रीन स्कूल अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों को स्वच्छ, हरित तथा पर्यावरण-अनुकूल बनाना है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। ऐसे में विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## पौधारोपण और हरित वातावरण

इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को पेड़-पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाता है। विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाता है, जिससे वातावरण स्वच्छ और हराभरा बनता है। पेड़-पौधे वायु को शुद्ध करने तथा प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जल एवं ऊर्जा संरक्षण

ग्रीन स्कूल अभियान का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य जल और ऊर्जा की बचत को बढ़ावा देना है। विद्यार्थियों को पानी का महत्व समझाया जाता है तथा जल की बर्बादी रोकने के लिए प्रेरित किया जाता है। वर्षा जल संचयन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है। साथ ही बिजली की बचत के लिए अनावश्यक रूप से जलती लाइटों और पंखों को बंद रखने की आदत विकसित की जाती है।




## प्लास्टिक मुक्त विद्यालय

इस अभियान के तहत प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर विशेष बल दिया जाता है। विद्यार्थियों को कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करने तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक से बचने के लिए प्रेरित किया जाता है। इससे पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलती है।

## स्वच्छता और पुनर्चक्रण का महत्व

स्वच्छता ग्रीन स्कूल अभियान की आधारशिला है। विद्यालय परिसर, कक्षाओं और खेल मैदानों को स्वच्छ रखने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण तथा पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) के महत्व के बारे में जानकारी दी जाती है, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है।

## समाज पर सकारात्मक प्रभाव

ग्रीन स्कूल अभियान केवल विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव समाज तक भी पहुँचता है। विद्यार्थी अपने परिवार और समुदाय को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। इससे पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण होता है।



सना परवीन
शिक्षक
आदर्श
हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी, गोविंदगंज, जबलपुर

### छोटे कदम, बड़ा बदलाव

# पर्यावरण के सच्चे प्रहरी बनें विद्यार्थी

**पर्यावरण केवल पेड़-पौधों, नदियों और पहाड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार है। स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी और संतुलित जलवायु के बिना स्वस्थ जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन जैसी चुनौतियाँ पूरी दुनिया के सामने हैं।**



ऐसे समय में विद्यार्थियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। वे न केवल स्वयं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बन सकते हैं, बल्कि अपने परिवार, विद्यालय और समाज को भी जागरूक कर हरित भविष्य की मजबूत नींव रख सकते हैं।

## पर्यावरण शिक्षा को व्यवहार में उतारें

विद्यालय में पर्यावरण से जुड़े विषय पढ़ना तभी सार्थक है, जब विद्यार्थी उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाएँ। बिजली और पानी की बचत, कूड़ा सही स्थान पर डालना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार छोटे लेकिन प्रभावी कदम हैं।

## पौधारोपण और वृक्षों की देखभाल करें

पेड़ लगाना जितना जरूरी है, उससे अधिक महत्वपूर्ण उनकी नियमित देखभाल करना है। प्रत्येक विद्यार्थी यदि वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले, तो हरियाली बढ़ाने में बड़ा योगदान दे सकता है।

## प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें

एकल-उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। विद्यार्थी कपड़े या जूट के बैग, स्टील की पानी की बोतल और पुनरू उपयोग योग्य वस्तुओं का प्रयोग करके प्लास्टिक प्रदूषण कम कर सकते हैं।

## जल संरक्षण को आदत बनाएं

अनावश्यक रूप से नल खुला न छोड़ना, वर्षा जल संचयन के बारे में जानकारी प्राप्त करना और दूसरों को भी पानी बचाने के लिए प्रेरित करना विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## ऊर्जा की बचत करें

कमरे से निकलते समय पंखे, लाइट और अन्य विद्युत उपकरण बंद करना न केवल बिजली बचाता है, बल्कि ऊर्जा उत्पादन से होने वाले प्रदूषण को भी कम करता है।

## कचरे का सही प्रबंधन सीखें

गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखना, पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं का सही उपयोग करना तथा विद्यालय में स्वच्छता बनाए रखना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## जैव विविधता की रक्षा करें

पक्षियों, तितलियों, मधुमक्खियों और अन्य जीव-जंतुओं का संरक्षण भी पर्यावरण संरक्षण का हिस्सा है। इनके प्राकृतिक आवासों को नुकसान पहुँचाने से बचना और इनके महत्व को समझना आवश्यक है।




# ग्लोबल वार्मिंगः उबल रही है धरती, क्या है समाधान

क्या आपने महसूस किया है कि हर साल गर्मी पहले से ज्यादा पड़ने लगी है? कहीं भीषण लू चल रही है, कहीं अचानक भारी बारिश हो रही है, तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ रहा है। ये बदलाव केवल मौसम की सामान्य घटनाएँ नहीं हैं, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का असर भी हो सकते हैं। यह आज पूरी दुनिया के सामने एक बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बन चुकी है। इसे समझना और इससे बचाव के उपाय अपनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## क्या है ग्लोबल वार्मिंग ?

जब पृथ्वी का औसत तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है, तो उसे ग्लोबल वार्मिंग कहा जाता है। इसका मुख्य कारण वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती मात्रा है। ये गैसें सूर्य की गर्मी को पृथ्वी के वातावरण में रोक लेती हैं, जिससे धरती पहले की तुलना में अधिक गर्म होने लगती है।

## ग्लोबल वार्मिंग के कारण

कोयला, पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों का अधिक उपयोग, जंगलों की कटाई, कारखानों और वाहनों से निकलने वाला धुआँ तथा प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग इसके प्रमुख कारण हैं। पेड़ों की संख्या कम होने से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ती जाती है और तापमान लगातार बढ़ने लगता है।



## क्या है समाधान ?

अधिक से अधिक पेड़ लगाना, बिजली और पानी की बचत करना, सौर और पवन ऊर्जा जैसी स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना तथा प्लास्टिक का कम प्रयोग करना इसके प्रभाव को कम करने के महत्वपूर्ण उपाय हैं। साथ ही, सार्वजनिक परिवहन और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना भी कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद करता है।

## ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव

ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है और मौसम का संतुलन बिगड़ रहा है। कई स्थानों पर बाढ़, सूखा और भीषण गर्मी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। इसका असर खेती, पशु-पक्षियों और मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है।

# बारिश के बाद मिट्टी से क्यों आती है मनमोहक खुशबू ?



पहली बारिश की फुहार पड़ते ही मिट्टी से उठने वाली सोंधी खुशबू लगभग हर किसी को पसंद आती है। यह सुगंध हमें सुकून और ताजगी का एहसास कराती है। मिट्टी की यह सोंधी खुशबू केवल आनंद ही नहीं देती, बल्कि यह संकेत भी होती है कि वर्षा शुरू हो गई है और प्रकृति फिर से जीवंत हो रही है।
लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यह खुशबू आखिर आती कहाँ से है? क्या मिट्टी में कोई प्राकृतिक इत्र छिपा होता है? इसका जवाब विज्ञान में छिपा है। आइए जानते हैं इस अनोखी प्राकृतिक खुशबू का रहस्य।

## पेट्रिकोर है मिट्टी की खुशबू का नाम

बारिश के बाद मिट्टी से आने वाली इस खास सुगंध को पेट्रिकोर कहा जाता है। यह शब्द 1964 में दो ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने दिया था। इसका अर्थ है, बारिश के बाद चट्टानों और मिट्टी से निकलने वाली प्राकृतिक सुगंध।

कैसे बनती है यह खुशबू ?

लंबे समय तक सूखे मौसम में मिट्टी में रहने वाले कुछ सूक्ष्म जीव (बैक्टीरिया), विशेष रूप से एक्टिनोमाइसीट्स, एक प्राकृतिक पदार्थ बनाते हैं जिसे जिओस्मिन कहते हैं। जब बारिश की बूंदें मिट्टी पर गिरती हैं, तो यह जिओस्मिन हवा में फैल जाता है और हमें सोंधी खुशबू महसूस होती है।

## पौधों की भी होती है भूमिका

सूखे मौसम में कई पौधे अपनी जड़ों और पत्तियों से प्राकृतिक तेल छोड़ते हैं। ये तेल मिट्टी और चट्टानों पर जमा हो जाते हैं। पहली बारिश के दौरान ये भी हवा में घुलकर मिट्टी की खुशबू को और अधिक मनमोहक बना देते हैं।

## पहली बारिश में खुशबू अधिक क्यों आती है?

कई दिनों तक बारिश न होने के कारण मिट्टी में जिओस्मिन और पौधों के प्राकृतिक तेल जमा होते रहते हैं। पहली बारिश इन सभी को एक साथ हवा में फैला देती है, इसलिए उस समय खुशबू सबसे अधिक महसूस होती है।

# राष्ट्रपति भवनः 340 कमरों वाला भारत का गौरव

क्या आपने कभी सोचा है कि भारत के राष्ट्रपति कहाँ रहते हैं? उनका घर केवल एक भवन नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक परंपरा, भव्य वास्तुकला और समृद्ध इतिहास का प्रतीक है। राष्ट्रपति भवन दुनिया के सबसे बड़े और सबसे शानदार राष्ट्रपति आवासों में गिना जाता है। इसकी विशाल इमारत, सुंदर उद्यान और ऐतिहासिक महत्व इसे भारत की पहचान बनाते हैं। राष्ट्रपति भवन हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है और हमें अपने संविधान तथा राष्ट्रीय संस्थाओं के प्रति सम्मान का संदेश देता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को राष्ट्रपति भवन के इतिहास, महत्व और विशेषताओं के बारे में अवश्य जानना चाहिए।



***राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास***- राष्ट्रपति भवन भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास और कार्यस्थल है। यह नई दिल्ली के रायसीना हिल पर स्थित है और देश के प्रमुख राष्ट्रीय स्थलों में से एक है। इसका निर्माण वर्ष 1912 में शुरू हुआ और 1929 में पूरा हुआ। इसे बनने में लगभग 17 वर्ष लगे। पहले इसे वायसराय हाउस कहा जाता था। स्वतंत्रता के बाद 1950 में इसका नाम राष्ट्रपति भवन रखा गया।

## कौन हैं इसके वास्तुकार ?

इस भव्य भवन का डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस ने तैयार किया था। इसकी वास्तुकला में भारतीय और यूरोपीय शैली का सुंदर मेल देखने को मिलता है। राष्ट्रपति भवन में 340 से अधिक कमरे हैं। इसमें राष्ट्रपति का निवास, कार्यालय, अतिथि कक्ष, सभागार, पुस्तकालय और कई महत्वपूर्ण कार्यालय शामिल हैं। यह लगभग 330 एकड़ परिसर में फैला हुआ है।

## अमृत उद्यान की खासियत

राष्ट्रपति भवन का प्रसिद्ध उद्यान पहले मुगल गार्डन कहलाता था, जिसे अब अमृत उद्यान कहा जाता है। यहाँ हजारों प्रकार के फूल, दुर्लभ पौधे और सुंदर फव्वारे हैं। हर वर्ष सीमित समय के लिए इस अमृत उद्यान को आम जनता के लिए खोला जाता है।

## राष्ट्रपति भवन में क्या-क्या होता है?

इसी भवन परिसर में भारत के राष्ट्रपति विदेशी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हैं, महत्वपूर्ण बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। तमाम राष्ट्रीय पुरस्कार इसी भवन से प्रदान किया जाता है। कई संवैधानिक कार्य संपन्न होने के साथ ही देश के अनेक ऐतिहासिक समारोह भी यहीं आयोजित होते हैं।

# पर्यावरण की पहेलियाँ

1. हरा-भरा मैं सबको भाऊँ,
साँसों का मैं आधार कहलाऊँ।
फल, छाया और ऑक्सीजन दूँ,
बताओ मैं कौन हूँ?
**उत्तर - पेड़**

2. न रंग मेरा, न कोई स्वाद,
जीवन का हूँ सबसे बड़ा प्रसाद।
मेरे बिना सब हो जाएँ बेहाल,
बताओ मेरा क्या है नाम?
**उत्तर - पानी**

3. मैं न दिखती, फिर भी हूँ पास,
मेरे बिना न चले किसी की साँस।
शुद्ध रहूँ तो जीवन संवारूँ,
गंदी हो जाऊँ तो रोग बढ़ाऊँ।
**उत्तर - हवा**

4. सुबह-सुबह मैं सबसे पहले आऊँ,पूरी दुनिया को रोशनी पहुँचाऊँ। ऊर्जा का हूँ सबसे बड़ा स्रोत, बताओ मेरा क्या है नाम?
**उत्तर - सूर्य**

5. काले बादल जब मैं लाऊँ,
सूखी धरती की प्यास बुझाऊँ।
खेत-खलिहान सभी मुस्काएँ,
बताओ मैं कौन कहलाऊँ?
**उत्तर - वर्षा (बारिश)**

6. धरती की मैं हरी चादर,
रखती हूँ मौसम को सुंदर।
कट जाऊँ तो संकट आए,
बताओ मेरा नाम बताइए।
**उत्तर - जंगल**

7. रंग-बिरंगे फूलों पर जाऊँ,
मीठा रस मैं रोज़ चुराऊँ।
फ़सलों का भी काम बनाऊँ,
बताओ मैं कौन कहलाऊँ?
**उत्तर - मधुमक्खी**

8. मैं हूँ कूड़े का सही ठिकाना, मुझे अपनाना है समझदारी का काम। सड़क पर फेंकोगे यदि कचरा, बिगड़ जाएगा सारा जहाँ।
**उत्तर - कूड़ेदान**

9. मुझे लगाओ, मुझे बचाओ,
धरती को फिर हरा बनाओ।
जीवन का मैं हूँ सम्मान,
बताओ मेरा क्या है नाम?
**उत्तर - पौधा**

10. मैं न धुआँ, न कोई शोर,
सूरज से मिलती मुझको डोर।
बिजली बनाकर काम कराऊँ,
भविष्य की ऊर्जा कहलाऊँ।
**उत्तर - सौर ऊर्जा**




# नीरीः पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत का अग्रणी वैज्ञानिक संस्थान

तेजी से बढ़ते प्रदूषण, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच ऐसे संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, जो वैज्ञानिक शोध के माध्यम से समाधान खोजें। राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान ऐसा ही भारत का एक प्रमुख संस्थान है। यह जल, वायु, मिट्टी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े विषयों पर शोध करता है तथा सरकार और उद्योगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सलाह भी देता है। इसकी स्थापना 1958 में केंद्रीय लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान यानि सेंट्रल पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग रिसर्च के रूप में हुई थी। वर्ष 1974 में इसका नाम बदलकर राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान यानि नीरी कर दिया गया। इसका मुख्यालय नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित है। इसके अलावा देश के कई शहरों में इसके क्षेत्रीय केंद्र भी हैं, जहाँ स्थानीय पर्यावरणीय समस्याओं पर शोध और तकनीकी कार्य किए जाते हैं। यह संस्थान वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अधीन कार्य करता है। यह भारत के सबसे बड़े वैज्ञानिक अनुसंधान संगठनों में से एक है।

# जांच में पाया बगैर डिस्मेंटल का ही आंगनबाड़ी भवन तोड़ा!

## जांच प्रतिवेदन के बाद होंगी ग्राम पंचायत केसलेवाड़ा सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक पर कार्यवाही?

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिला प्रशासन के द्वारा जर्जर व 30 से 35 वर्ष पुराने शासकिय स्कूल, आंगनबाड़ी भवनों को नविन स्वरूप प्रदान करने के लिए पुलिस प्रशासन व जिला प्रशासन ने गत कुछ माह में ढाई सौ से अधिक भवनों का जीर्णोद्धार कर भवनों का कायाकल्प ही बदल दिया हैं जिसकी चर्चा जिले से लेकर प्रदेश तक हो रहीं हैं और वहीं एक पंचायत के सरपंच ने आंगनबाड़ी का कायाकल्प बदलने के बजाए उसे ध्वस्त ही कर दिया, जो एक गंभीर मामला हैं। सरपंच का तानाशाही रवैया तब सामने आया जब स्वतंत्रमत अखबार ने पिछले अंक में शासकिय भवन को ध्वस्त करने की खबर को प्रकाशन कर जनपद सीईओं, जिला पंचायत सीईओं व जिला प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था। उसी की जांच करने के लिए जनपद पंचायत की एडीईओं अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया गया हैं वहीं पाया गया हैं कि फिलहाल कोई भी तोड़ने के सही दस्तावेज नहीं पाए गए हैं।

जानकारी अनुसार, जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत केसलेवाड़ा में एक



स्वतंत्र मत

बगैर डिस्मेंटल के तोड़ दिया गया आंगनबाड़ी भवन



शासकिय आंगनबाड़ी भवन निर्माण के महज 17 साल में ही पंचायत ने मनमानी करते हुए तोड़ दिया हैं, जिसका खामीयाजा आज आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले नौनिहाल मासूम बच्चे किराय के कमरे में बैठने को मजबूर हैं, यहीं नहीं महिला बाल विकास विभाग को प्रति माह अब सरपंच की तानाशाही रवैया के चलते किराये की राशि शासन मद से देना पड़ रहा हैं। जो करीब एक साल से किराए के कमरे में केसलेवाड़ा आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 01 लग रहीं हैं।

### लापरवाही पड़ न जाए भारी

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत केसलेवाडा में वर्ष 2008-09 में शासकीय आंगनवाड़ी क्रमांक 1 का भवन लाखों रुपए से शासन ने निर्मित किया था। आंगनबाड़ी भवन को महज 17 साल ही हुए थे, जिसका जीर्णोद्धार किया जा सकता था, लेकिन वहीं वर्ष 2026 में 36 लाख रुपए से नए नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई जिसे निर्माण के लिए सरपंच राधेलाल मते, सचिव साधना नगपुरे, रोजगार सहायक संतोष बम्बुरे ने शासकिए नियमों को ताक पर रखते हुए या कहें तानाशाही रवैया अपनाते हुए महज 17 वर्ष पुरानीं आंगनवाड़ी भवन को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। सवाल यह है कि आखिर शासन 40 वर्षों तक शासकीय भवन की मजबूती दर्शाई जाती है तो फिर कैसे 17 साल के नवनिर्मित भवन को तोड़ दिया गया क्या तोड़ने के पहले डिस्मेंटल का पंचायत में आर्डर है या नहीं यह भी एक बड़ा सवाल हैं।

### सरपंच, सचिव ने दि सफाई

जनपद पंचायत बालाघाट की अधिकारी एडीईओं को जांच सौपी गई थीं, जिसमें 24 जून को जांच के लिए केसलेवाड़ा पहुंची और उन्होने मौका स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया, साथ ही आंगनबाड़ी भवन को तोड़ने के संबंध में पंचायत से दस्तावेज भी मांगा गया। जांच अधिकारी ने चर्चा के दौरान बताया कि सरपंच व सचिव ने अपना बयान दिया हैं उन्होने कहा है कि आंगनबाड़ी भवन को तोड़ने के लिए आवेदन किए हैं, आदेश नहीं मिला आदेश को लेट हो रहा था और हमें नविन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण करना था इसलिए उसे तोड़ दिया गया हैं। उन्होने यह भी कहां हैं कि दस्तावेज उपलब्ध होते ही जांच प्रतिवेदन जल्द ही बना देगें, आगे की कार्यवाही सबंधित उच्च अधिकारियों के द्वारा की जायेगी।

### हो सकती हैं बड़ी कार्यवाही

इससे यहीं साबित होता हैं कि जांच टिम को आंगनबाड़ी भवन तोड़ने के कोई भी वैद्य दस्तावेज नहीं मिले हैं। अब देखना होंगा कि आखिर जांच प्रतिवेदन में सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को बचाने का प्रयास किया जाता हैं या फिर सही जांच रिपोर्ट पेश कर पंचायत कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही की जाती हैं। वैसे तो बिना विधिवत डिमेंटलिंग (विघटन) प्रक्रिया अपनाए किसी भी शासकीय भवन को तोड़ना या क्षतिग्रस्त करना एक गंभीर अपराध हैं। ऐसे करने पर सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक पर प्राथमिकी एफआईआर दर्ज भी हो सकती हैं और सरपंच पर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के लिए पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 की कार्यवाही कर पद से प्रथककरण की भी हो सकती हैं। वैसे भी उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की संपत्ति को बिना उचित कानूनी प्रक्रिया, पूर्व सूचना और सुनवाई के नहीं तोड़ा जा सकता हैं। फिलहाल, अब निगाहे जांच प्रतिवेदन पर टिकी हुई हैं।

# किसानों की खुशहाली भाजपा सरकार की प्राथमिकता

**रीवा।** किसानों की खुशहाली भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता है और सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक गिरीश गौतम ने कहा कि आज हमारा देश आत्म निर्भर भारत है और विश्व में एक उभरती हुई महाशक्ति बन गया है और हम आज ज्यादातर देशों को अनाज निर्यात करते हैं और हमारी अर्थव्यवस्था तेजी के साथ आगे बढ़ रही है । गिरीश गौतम ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता देखकर देश की सभी विपक्षी पार्टियां परेशान हैं तथा प्रदेश और केन्द्र की सरकार पर गलत आरोप लगाते है आज देश की जनता का कांग्रेस पार्टी से मोह भंगा हो गया है और आने वाले सभी चुनावों में भाजपा विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि आज पांच लाख रुपए तक की दवाई आयुष्मान योजना में मुफ्त में कराई जा रही है जिससे हर गरीब परिवार की सरकारी अस्पतालों से लेकर प्रायवेट अस्पतालों में भी दवाई सरकार द्वारा कराई जाती है आज हर जगह विकास कार्य कराए जा रहे हैं स्कूलों के भवन आंगनवाड़ी केन्द्र और सीएमराइज सहित महाविद्यालय भी लगातार सरकार द्वारा बनवाए गए जिससे छात्रों और छात्राओं को स्थानीय स्तर पर ही विद्याध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।



विधायक गिरीश गौतम ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में तेजी के साथ विकास किया जा रहा है आज गांव गांव सड़कें बनवाई गई है जिससे गांवों का विकास हो रहा है और गावों के विकास पर ही प्रदेश और देश का विकास होता है हमारे देश की आधे से अधिक आबादी गांवों में निवास करती हैं और भाजपा की सरकार प्रदेश और देश की प्रधानमंत्री मोदी की सरकार बनने के बाद सबसे ज्यादा गांवों का विकास किया गया आज गांवों में प्रधानमंत्री सड़कों का जाल बिछाया गया है सभी प्रमुख सड़कों से गांवों के लिए प्रधानमंत्री सड़कें बनाई गई हैं। देवतालाब विधानसभा क्षेत्र में सभी विकास के काम कराए गए हैं और शेष जो काम बचें हैं उन्हें कराने का प्रयास किया जा रहा है नईगढ़ी देवतालाब मनिकवार पुरवा रघुनाथगंज फुलहा खैरा सहित सभी जगह विकास कार्य कराए गए हैं जिससे कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल परेशान हैं और आने वाले समय में जनता एक बार पुनः लगातार छठवीं बार? मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए तैयार है।

# 4 दुकानों को बनाया निशाना, बाइक भी ले उड़े चोर

### 1 दुकान में चोरी, 3 में असफल प्रयास, पार्षद प्रतिनिधि की बाइक चोरी

कटंगी (स्वतंत्र मत)।

कटंगी थाना परिसर से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित गुजरी और गंज चौक में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। 3 अज्ञात नकाबपोश चोरों ने महज 40 मिनट के भीतर 4 दुकानों के ताले-शटर तोड़े और एक बाइक चोरी कर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात से नगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। चोरी की घटनाएं सीसीटीवी में कैद हुई हैं, लेकिन मुंह पर कपड़ा बांधे होने से चोरों की पहचान नहीं हो पा रही। घटना बुधवार-गुरुवार की रात 1 बजकर 22 मिनट से 2 बजे के बीच की है। चोरों ने गुजरी चौक स्थित अग्रवाल किराना स्टोर्स का शटर तोड़ने का प्रयास किया। लोहे की सरिया से ही शटर उचकाने की कोशिश की गई, लेकिन सफल नहीं हुए। चोर वहीं सरिया छोड़कर भागे। इसके पूर्व चोरों ने ताज बेकरी और इमरान किराना स्टोर्स के शटर तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, मगर दोनों जगह चोरी करने में नाकाम रहे। गायत्री वस्त्र भंडार में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। दुकान का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी व कुछ कीमती कपड़े ले गए। चोरों ने गंज चौक से ही पार्षद प्रतिनिधि खेमू कोचर की बजाज सीटी 100 बाइक क्रमांक एमएच 34 टी 9042




भी पार कर दी। बाइक घर के सामने खड़ी थी। एक ही रात में 4 दुकानों और एक वाहन को निशाना बनाए जाने से शहरी क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

गुरुवार सुबह जब दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें खोलने पहुंचे तो शटर टूटे देख उनके होश उड़ गए। अग्रवाल किराना स्टोर्स के संचालक ने बताया, सुबह 8 बजे दुकान खोली तो शटर उचका हुआ था। अंदर एक सरिया पड़ी थी। तुरंत पुलिस को सूचना दी। ताज बेकरी के मालिक ने बताया कि उनके दुकान का शटर भी तोड़ने की कोशिश हुई। उनकी दुकान में लगे सीसीटीवी में अज्ञात चोर कैद हुए है। फुटेज में 3 युवक रात 1 बजकर 22 मिनट पर गुजरी चौक पर आते दिख रहे हैं। तीनों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा है। पुलिस अब नगर के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों के आने-जाने का रूट पता चल सके।

# आकाशीय बिजली की दो घटना में चार की मौत, आठ घायल

### भिमोड़ी, कोमो और बम्हनी में आकाशीय बिजली की घटना

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के बैहर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हुई और आकाशीय बिजली गिरने की तीन अगल-अगल घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई, आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो को जिला अस्पताल रिफर किया गया हैं वहीं छह का बैहर अस्पताल में उपचार जारी हैं।

पहली घटना बैहर तहसील के ग्राम भिमोड़ी के समीप ही जंगल के किनारे तालाब में 14 लोग करीब मछलियां पकडने व नहाने गए थे, तभी तकरीबन 2 बजे के बाद तेज आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू हुई कुछ लोग वॉच टॉवर में चले गए तथा कुछ लोग पास ही फारेस्ट





द्वारा बनाये गए केम्प में चले गए, वहीं चार युवक वॉच टॉवर के सेकेंड फ्लोर पर चड़ गए, जैसे ही समीप के पेड़ पर बिजली गिरी वॉच टॉवर में ऊपर चड़े युवक बुरी तरह झुलस गए, जिनमें बिरवा निवासी सतीश वलके (19 वर्ष) तथा लक्की मेरावी (18 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई, जबकि भमोड़ी निवासी 32 वर्षीय झामसिंह ताराम ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक बुरी तरह झुलस गया, जबकि वॉच टॉवर के अंदर के घायलों में रायसिंह पन्द्रे उम्र 52 वर्ष, देवलाल टेकाम उम्र 50 वर्ष, महेश तेकाम, उम्र 35 वर्ष तिनों अतरिया निवासी और भमोड़ी निवासी कचरी बाई ताराम 50 वर्षीय, भिमोड़ी निवासी देवसिंह ताराम, उम्र 50 वर्ष सभी लोग घायल हो गए। वहीं यह भी बताया जा रहा है कि पास के ही केम्प में ठहरे लोग सुरक्षित बच गए।

सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने एम्बुलेन्स की मदद से तत्काल घायलों को अस्पताल पहुँचाया, हालांकि छः में से दो की स्थिति नाजुक होने के कारण उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया गया, जबकि चार अन्य घायलों का बैहर अस्पताल में इलाज जारी हैं।

इस पूरे मामले पर बैहर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोल्हे ने बताया कि डायल 100 पर आकाशीय बिजली से झुलस जाने की सूचना मिली थीं, मौके पर पहुँच कर घायलों को तत्काल बैहर अस्पताल पहुँचाया गया, जिनमे से दो गम्भीर घायलों को जिलाचिकित्सालय बालाघाट भेज गया है। तीन युवकों की मौत हुई है, जिनका पीएम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा, मर्ग कायम कर विवेचना जारी हैं।

दूसरी घटना बैहर तहसील के गढ़ी थाना के कोमो की हैं। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक महिला की मृत्यु हो गई। मृतिका का नाम ग्राम पंचायत खुर्सीपार के ग्राम कोमो में रहने वाली 39 वर्षीय चन्द्रावती पति कैलाश पुसाम की मौत हो गई, महिला ग्राम नुंकाटोला की रहने वाली थी, गढ़ी पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिये भेज दिया है, वही मर्ग कायम अग्रिम कार्यवाही जारी हैं।

तिसरी घटना बैहर थानांतर्गत ग्राम बम्हनी के बंदरियाटोला की हैं, जहां एक वृद्ध महिला कौशल्या बाई पति झनकलाल मेरावी उम्र 70 वर्ष और नातन शालिनी उर्फ मोनू उम्र 13 वर्ष घर पर ही थे कि दोपहर में बारिश के साथ घर पर आकाशीय बिजली गिरने से वह दोनों झूलस गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एम्बुलेंस से बैहर अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं जहां दोनों दादी व नातन का उपचार जारी हैं।

## शादी का झांसा, प्रेम संबंध और गर्भवती होने के बाद मुकरा युवक, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के पाली थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने गांव के ही युवक पर शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और बाद में शादी से इंकार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय युवती ने थाना पाली पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि वर्ष 2025 में जब वह स्कूल में पढ़ाई कर रही थी, उसी दौरान उसकी पहचान ग्राम अमिलिहा निवासी एक युवक से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच मोबाइल फोन के माध्यम से बातचीत शुरू हुई और प्रेम संबंध बन गए। शिकायत में युवती ने आरोप लगाया है कि 26 अक्टूबर 2025 की रात आरोपी ने उसे फोन कर गांव के पास नदी किनारे मिलने बुलाया। वहां उसने शादी करने का वादा किया और युवती के विरोध के बावजूद उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि इसके बाद भी आरोपी कई बार शादी का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को जब उसके परिजन गांव में आयोजित एक शादी समारोह में गए हुए थे, तब आरोपी देर रात उसके घर पहुंचा और शादी करने की बात कहकर फिर से जबरन दुष्कर्म किया। युवती के अनुसार उस समय वह नाबालिग थी, इसके बावजूद आरोपी ने उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए।मामले का खुलासा तब हुआ जब युवती की तबीयत बिगड़ने पर 2 जून 2026 को उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल शहडोल ले जाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने उसे गर्भवती होने की जानकारी दी। इसके बाद युवती ने आरोपी को फोन कर गर्भवती होने की बात बताई, लेकिन आरोप है कि युवक ने उससे गाली-गलौज की और शादी करने से साफ इंकार कर दिया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी यह जानता था कि वह नाबालिग है, इसके बावजूद उसने शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया।

## बंदर को बचाने की कोशिश में 9 माह के मासूम समेत तीन घायल

**उमरिया (स्वतंत्र मत)।** गुरुवार 25 जून को दोपहर शहपुरा से उमरिया आ रहा एक परिवार सड़क पर अचानक आए बंदर को बचाने की कोशिश में गंभीर हादसे का शिकार हो गया।दुर्घटना में बाइक सवार बृजकिशोर यादव और उनका पुत्र आशु यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि महिला को अपेक्षाकृत कम चोटें आई है। जानकारी के अनुसार परिवार शहपुरा से उमरिया की ओर आ रहा था।इसी दौरान तमन्नारा-अतरिया के बीच अचानक एक बंदर बाइक के सामने आ गया, उसे बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरी। हादसा इतना अचानक हुआ कि बाइक सवार परिवार संभलने का मौका भी नहीं पा सका। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी।

# पाली में 2 छात्रावासों का विधायक मीना सिंह ने किया लोकार्पण

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

गुरुवार 25 जून को नगर पालिका पाली में दो बालिका छात्रावास भवनों के लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह के कर कमलों से लगभग आठ करोड़ की लागत से बने एससी और एसटी के पचास-पचास सीटर भवनों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नगर के एवं आस पास से ग्रामों से आए हुए सभी अतिथि जन उपस्थित रहे। जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत 50 सीटर एस.सी. बालिका छात्रावास पाली, ब्लाक-पाली का



निर्माण, लागत 420.50 लाख... 50 सीटर एसटी बालिका छात्रावास जिसका निर्माण लागत 385.03 लाख है, निर्माण एजेंसी पीआईयू का लोकार्पण मान. सुश्री मीना सिंह जी. विधानसभा क्षेत्र मानपुर 90 एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन, श्रीमती अनूजा पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत उमरिया के साथ सुश्री शकुन्तला प्रधान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पानी, जिला-उमरिया के कर कमलो द्वारा दिनांक 25.06.206 दिन गुरुवार को संपन्न हुआ।

### बस की ठोकर से एक की मौत, एक गम्भीर

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** डिंडौरी से मैहर जा रहे बाइक सवार शहपुरा मार्ग स्थित मनु ढावा के करीब सड़क हादसे का शिकार हो गये । हादसा इतना जबरदस्त रहा है कि डिंडौरी निवासी ओम तिवारी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई,वही दूसरा बाइक सवार शिवम पांडेय इस हादसे में गम्भीर बताया जा रहा है।शुक्रवार की दोपहर 03 बजे हुए इस हादसे के बाद 108 की मदद से घायल शिवम को जिला अस्पताल लाया गया है।जहाँ फिलहाल घायल इलाजरत है।हादसे के बाद से ही इस घटना में गम्भीर शिवम पांडेय कुछ भी साफ साफ बता नही पा रहा है,हालांकि उसने इतना जरूर बताया है कि मार्ग से गुजर रही किसी अनियंत्रित बस की ठोकर से हादसा कारित हुआ है।

## पाली के जंगल मे चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने बोला धावा, 72 हजार और पांच बाइकें जब्त, 6 जुआरी दबोचे

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के पाली थाना पुलिस ने जुए के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एकलव्य स्कूल के पीछे जंगल में संचालित हो रही जुआ फड़ पर दबिश देकर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 72 हजार 350 रुपये नकद, ताश के 52 पत्ते तथा पांच दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत 2 लाख 92 हजार 350 रुपये बताई गई है। जानकारी के अनुसार थाना पाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एकलव्य स्कूल के पीछे घने जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने दो स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान कुछ लोग मौके से भागने में सफल रहे, जबकि छह जुआरियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में रमेश अग्रवाल (71), यशवंत सिंह (50), विकास ठारवानी (42), प्रकाश उर्फ जिम्मी सीतपाल (36), रूपनारायण कोल (45) तथा विजय जायसवाल (50) शामिल हैं। सभी आरोपी पाली क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान पुलिस को जुआ फड़ और आरोपियों के कब्जे से कुल 72,350 रुपये नकद तथा ताश के 52 पत्ते मिले। वहीं मौके पर खड़ी पांच मोटरसाइकिल और स्कूटी भी जब्त की गई। पुलिस ने समस्त मशरूका को गवाहों की उपस्थिति में जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा तथा नकदी को मालखाने में जमा कराया।

# इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र और संविधान की हत्या की : आशुतोष

## इंदिरा के आपातकाल के विरोध में भाजपा ने निकाली मौन रैली

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा लगाए गए आपातकाल के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 25 जून को कांग्रेस के आपातकाल को काला अध्याय के रूप में मनाया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय जय स्तंभ से मौन जुलूस निकालकर गांधी चौक तक पैदल मौन रैली निकाली। मौन रैली समापन के बाद पार्टी के नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। गांधी चौक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को भारत की तात्कालिक प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के द्वारा देश में आपातकालीन लाया गया और पूरे देश में एक इमरजेंसी लगा दी गई। उन्होंने कहा कि आप सबको विदित है कि इंदिरा गांधी ने संविधान प्रक्रिया को ताक पर रखकर देश के ऊपर आपातकाल लगाकर देश के ऊपर एक जुल्म किया गया। इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता की लालच लिए देश को पीछे धकेल दिया। जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के द्वारा आज 25 जून को लोकतंत्र के काला दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के द्वारा आपातकाल लगाया गया था, उसी के खिलाफ भारतीय



जनता पार्टी इसे काला अध्याय के रूप में मना रही है। निश्चित रूप से आज का यह दिन देश की आने वाली पीढ़ी को बताना बहुत आवश्यक है। 1975 के दौरान तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने लोकतंत्र का गला घोटकर देश पर एक बड़ा संकट खड़ा कर दिया था। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ी और बेईमानी करके चुनाव जीती। जिसके विरुद्ध राज नारायण सिंह ने हाईकोर्ट गए और हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला दिया। इसके बाद इंदिरा जी इतनी अधिक नाराज हुई और उन्होंने संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए देश में आपातकाल लगा दिया।

विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओ सहित पूरे मीडिया पर रोक लगा दी गई और नेताओं को एक साथ जेल में डाल दिया गया। आज कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की बात करती हैं जबकि इन्होंने ही हमेशा लोकतंत्र और संविधान को नीचा दिखाया है। इमरजेंसी के दौरान हालत इतनी भयानक रहे हैं कि पुलिस किसी को भी कभी भी गिरफ्तार कर लेती ,किसी के घर में घुस जाए कोई रोक-टोक नहीं थी। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज कांग्रेसी नेता संविधान लेकर घूम रहे हैं और कहते फिर रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संविधान की हत्या कर रहे हैं जबकि हमेशा कांग्रेसी नेताओं ने ही संविधान और लोकतंत्र का मजाक उड़ाया और अपमान किया है।

आज हम सब इसलिए एकत्रित हुए हैं कि कांग्रेस के कई करना में आम जनता और नई पीढ़ी तक पहुंचाएं जिससे कांग्रेसियों का असली चेहरा उजागर हो सके।

## पेड़ पर लटका मिला शव

**मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)।** जिले के निवास थाना क्षेत्र में एक लापता अधेड़ का शव महुआ के पेड़ पर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह घटना मंडला-निवास मार्ग पर स्थित ग्राम करौंदी की है जहां शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने पेड़ पर शव लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची निवास थाना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की। मृतक की पहचान शहजान कुशराम उम्र लगभग 42 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार शहजान कुशराम गुरुवार रात से घर से लापता थे जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए।

## नशामुक्ति का लिया संकल्प

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी दिवस पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से जिले के सभी विकासखंडों में जन जागरूकता रैली व संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में रानी दुर्गावती महाविद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों की संगोष्ठी व रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के अजीत मरावी, रविन्द्र कुमार, परामर्शदाता श्रीमती रागिनी हरदहा, आशीष नामदेव एवं बीएसडब्ल्यू-एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जागरूकता सत्र आयोजित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल गाजीपुर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रतियोगी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा स्वास्थ्य शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने छात्र-छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से घरेलू हिंसा एवं अन्य प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता सेवाओं की जानकारी दी।

## डॉ संध्या हुई सम्मानित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कांत राय निदेशक लघुकथा शोध केंद्र भोपाल के संयोजन में लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल के द्वारा प्रखर साहित्यकार माधव राव सप्रे की जयंती पर हिंदी भवन भोपाल के सभागार में अखिल भारतीय लघुकथा अधिवेशन एवं शोध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ संध्या शुक्ल मृदुल को उनके लघुकथा संग्रह संवेदना के स्वर को अखिल भारतीय स्तर पर चयनित कर उन्हें लघुकथा कृति सम्मान से अलंकृत किया गया एवं अतिथियों के कर कमलों से प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, श्रीफल, मोतियों की माला एवं अंग वस्त्र प्रदान किए गए।

## पोलियो टीकाकरण 28 से

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहन्ती ने बताया कि भारत वर्ष पिछले 15 वर्षों से पोलियो मुक्त है जो स्वास्थ्य विभाग और आमजन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। हालांकि विश्व के कुछ देशों में अभी भी वाइल्ड पोलियो वायरस का संक्रमण मौजूद है जिसके कारण पोलियो की पुन: वापसी की आशंका बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने बताए सेफ क्लिक साइबर जागरूकता के लाभ डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों की दे रहे जानकारी

मण्डला(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में जिलेभर में सेफ क्लिक साइबर जागरूकता अभियान-2026 चलाया जा रहा है जिसका शुभारंभ 24 जून को किया गया। यह विशेष अभियान आगामी 8 जुलाई तक जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देना है। अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा गांव-गांव स्कूलों कॉलेजों सार्वजनिक स्थलों पंचायतों एवं विभिन्न सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रमों में आमजन जनप्रतिनिधियों महिलाओं बच्चों युवाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को साइबर अपराधों के नए तरीकों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। अभियान के दौरान नागरिकों को राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल तथा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे किसी भी परिस्थिति में अपना पासवर्ड, बैंक खाता नंबर या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।





### विद्यार्थियों को दी साइबर जानकारी

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मोहगांव के तत्वाधान में उत्कृष्ट विद्यालय मोहगांव में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीएसडब्ल्यू बैचलर ऑफ सोशल वर्क एवं एमएसडब्ल्यू मास्टर ऑफ सोशल वर्क द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं की परीक्षा उपरांत किया गया कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्री हनौते एवं पुलिस सुरक्षा बल के स्टाफद्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य दीपक कछवाहा, नारायण भवेदी, अनिल दुबे, कछवाहा मैडम, चंद्रपाल, जितेंद्र झारिया सहित समस्त शिक्षकगण एवं मेंटर्स संजीत कुलेश, श्रीमती मीना, अशोक, महेंद्र बंसल एवं संतोष यादव उपस्थित रहे।

### कोतवाली का साइबर जागरूकता

थाना कोतवाली द्वारा एसडीओपी पीयूष मिश्रा थाना प्रभारी शफीक खान एवं साइबर नोडल थाना स्टाफ की उपस्थिति में रानी दुर्गावती महाविद्यालय तथा सरदार पटेल महाविद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं प्राचार्य शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराध ऑनलाइन ठगी फर्जी लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी साझा करने के जोखिम, यूपीआई एवं बैंकिंग धोखाधड़ी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### साइबर सुरक्षा पर प्रेसवार्ता

साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना बिछिया द्वारा सेफ क्लिक साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत एक विशेष प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी बिछिया ने पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। प्रेसवार्ता के दौरान साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी लिंक, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग फ्रॉड तथा अन्य साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई।

टिकरिया पुलिस ने चलाया अभियान

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित साइबर जागरूकता अभियान द्वितीय संस्करण के अंतर्गत थाना टिकरिया क्षेत्र में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक संदीपनी विद्यालय टिकरिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नारायणगंज के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी फर्जी लिंक ओटीपी साझा न करने तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चौकी प्रभारी हृदय नगर द्वारा पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला हृदय नगर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार उनसे बचाव के उपाय सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा ऑनलाइन ठगी से बचने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा शपथ दिलाई गई तथा साइबर सुरक्षा विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर उनकी सहभागिता सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य लीलावती धुर्वे सहित प्रीति पाठक, मालती हरदहा, ज्योति धुर्वे, वेदप्रकाश ठाकुर, नरेश चौरसिया एवं विद्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### रहे सर्तक और सावधान

थाना नैनपुर एवं थाना बिछिया क्षेत्र में साइबर सुरक्षा संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना नैनपुर क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन एसडीओपी नैनपुर मनीष राज के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक मंशाराम वगेन के नेतृत्व में सिसोदिया नर्सिंग अस्पताल, नैनपुर एवं आसपास के कियोस्क सीएससी सेंटरों में अस्पताल स्टाफ कियोस्क संचालकों एवं नागरिकों को ऑनलाइन बैंकिंग यूपीआई भुगतान, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, कोड स्कैम एवं अन्य साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

# गायत्री संगीत कला केंद्र का शुभारंभ

मण्डला(स्वतंत्र मत)

वेदमाता विश्वमाता मां गायत्री जयंती के पावन अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जयंती पर्व के पूर्व दिवस पर प्रात: 6 बजे से सायं 6 बजे तक अखंड जाप साधना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात जयंती के दिन प्रात:कालीन सत्र में ध्यान साधना एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। यज्ञ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने 40 दिवसीय साधना अभियान एवं वृक्षारोपण का संकल्प लिया। आयोजकों ने पर्यावरण संरक्षण आध्यात्मिक जागरण तथा नैतिक मूल्यों के संवर्धन का संदेश भी दिया। सायंकालीन सत्र में दीपयज्ञ का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसी अवसर पर गायत्री संगीत कला केंद्र का विधिवत शुभारंभ भी किया गया। गायत्री परिवार ट्रस्ट ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से संगीत की विभिन्न विधाओं का व्यवस्थित प्रशिक्षण योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाएगा जिससे बच्चों, युवाओं एवं संगीत प्रेमियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसन्न सराफ अध्यक्ष, रोटरी क्लब उपस्थित रहे। उनके साथ श्रीमती गीता कालपीवार, जया सराफ, जगदीश कछवाहा, गायत्री परिवार ट्रस्ट के ट्रस्टीगण, वरिष्ठ परिजन, कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



# निवास में कांग्रेस का प्रदर्शन और पुतला दहन

मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निवास के आह्वान पर पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों लगातार हो रही बिजली कटौती बिजली दरों में वृद्धि किसानों को समय पर खाद एवं यूरिया उपलब्ध नहीं होने सहित विभिन्न जनहित एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय निवास के सामने से रैली निकालकर मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तिराहे तक मार्च किया गया तथा वहां महंगाई का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन प्रभावित हो रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से परिवहन लागत बढ़ रही है जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। वहीं अनियमित बिजली आपूर्ति एवं बढ़ी हुई बिजली दरों के कारण आम नागरिकों व्यापारियों और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक खाद एवं यूरिया समय पर उपलब्ध नहीं हो रहा है जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। निवास विधायक चैन सिंह बरकड़े ने कहा कि सरकार जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल नियंत्रण किया जाए, बिजली व्यवस्था में सुधार लाया जाए तथा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद एवं यूरिया उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अशोक मर्सकोले के द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे छात्रों की गूंज अभियान को लेकर भी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद के दौरान देश के युवाओं एवं छात्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी जगदीश सैनी, विधानसभा प्रभारी राजेश तिवारी,ताहिर अली,तारा परस्ते,संजय जयसवाल,इंद्रजीत भंडारी,हितेंद्र गोस्वामी, संचित जयसवाल, सहित सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निवास के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



# प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ रैली

मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिले के बिछिया तहसील में जिले के समाजिक संगठन और जन संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में बिछिया मैदान में सभा का आयोजन किया गया और रैली निकाली गई। रैली बिछिया थाने पहुंची और 360 लोगों ने शांतिपूर्ण गिरफ्तारी देकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। इस रैली में मवई और बिछिया के दर्जनों गांव से भारी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हूए। राज्यपाल को भेजे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि मंडला जिला एक आदिवासी बाहुल्य जिला है और जिले के ऐसे कई गांव हैं जो या तो जंगलों के आसपास है या फिर जंगल के बीच में बसे हैं जो वन पारिस्थितिकी प्रणाली को बचाने और बनाए रखने के लिए अभिन्न अंग हैं। इस जिले की एक बड़ी आबादी पर वन अधिकार कानून प्रभाव डालता है। वन अधिकार कानून में दिये प्रावधानों के अन्तर्गत सामुदायिक वन संसाधनों के अधिकारों को लेकर कई बार भोपाल से निर्देश भी प्राप्त हुए हैं और मुख्यमंत्री द्वारा गठित टास्क फोर्स के सदस्यों का क्षेत्र भ्रमण भी हुआ है। जिले में अब तक 10 ग्राम सभाओं ने अपने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार दावे पत्र उपखंड स्तरीय समिति में जमा किया गया है। जिसमें मवई विकास खंड के वन ग्राम रहंगी, पखवार, सुनहरा, बहरमुंडा पोंड़ी, गैतरा, खमरिया, मोहगांव, वन ग्राम बरगांव, कोलुम गहन और विकास खंड बिछिया का सानी मोवाला गांव शामिल है। इन सामुदायिक वन संसाधनों पर लगाये गये दावों के प्रति मंडला जिला प्रशासन का रवैया बहुत ही निराशाजनक है। इसके अलावा जिले में हजारों की संख्या में वयक्तिगत वन अधिकार दावे लंबित हैं। कार्यक्रम में बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सम्पत सिंह धुर्वे, अमरू सिंह मरावी, दयाल सिंह चिचाम ,इन्दरपाल पन्दरे, कवलू सिंह मुड़खिया, सुंदर मार्को, रूकमणी सुरेश्वर, रागिनी परते, चरण परते, विवेक पवार, जबलपुर के विनोद श्रीवास्तव, समाजिक कार्यकर्ता समाधान पाटील आदि की विशेष उपस्थिति थी।



# 100 डेज टीबी अभियान आयोजित

मण्डला(स्वतंत्र मत)

विकासखंड बीजाडांडी अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर धनवाही में 100 डेज टीबी अभियान के तहत वहनीय पोर्टेबल छाती का एक्सरे शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहन्ती के निर्देशन, जिला क्षय अधिकारी डॉ. सुमित सिंगोर के मार्गदर्शन तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अजय तोष मरावी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शुभम पाठक द्वारा ग्रामीणों के छाती के एक्स-रे कराए गए तथा क्षय रोग टीबी के संभावित लक्षणों की पहचान कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। अभियान का उद्देश्य टीबी रोग की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नरेश मरावी भी उपस्थित रहे और उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। शिविर के सफल आयोजन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी शुभम पाठक, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुनील कर्यार, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक मनीष लोधी, एएनएम अंजूबाला नंदा, दुर्गेश्वरी तथा सभी आशा कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।



# शिविर में हुआ सौ यूनिट रक्तदान

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुरुषों महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदान शिविर में कुल 100 यूनिट ब्लड एकत्रित कर जिला ब्लड बैंक मंडला को सौंपा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 148 बटालियन द्वितीय कमान अधिकारी रत्नेश कुमार सिंह ने रिबिन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि रक्तदान से अनेक जरूरतमंद लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में जिला चिकित्सालय से सिविल सर्जन डॉ विजय धुर्वे, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ.योगेश सिरश्याम एवं स्टाफ मौजूद रहा। शिविर के दौरान संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सेवकों ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# स्टेशन नैनपुर में यार्ड के पास लावारिस बैग में मिला गांजा

नैनपुर-(-स्वतंत्र मत)

नैनपुर रेलवे स्टेशन परिसर में एक बैग से पुलिस ने मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। एक अज्ञात बैग जो पटरियों के किनारे लावारिस हालात में पड़ा हुआ था जिससे 3 किलो से भी अधिक मात्रा में गांजा पाया गया। उक्त बैग जिसमे अमेरिकन लिखा हुआ था वह देर शाम जब गाड़ी को लॉक किया जा रहा था रेलवे स्टेशन नैनपुर में आरपीएफ थाने के आगे यार्ड के पास ट्रेन की पटरियों के बीच पाया गया। इसकी सूचना आरपीएफ थाने को दी गई। जब बैग चैक किया गया तो तेल और दैनिक जीवन के साम्रगी के साथ एक पैकेट मिला। जब पैकेट खोला गया तो उसमें मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा की जप्ती के साथ पंचनामा बनाया गया और तुलवाया गया तो 3 किलो के ऊपर का गांजा निकला। आर पी एफ पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरान्त मामले को जी आर पी थाने को सौंपा। जी आर पी पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार काले रंग का पिट्ठू बैंग में चैन में जप्ती पर्ची नायलोन बारीक केन रस्सी में आरपीएफ पोस्ट नैनपुर की सील चपड़ी से बंधी प्राप्त हुई। बैग को तौल करने पर कुल वजन 4.940 कि.ग्रा. निकला। आरपीएफ नैनपुर की जप्ती पत्रक के अनुसार बैग में से एक पैकेट खाकी टेप सघन रुप लिपटा हुआ है वजन 3.156 किग्रा. को खोलकर चेक करने पर सुगंध से संभावित गाजा पाया गया। जिसमे से सेम्पल लेकर उसकी सघन जांच की गई। मादक पदार्थ गांजे की पुष्टि होने पर वह सेम्पल पैकेट सहित 3.174 कि.ग्रा. बरामद किया गया। इसके अलावा बैग में एक नीले रंग जीस एवं काली शर्ट तथा साबुन, तेल भी जप्त किया गया। पुलिस इसकी अनुमानित कीमत एक लाख सतावन हजार आठ सौ रुपये आंक रही है । जी आर पी पुलिस इस मामले की सघन तहकीकात कर रही है। जिस जगह में यह बैग पाया गया वह स्टेशन में लगे सी सी टीव्ही कैमरों की जद से बाहर बताया जा रहा है। अत: प्रारंभिक जांच में अभी खुलासा नही हो सका है। नैनपुर रेलवे स्टेशन में घटित इस घटना से इस बात की पुष्टि हो गया है कि अवैध मादक पदार्थो खसकर गांजा की तस्करी नैनपुर रेल खण्ड में की जा रही है। जी आर पी पुलिस इस मामले में अपराध क्रमांक 00/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



संपादकीय

## डराने वाली रिपोर्ट

कॉप-30 सम्मेलन में जारी 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट के आंकड़े भारत से जुड़ी जलवायु संकट की भयावह तस्वीर दिखाते हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत दुनिया में जलवायु आपदाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित पहले दस देशों में शामिल हैं। यह डराने वाली रिपोर्ट बताती है कि पिछले तीन दशक में भारत में आई जलवायु संकट से जुड़ी आपदाओं में करीब 80 हजार लोगों को मौत का ग्रास बनना पड़ा। इतना ही नहीं करीब 170 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान भी देश को उठाना पड़ा है। ये आंकड़े जलवायु संकट के देश पर पड़ने वाले घातक प्रभावों की तस्वीर उकेरते हैं। जो बताते हैं कि इस संकट से उबरने के प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है। निश्चित तौर पर इस दिशा में यदि युद्ध स्तरीय प्रयास तेज नहीं किए जाते तो भविष्य में परिणाम और घातक हो सकते हैं। ये प्रयास केवल सरकारी स्तर पर ही नहीं, सामाजिक स्तर पर भी तेज करने की जरूरत है। जागरूकता अभियानों में भी तेजी लाने की जरूरत है। इस संकट ने फसलों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभाव से हमारी खाद्य श्रृंखला पर भी संकट मंडरा सकता है। हमें 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का पेट भरने के लिये इस दिशा में शोध-अनुसंधान के साथ व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने की जरूरत है। दरअसल, जलवायु संकट के चलते देश में जो ज्यादा नुकसान हुआ है, उसके पीछे लगातार आ रहे चक्रवात, कुछ इलाकों में सूखे और बाढ़ की लगातार पैदा होती स्थितियां हैं। जाहिर इसके मूल में तेजी से बढ़ता वातावरण का तापमान ही है। जिसका मुख्य कारक ग्लोबल वार्मिंग ही है। निश्चित रूप से भारत में जलवायु संकट की स्थिति लगातार विकट होती जा रही है। निर्विवाद रूप से देश के सामने पैदा मौसमी आपदाओं से हमारे विकास में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। जो जीविका संकट भी पैदा कर रहा है। दरअसल, बेलेम में संपन्न कॉप-30 सम्मेलन में जारी की गई 'जलवायु जोखिम सूचकांक-2026' रिपोर्ट उन संकटपूर्ण स्थितियों का भी खुलासा करती है जो जलवायु संकट के कारण पैदा हो रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि पिछले वर्ष भारी बारिश व विनाशक रूप में आई बाढ़ से देश में करीब अस्सी लाख लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसमें दो राय नहीं कि भारत सरकार ने जलवायु संकट से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के समक्ष अपनी प्रतिबद्धता बार-बार जतायी है। इस संकट से उबरने के लिये नवीकरणीय ऊर्जा के विकल्प को युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास भी किया है। देश में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में नवीकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। देश वनों का दायरा को भी बढ़ाने की जरूरत है। विकास देश की प्राथमिकता है, लेकिन यह विकास वनों के विनाश की कीमत पर नहीं होना चाहिए। साथ ही इस दिशा में जो भी कदम उठाये जाएं उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर कितना हो रहा है, इस बात का लगातार मूल्यांकन भी जरूरी है। साथ ही रीति-नीतियों को प्रभावी तरीकों से अमलीजामा पहनाने की जरूरत होगी। जिसके लिये लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाइयों ग्राम पंचायत से लेकर शहरी निकायों को भी शामिल करने की जरूरत होगी। दरअसल, जलवायु परिवर्तन से उपजा संकट केवल भारत की ही चुनौती नहीं है। यह एक वैश्विक संकट है। जो इस बात से पता चलता है कि पिछले तीन दशकों में नौ हजार से अधिक मौसमी आपदाओं ने पूरी दुनिया में आठ लाख से अधिक लोगों को असमय काल का ग्रास बनाया है। लेकिन इस संकट की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसकी सबसे बड़ी कीमत वे विकासशील व गरीब देश चुका रहे हैं, जिनकी वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में सबसे कम भूमिका रही है।

# वैश्विक - परिदृश्य में उभरता क़तर



डॉ. सुधीर सक्सेना
स्वतंत्र पत्रकार

कुछ तो बेपनाह दौलत, कुछ कुशल राजनय और कुछ छवि-अभिसारी उपक्रम कि मध्यपूर्व का छोटा सा देश क़तर वैश्विक -परिदृश्य में तेजी से उभर आया है। फीफा की मेजबानी और फीफा में शिरकत, दुनिया में काबिले-तारीफ जीडीपी, लंदन में सर्वाधिक संपत्ति की खरीदी और कलाकृतियों के बेहतरीन म्यूजियम की स्थापना तथा अमेरिका-ईरान जंग में मध्यस्थता में सफलता क़तर को लगातार सुर्खियां बख्श रही हैं। बिला शक आगामी समय में इसमें और इजाफा होने के आसार हैं।

मुमकिन है कि आप क़तर को नहीं जानते हों। मुमकिन है कि आपने उसकी राजधानी दोहा का नाम नहीं सुना हो और यह भी मुमकिन है कि अपने शेख तमीम बिन हमद अल थानी का नाम भी नहीं सुना हो, लेकिन अपनी धुरी पर घूमती दुनिया बदल रही है। शीतयुद्ध के बाद एक ध्रुवीय दुनिया में नये-गुल खिल रहे हैं। यह अमेरिका के निर्लज्ज नव उपनिवेशवाद का दौर है, अलबत्ता मस्क्का-बीजिंग-तेहरान की धुरी तेजी से उभर रही है और मध्यपूर्व में जियो-पॉलीटिकल समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। इन्हीं सन्दर्भों में क़तर की अहमियत भी बढ़ गयी है।

क़तर अरब प्रायद्वीप के उत्तर-पूर्वी तट पर क्षेत्रीय प्रायद्वीपीय देश है। दक्षिण में सऊदी अरब और तीन ओर से फारस की खाड़ी से घिरा क़तर कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का क्रमश: दूसरा और तीसरा सबसे बड़ा भंडार है। सन 1783 में अल खलीफ वंश के राज के बाद यहां पहले तुर्की और फिर ब्रिटेन का शासन रहा। सन 1971 में आजादी के बाद इसके दिन बहुरे और इसने भौतिक प्रगति की कुलांचे भरीं। क़तर को जानने के लिये यहां के शासक अमीर शेब तमीम बिन हमद अल थानी के रसूख को जानना जरूरी है। उनके लिये जून, 13 में उन शेख हमद बिन खलीफा अल थानी ने सत्ता छोड़ दी थी, जिन्होंने वसन्त क्रांति में सीरिया और लीबिया जैसे देशों में बागियों का समर्थन किया था। आज अमीर की निजी संपत्ति 2.4 बिलियन डॉलर कूती जा रही है। उनकी खेलों और खेल स्पर्द्धाओं में रूचि है। वह खुद बैडमिंटन खेलते हैं।

सन 1998 में कतरी सेना में सेकेंड लेफ्टिलेंट के बाद वह सन 2009 में डिप्टी कमांडर इन चीफ हो गये। वह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी के मेंबर हैं। उनके पास सेंट जर्मेन नामक फ्रेंच फुटबॉल क्लब का स्वामित्व है। उन्होंने तीन शादियां कीं। पहली सन 2005 में अपनी चचेरी बहन शेखा जवाहर और फिर सन 2009 में शेखा अनूद से और फिर शेखा नूर से। उनके 11 बेटे और 13 बेटियां हैं। उन्होंने इंग्लैंड के शेरबॉर्न स्कूल और फिर वहीं की रायल मिलिट्री एकेटमी में पढ़ाई व ट्रेनिंग ली। यह उनका रसूख ही है कि शेरबार्न स्कूल की इंग्लैंड के बाहर एक ही शाखा है और वह भी क़तर की राजधानी दोहा में है।

क़तर की आबादी ज्यादा नहीं है। कुल जमा यही कोई चौंतीस लाख। करीब चालीस फीसद आबादी उस दोहा में रहती है, जो 19वीं सदी में शनैः शनैः विकसित हुआ। यहां तीन घेरों में योरोपीय और इस्लामी स्थापत्य की बस्तियां आबाद हैं। क़तर में चार लाख से अधिक हिन्दु रहते हैं। करीब 12 प्रतिशत हिन्दु मुख्यतः भारत व नेपाली मूल के हैं। क़तर की समृद्धि और वैभव में इनका बड़ा योगदान है। सौ कतरी रियाल करीब 2600 भारतीय रूपयों के बराबर हैं। क़तर की एक और खूबी है महिलाओं का कम अनुपात। लिंगानुपात में असमानता के चलते यहां महिलाओं की आबादी कुल सात लाख के आसपास है। बड़ी बात यह है कि यहां के अमीर लंदन में संपत्ति खरीदी में अव्वल हैं। वह लंदन में अब तक 35 से 40 बिलियन डॉलर का निवेश कर चुके हैं। अनुमान है कि आगामी चार-पांच साल में पांच बिलियन डॉलर तक का निवेश और होगा। क़तर दुनिया में अपनी जीडीपी के लिये जाना जाता है। जीडीपी के मान से वह दुनिया में पांचवीं पायदान पर है, जबकि मोनाको सर्वोच्च पायदान पर। क़तर अपने कला संग्रहालयों के लिये भी ख्यात है। क़तर म्यूजियम की स्थापना सन 2005 में हुई थी। सन 2008 में खुले म्यूजियम ऑफ इस्लामिक आर्ट और सन 2010 में स्थापित मतफ अरब म्यूजियम ऑफ मार्डर्न आर्ट्स दर्शनीय हैं। सन 2022 में दोहा फोरम की संरक्षिका शेखा अल मयस्सा बिंत हमद बिन खलीफा अल थानी ने तीन अन्य म्यूजियमों का ऐलान किया, जो लासानी हैं।

सन 2010 में निर्मित कतरी कलाग्राम (आर्टविलेज) का नजारा मंत्रमुग्ध करता है। सन 2018 से दोहा में नियमित कला महोत्सव हो रहा है। शेखा अल मयस्सा कतरियों में कला अभिरूचि जगाने और अवाम को कलाकृतियों से कनेक्ट करने के उपक्रमों के लिये जानी जाती है। सार्वजनिक स्थलों विभिन्न कला माध्यमों की कृतियों का प्रदर्शन आम बात है। इस्लामी आर्ट म्यूजियम में विगत करीब चौदह सौ वर्षों की इस्लामी कला निधियां संकलित हैं। दोहा में हमद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर टर्मिनल के मध्य में 23 फुट का पीताभ टेडी बियर बरबस ध्यान आकृष्ट करता है। अर्स फिशर निर्मित बीस टन वजनी यह कांस्य-कृति सन 2011 में न्यूयार्क में 6.8 मिलियन डॉलर की बोली लगाकर खरीदी गयी थी। बताते हैं कि क़तर प्रतिवर्ष एक बिलियन डॉलर की रकम कला पर खर्च करता है। यह रूझान इस छोटे से इस्लामी मुल्क को अलग रंगो-नूर से माड़ती है। इस कला संदर्भ का एक और अहम पहलू यह है कि बीते बरसों में कतरी युवतियों में कला-संकाय के प्रति अभिरूचि बढ़ी है और बड़ी संख्या में वे कला-उपक्रमों से जुड़ रही हैं। सन 1986 में क़तर विश्वविद्यालय में कला विभाग की स्थापना से इसे गति मिली है और यथार्थवाद, अति यथार्थवाद, अमूर्तन, व्यंजनावाद और कैलीग्राफी को विस्तार।

जब प्रतिष्ठित कतरियों की बात होती है तो सन 2007-13 में प्रधानमंत्री रहे शेख हमद बिन जासिम बिन जबेर अल थानी का भी जिक्र होता है, जो सबसे धनी कतरी हैं। 1.2 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ वह वैश्विक - निवेश और डयूश बैंक में %स्टेक% के लिए जाने जाते हैं। वर्तमान शासक 23 भाई बहने हैं। यूं भी अल थानी वंश यहां सेना, प्रशासन, कार्पोरेट और कारोबार में पैठ और दबदबे के लिए जाना जाता है। थानी कुल के सदस्यों की संख्या बीस हजार से ज्यादा है।

क़तर में कॉफी सर्वाधिक लोकप्रिय पेय है। इसे छोटी-छोटी प्यालियों में परोसा जाता है, जिसमें चीनी मिलाई जाती है, या फिर साथ में खजूर पेश किया जाता है। कड़क चाय में पिसी इलायची घोलते हैं और उसमें गाढ़ा दूध मिलाते हैं। क़तर के 2022 फीफा विश्व कप को प्रोत्साहन स्वरूप 282 मिनट की एक डाक्यूमेंट्री बनी थी। इसके लिये डेविड बेकहैम को 125 मिलियन पाउंड की रकम दी गयी थी। फीफा 26 के लिए क़तर ने सन 25 में ही क्वालीफाई कर लिया था। क़तर आज तकनीकी स्टार्ट अप में अग्रणी है। क़तर टॉवर्स को विलासिता का शिखर माना जाता है।

ईरान-अमेरिका जंग में क़तर बार-बार सुर्खियों में आया। रास लाफान में एलएनजी संयंत्र पर हमले में भारतीयों समेत 13 मारे गये और 66 आहत। किंतु ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता में कामयाबी ने कतर को राजनय में ऊंची पायदान पर प्रतिष्ठित कर दिया। इतालवी पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने क़तर की भूमिका की मुक्त कंठ सराहना की। मध्यस्थता के खेल में पाकिस्तान उसके सहयोगी या जूनियर की भूमिका निभाता नजर आया। ईरान की नजर में यूं भी क़तर अधिक विश्वसनीय है। क़तर इधर तुर्किये और सऊदी अरब के भी नजदीक आया है और उसने मिस्त्र समेत अनेक देशों से तार जोड़े हैं। ईरान-अमेरिका संघ के मजमून की इबारतें लिखने में उसकी भूमिका पाकिस्तान से अधिक मायने रखती है। उसकी जियोपालीटिकल-हैसियत मध्यपूर्व में उसकी भूमिका के महत्वपूर्ण होने का आभास देती है।



# अल्फा जेनरेशन को भाती है अपनी कल्पना की उड़ान

पिछले दिनों राष्ट्रपति भवन में दो दिन बच्चों को कहानी सुनाने और उनके साथ समय बिताने का अवसर मिला। अक्सर ऐसे कार्यक्रमों में जाना होता है जहां बहुत से बच्चे होते हैं, जिनमें दो-तीन साल के शिशु से लेकर चौदह-पंद्रह साल के बच्चे शामिल हैं। उनसे खूब बातें होती हैं। उनके साथ खेलना होता है। वे क्या पढ़ते हैं, इस बारे में भी अवश्य पूछती हूं। ये वे बच्चे हैं, जिनके माता-पिता युवा हैं। इनमें से भी बहुतों को कहानियां सुनाई हैं। आज उनके बच्चे सामने हैं, जिन्हें अल्फा जेनरेशन कहा जाता है। इस पीढ़ी के बारे में मशहूर है कि यह तो मोबाइल फोन ही हाथ में लेकर जन्मी है। यानी कि कोई भी सूचना इनके लिए नई नहीं है। जब हैरी पॉटर ने धूम मचाई थी, उस समय एक बड़ा लेख लिखा था कि इसकी सफलता का कारण हार्श मार्केटिंग, वर्ल्ड वाइड लांच और बुक स्टोर्स को पांच हजार पार्टियां देने के अलावा, यह भी था कि पश्चिम के बच्चे, तमाम तरह के गिजमोज और तकनीक से ऊब चुके थे। उन्हें जीवन में ऐसा कुछ चाहिए था, जिससे वे रोमांचित हो सकें। एक जमाने में अपने यहां बाल साहित्य को लेकर दो धाराओं में काफी बहस होती रही है। एक धारा कहती थी कि बच्चों को राजा-रानी, परी कथाएं, जिनके पात्र सिर्फ परियां ही नहीं, राक्षस, बौने, जादूगर, कोई चलने वाला पेड़, कोई बोलने वाला बाघ आदि होते थे, सुनाई जानी चाहिए। दूसरी धारा कहती थी कि बच्चों को वे कहानियां नहीं सुनाई, पढ़ानी चाहिए, जिनमें चमत्कार हों। वे चमत्कार की तरफ झुकें। तरह-तरह के अंधविश्वास उनके मन में न घर करें। इसलिए उन्हें वे कहानियां दें, जो उनके दैनंदिन जीवन से जुड़ी हों। यानी कि यथार्थवादी हों। क्योंकि बच्चे किसी चमत्कार के जरिए जीवन में सफलता नहीं प्राप्त कर सकते। परिश्रम से ही उन्हें सफलता मिलती है। ये बात सच भी है कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं और कोई चमत्कार बच्चे को सफलता दिलवा सकता है। और ऐसा भी नहीं है कि बच्चे इन बातों को जानते नहीं हैं कि अगर पढ़ेंगे नहीं, तो सफल होना मुश्किल है। अपनी नौकरी के दौरान पाया कि जब भी यथार्थवादी कहानियों पर अंक निकाले, उन्हें वह सफलता नहीं मिली जितनी कि राजा, रानी, वेद, पुराण, उपनिषद, कथा सरित्सागर, राजतरंगिणी, महाभारत, पंचतंत्र, हितोपदेश या ईसप की कथाओं को मिली। कई बार तो ऐसा हुआ कि ये अंक इतने बिके कि दोबारा छापने पड़े। इसके अलावा दैनंदिन जीवन की कथाएं कि बच्चों के बस्ते का बोझ कितना ज्यादा है, उन्हें पढ़ने में कितनी मेहनत करनी पड़ती है, उन्हें अपने मित्रों से किस तरह के धोखे मिलते हैं, या कि किसी गरीब बच्चे के जीवन में कितनी कठिनाइयां हैं, इन्हें आम तौर पर बच्चे सुनना नहीं चाहते। इससे ये निष्कर्ष भी निकला कि बच्चे जिन आफतों को रोजमर्रा के जीवन में भुगत रहे हैं, अगर आप उनका मनोरंजन करने आए हैं और उन्हें कहानियां भी यही सुना रहे हैं, तो वे हूट कर देते हैं। फिर जिस वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, तार्किकता को बढ़ाने आदि की बातें की जाती हैं, उनमें एक दिक्कत यह भी है कि विज्ञान प्रति पल बदलता है। आज एक खोज कुछ कहती है, तो दूसरी खोज बिल्कुल उसके विपरीत बातें करती हैं, तो आखिर किस बात को सच माना जाए। यों भी विज्ञान को किसी रूढ़ तर्क और अर्थ में बांधा भी नहीं जाना चाहिए। फिर जिन्हें परीकथा कहा जाता है, वहां भी तर्क नहीं होता, ऐसा नहीं कहा जा सकता। जिसे फेंटेसी कहा जाता है, वहां भी किसी कहानी में अच्छाई पर बुराई की विजय नहीं दिखाई जाती। न ही यह बताया जाता है कि सच के मुकाबले झूठ बोलना कितनी अच्छी बात है या कि पर्यावरण को नष्ट करना ठीक है। अथवा किसी जीव को सताना, किसी गरीब की मदद न करना, अपने बड़ों की बात न मानना ही बढ़िया है। फेंटेसी के भी बहुत मानवीयता वाले तर्क होते हैं। अपनी यूरोप की यात्रा के दौरान बहुत से भारतीय और विदेशी बच्चों से मिली हूं। वहां भारतीय बच्चे अपने देश के मिथकीय चरित्रों जैसे कि श्रीराम, रावण, श्रीकृष्ण, दुर्योधन, बाल गणेश, काली, बाल हनुमान, मय दानव, अंगद, बाली, शिव, पार्वती, महाभारत की कथाएं, जटायु, पंचतंत्र की जानवरों की कथाएं आदि को बहुत चाव से पढ़ते मिले। जैसे ही किसी वैज्ञानिक चीज के बारे में उनसे बात की गई, वे फौरन अपना मोबाइल दिखाकर कहने लगे कि ये बात उन्हें पहले से मालूम है। जैसे कि चांद के बारे में कहा जाता है कि वहां न आक्सीजन है, न पानी, न पेड़, पौधे, न कोई इन्सान। इसलिए इन दिनों बच्चों को चांद के बारे में यदि कोई चमत्कारिक कथा सुनाई जाए, तो वे नहीं सुनेंगे। लेकिन एक कहानी सैशन के दौरान बच्चों ने चांद के बारे मे ऐसी-ऐसी परिकल्पनाएं कीं कि लगा कि वे अब भी चांद को लेकर बहुत-सी कहानियां सुन सकते हैं, बुन सकते हैं। यथार्थ में चांद कैसा है, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। जिस अल्फा जेनरेशन के ये बच्चे हैं, वे यथार्थवादी कहानियों के मुकाबले, वे कहानियां सुनना, सुनाना चाहते हैं, जिनमें उन्हें अपने कल्पना के घोड़े दौड़ाने का भरपूर मौका मिले। जहां उनकी कल्पना की राह में कोई रोड़ा न अटका हो, जिनमें भरपूर एक्शन, एडवेंचर हो। ऐसी बातें हों, जो कभी देखी, सुनी न हों। इनके आसपास न हों। कुल मिलाकर फेंटेसी की वह दुनिया, जिसमें वे नायक की भूमिका या किसी योद्धा की भूमिका में हों। इस तरह की कहानियों में बच्चों के मस्तिष्क में कब, क्यों, कहां, किसलिए, अच्छा, ऐसा, वैसा, क्या ऐसा हो सकता है, आदि के तर्क चलते हैं। जिन भूत-प्रेतों से वे डरते हैं, आश्चर्यजनक ये है कि उन्हें इनकी कहानियां बहुत पसंद आती हैं। कई बच्चे तो इन कहानियों का अभिनय अपने घरों में भी करते हैं।

**- क्षमा शर्मा**

# भेड़चाल पर्यटन के दौर में ऑर्गेनिक प्रदूषण

व्यंग्य

गरीबदास भी आखिर आदमी ही हैं। उनके भीतर भी भेड़ियाधसान का गुण कूट-कूटकर भरा हुआ है। लोगों को हिल स्टेशन जाते देखा तो उन्होंने भी परिवार सहित प्रस्थान कर दिया। आखिर छुट्टियां मनाने का लोकप्रिय तरीका यही है कि जहां जगह न हो, वहीं पहुंचा जाए।

हिल स्टेशन पहुंचे तो लगा मानो पूरा मैदान वहीं शिफ्ट हो गया हो। सड़कें गाड़ियों से इस तरह भरी थीं जैसे चुनाव के समय नेताओं के वादे। वाहन प्रति घंटा कुछ सेंटीमीटर की गति से आगे बढ़ रहे थे। कभी-कभी रफ्तार बढ़कर कुछ इंच प्रति घंटा हो जाती तो लगता मानो फॉर्मूला-वन की रेस चल रही हो। और जब जाम खुलने पर गाड़ी दो किलोमीटर प्रति घंटा की गति पकड़ती, तो ड्राइवर के चेहरे पर वैसी ही चमक आ जाती जैसी शेयर बाजार में अचानक उछाल देखकर निवेशक के चेहरे पर आती है।

गरीबदास ने चारों ओर देखा। जहां तक नजर जाती, गाड़ियां ही गाड़ियां थीं। तब उन्हें लगा कि वे अपने शहर से कहीं आए ही नहीं हैं। फर्क सिर्फ इतना था कि अपने शहर में सड़क के किनारे नाली होती है, यहां सैकड़ों फीट गहरी खाई थी। हर मोड़ पर उन्हें अखबार की वही सुर्खी याद आने लगती-'कार खाई में गिरी, तीन की मौत।'

वे मन ही मन यमराज से प्रार्थना करते-'प्रभु, इस बार बचा लो। अगली छुट्टियों में घर की छत पर ही पहाड़ का वॉलपेपर लगाकर घूम लेंगे।'

अपने शहर में वे ट्रैफिक जाम में दूसरे वाहनों के धुएं का सेवन करते थे। हिल स्टेशन पर भी वही दिव्य अनुभव मिला। अंतर केवल इतना था कि यहां धुआं शुद्ध पहाड़ी हवा में मिलकर 'ऑर्गेनिक प्रदूषण' जैसा महसूस हो रहा था।

कुल मिलाकर गरीबदास समझ गए कि आजकल हिल स्टेशन का सबसे बड़ा आकर्षण न बर्फ है, न बादल, न देवदार के जंगल। असली आकर्षण है-जाम। लोग पहाड़ देखने नहीं जाते, बल्कि यह देखने जाते हैं कि बाकी लोग भी वहीं आए हैं या नहीं। आखिर पर्यटन का पहला नियम यही है-जहां भीड़ न हो, वहां घूमने का मज़ा ही क्या!

**- विनय कुमार पाठक**

# लियोनेल मेसी : अनूठे रिकॉर्डों से सजा करिश्माई खेल



अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी को अब तक के सर्वश्रेष्ठ ड्रिबलरों में से एक माना जाता है। अर्जेंटीनी कप्तान इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में ख्याति अर्जित कर चुके है। वर्तमान फीफा विश्व कप में उन्होंने कीर्तिमानों की झड़ी लगा दी हैं। सवार्धिक छह फीफा विश्व कप में भाग लेकर सवार्धिक मैच (28), सर्वाधिक गोल (18) के साथ-साथ सब से बड़ी उम्र (38 वर्ष और 357 दिन) के हैट-ट्रिक मारने वाले खिलाड़ी बने। वर्ष 2026 विश्व कप अभी तक उन्हीं के नाम रहा है। दो मैचों में पांच गोल-अल्जीरिया के विरुद्ध तीन और ऑस्ट्रिया के विरुद्ध दो। ऑस्ट्रिया के विरुद्ध वह एक पेनल्टी गंवा बैठे थे। विश्व कप में 10 में तीन पेनल्टी गंवाने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम हो गया है। अपने छोटे कद के कारण, मेसी के पास लंबे खिलाड़ियों की तुलना में गुरुत्वाकर्षण का एक कम केंद्र है, जो उसे अधिक चपलता देता है, जिससे वह अधिक तेज़ी से दिशा बदल सकता है और विरोधी टैकल से बच सकता है। मेसी मुख्य रूप से बाएं पैर के खिलाड़ी हैं; अपने बाएं पैर के बाहरी हिस्से के साथ, वह आमतौर पर ड्रिब्लिंग रन शुरू करते हैं, जबकि वह अपने पैर के अंदर का उपयोग पास और सहायता प्रदान करने के लिए करते है। एक शानदार गोल करने वाले, मेसी को उनकी फिनिशिंग, पोजिशनिंग, त्वरित प्रतिक्रियाओं और रक्षात्मक लाइन को हराने के लिए आक्रामक रन बनाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, वह एक सटीक फ्री किक और पेनल्टी किक लेने वाला खिलाड़ी है।

लियोनेल मेसी पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में सबसे सजाए गए खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 45 टीम ट्रॉफियां जीती हैं। मेसी के रिकॉर्ड में, एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक गोल (91), एक क्लब के लिए सबसे अधिक गोल (बार्सिलोना के लिए 672), ला लीगा में सबसे अधिक गोल (474), फीफा विश्व कप में सबसे अधिक गोल योगदान (26, 18 गोल + 8 सहायक गोल), और कोपा अमेरिका (32) में सबसे अधिक गोल योगदान शामिल हैं। वर्ष 2022 में अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम को अपना तीसरा फीफा विश्व कप जीतने में मदद की। आठ बार के बैलन डीओर (फुटबॉल की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार) विजेता, छह यूरोपीय गोल्डन शूज़ और आठ बार फीफा द्वारा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का नाम कमाने वाले 39 वर्षीय मेसी सर्वोत्तम खिलाड़ियों की सूची में सब से ऊपर हैं। पांच साल की उम्र में मेसी ने अपने पिता जॉर्ज द्वारा प्रशिक्षित किए जा रहे एक स्थानीय क्लब ग्रैंडोली के लिए फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया। 1995 में, मेसी अपने गृह शहर रोसारियो में स्थित न्यूवेल ओल्ड बॉय्स के लिए खेलने लगे। 11 वर्ष की उम्र में, उसके नैदानिक परीक्षण में विकास हार्मोन की कमी पाई गई, जिसने उसके विकास को अवरुद्ध कर दिया था तो मेसी का परिवार स्पेन में एक नया घर बनाने के लिए अटलांटिक के पार चला गया। मेसी का छोटा कद-5 फीट, 7 इंच-उनकी गति और अथक आक्रमण शैली के साथ मिलकर, उनकी तुलना अर्जेंटीना के एक अन्य प्रसिद्ध फुटबॉलर, डिएगो माराडोना से की गई। अर्जेंटीना-स्पेनिश नागरिक के रूप में, मेसी दोनों देशों की राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के योग्य थे। उन्होंने 2004 में अर्जेंटीना के लिए पैराग्वे के खिलाफ अंडर 20 टीम के लिए शुरुआत की, बाद में 2005 दक्षिण अमेरिकी अंडर-20 चैम्पियनशिप के लिए टीम में शामिल किया गया, जहां वे तीसरे स्थान पर रहे। उसके बाद मेसी ने 2005 फीफा विश्व युवा चैम्पियनशिप में टीम को जीत दिलाई, जो अर्जेंटीना के साथ उनकी पहली सफलता थी। छह गोल और दो सहायक गोल के साथ टूर्नामेंट समाप्त करते हुए, वह गोल्डन बॉल भी जीते।

विश्व कप 2006 टूर्नामेंट के लिए अर्जेंटीना टीम में मेसी चुने गए। उन्होंने विश्व कप में बेंच से आइवरी कोस्ट के खिलाफ़ अर्जेंटीना के शुरुआती मैच विजय को देखा। सर्बिया के खिलाफ़ अगले मैच में मेसी, विश्व कप में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब वे 74वें मिनट में मैक्सी रॉड्रिग्वेज़ के स्थानापन्न के रूप में खेलने आए। उन्होंने खेल में प्रवेश करने के चंद मिनटों में ही हरनैन क्रेस्पो को गोल बनाने में असिस्ट किया और 6-0 की जीत में अंतिम गोल भी स्कोर किया, जिससे वे टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के स्कोरर और विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र के छठे गोल स्कोरर बने। जुआन रोमन रिकेल्मे के अंतरराष्ट्रीय संन्यास के साथ, मेसी को अर्जेंटीना की नंबर 10 शर्ट दी गई। ग्रीस के खिलाफ 2010 फीफा विश्व कप ग्रुप स्टेज मैच के दौरान, मेसी ने पहली बार कप्तान का आर्मबैंड पहना। अर्जेंटीना अंतत: जर्मनी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गया था, लेकिन मेसी को उनकी गति और रचनात्मकता के कारण टूर्नामेंट के 10 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक के रूप में पहचाना गया था, एक भी गोल दर्ज करने में विफल रहने और केवल एक सहायता करने के बावजूद। अगले कई वर्षों में अर्जेंटीना को अंतरराष्ट्रीय ट्रॉफी जीतने में असमर्थता के कारण मेसी के लिए कई निराशा देखी गई। वर्ष 2014 फीफा विश्व कप के दौरान, अर्जेंटीना फाइनल में जर्मनी से हार गया हालांकि मेसी को चार गोल और एक सहायता गोल के साथ उनके समग्र प्रदर्शन के कारण टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में गोल्डन बॉल से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2022 फीफा विश्व कप में मेसी ने अर्जेंटीना को 36 वर्षों में अपनी पहली विश्व कप जीत दिलाई। फाइनल में दो बार गोल करके फ्रांस को हराया। टूर्नामेंट के दौरान सात गोल करने और तीन गोल में सहायता देने के बाद, मेसी ने एक बार फिर गोल्डन बॉल पुरस्कार जीता और इसे दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वर्ष 2023 में, टाइम पत्रिका ने मेस्सी को अपना एथलीट ऑफ द ईयर नामित किया।

**- हरजीत सिंह**

# जीसीसी-अमेरिका का बयान उकसाने वाला

## ईरान ने कहा- इस दस्तावेज में शत्रुतापूर्ण रुख अपनाया गया

तेहरान (वार्ता)

ईरान ने शुक्रवार को खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) और अमेरिका के जारी संयुक्त बयान की कड़ी निंदा करते हुए हस्तक्षेपकारी, गैर-जिम्मेदाराना और उकसाने वाला बताते हुए यह कहकर खारिज कर दिया है कि यह क्षेत्र में टकराव बढ़ाने वाली नीति है। यह बयान 25 जून को बहरीन में आयोजित जीसीसी-अमेरिका मंत्री स्तरीय बैठक के बाद आया है, जहां अमेरिकी विदेश मंत्री और जीसीसी के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी की थी। ईरान ने कहा कि इस दस्तावेज में शत्रुतापूर्ण रुख अपनाया गया है और क्षेत्रीय मामलों में दखलंदाजी को दोहराया गया है। उसने जीसीसी सदस्य देशों की सुरक्षा के प्रति अमेरिका की स्थायी प्रतिबद्धता के दावे को महज बयानबाजी और सच्चाई को तोड़-मरोड़ कर पेश करना बताया। ईरान का तर्क है कि इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति असुरक्षा और विभाजन का कारण बन गयी है। ईरान ने कहा कि हाल ही में उस पर हुए अमेरिकी-इजरायली हमलों के दौरान क्षेत्रीय देशों में सैन्य ठिकानों और सुविधाओं का इस्तेमाल इस बात का सबूत है कि अमेरिका अपने क्षेत्रीय सहयोगियों की सुरक्षा को कोई अहमियत नहीं देता। क्षेत्र में अमेरिका की भूमिका पर सवाल उठाते हुए ईरान ने कहा, जीसीसी की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का अमेरिकी दावा सच्चाई को तोड़ना-मरोड़ना है। उसने कहा, इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति महज बोझ है, जो क्षेत्र के लोगों पर



थोपा गया है और यह असुरक्षा तथा विभाजन का स्रोत रहा है। अपने बयान में मंत्रालय ने खाड़ी अरब देशों से ईरान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई को बढ़ावा देने से बचने का आग्रह किया। ईरान ने उनसे अपील की है कि वे अपने क्षेत्रों और सुविधाओं का उपयोग गैर-कानूनी कृत्यों की योजना बनाने, समर्थन करने या उन्हें अंजाम देने के लिए न होने दें। ईरान ने क्षेत्रीय देशों से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उसने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून और अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों के तहत इन देशों का यह दायित्व है कि वे किसी तीसरे पक्ष को ईरान के खिलाफ शत्रुतापूर्ण गतिविधियों के लिए अपनी धरती का उपयोग करने से रोकें। उसने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े आरोपों को खारिज करते हुए क्षेत्रीय सरकारों पर परमाणु हथियारों से मुक्त पश्चिम एशिया का समर्थन करने के लिए भी दबाव डाला।

### खाड़ी देशों के रुख पर भी सवाल

ईरान ने इसके साथ ही जीसीसी के सदस्य देशों से पश्चिम एशिया में परमाणु हथियारों से मुक्त क्षेत्र स्थापित करने के लिए ईरान से सहयोग करने का आग्रह किया। ईरान की मिसाइल और ड्रोन क्षमताओं की आलोचना करने के लिए जीसीसी-अमेरिका संयुक्त विज्ञप्ति पर तीखा हमला करते हुए ईरान ने कहा कि वह अपनी संप्रभुता और सैन्य प्रतिरोधक क्षमता की रक्षा करने में बिल्कुल भी ढिलाई नहीं बरतेगा। उसने फिलिस्तीनी-लेबनानी सशस्त्र समूहों को ईरानी प्रॉक्सी बताने के मामले में अमेरिका-इजरायल के सुर में सुर मिलाने वाले खाड़ी देशों के रुख पर भी सवाल उठाया। ईरान ने इसके विपरीत यह तर्क दिया कि इजरायल खुद इस क्षेत्र में प्राथमिक प्रॉक्सी के रूप में काम करता है।

### विदेशी संलिप्तता नुकसान पहुंचाया

ईरान का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब सिंगापुर के नौवहन अधिकारियों ने रिपोर्ट दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक जहाज पर बिना उकसावे के और अनुचित हमला किया गया, हालांकि चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं और जहाज ने अपनी यात्रा जारी रखी है। ईरानी बयान में अपने इस पुराने रुख को भी दोहराया गया है कि क्षेत्रीय सुरक्षा को बाहरी सैन्य उपस्थिति के बिना क्षेत्रीय देशों द्वारा ही संभाला जाना चाहिए।

### पुनर्विचार करने का किया आग्रह

समुद्री सुरक्षा पर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अपने रुख का बचाव किया। उसने कहा कि इस जलमार्ग में कोई भी व्यवधान हालिया अमेरिकी और इजरायली कार्रवाइयों का नतीजा था। उसने दावा किया कि यह जलडमरूमध्य ईरान-ओमान के क्षेत्रीय समुद्र तट के भीतर आता है और इसका प्रबंधन ओमान के साथ हाल ही में हुए एक समझौता पत्र (एमओयू) के तहत संचालित होता है। ईरान ने जीसीसी देशों से अपने क्षेत्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उसने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी स्थिरता विदेशी सैन्य उपस्थिति के बिना केवल क्षेत्रीय देशों के बीच सहयोग के माध्यम से ही हासिल की जा सकती है।

# भारतीय बनकर लेना चाहती हूं आखिरी सांस

## 94 साल की महालक्ष्मम्मा ने छोड़ी अमेरिकी नागरिकता

बापटला

आंध्र प्रदेश में 94 साल की एक महिला ने भारतीय के रूप में अंतिम सांस लेने की इच्छा से अमेरिका की अपनी नागरिकता त्याग दी है। बापटला के जिलाधिकारी वी. विनोद कुमार ने बताया कि के. महालक्ष्मम्मा पिछले दो दशक से अधिक समय तक अमेरिका में रहीं और अपने गृह राज्य लौटने के लिए उन्होंने अमेरिका की अपनी नागरिकता छोड़ दी। महालक्ष्मम्मा ने इच्छा जताई कि उनकी मृत्यु एक भारतीय नागरिक के रूप में हो। कुमार ने आयोजित नागरिकता शपथ ग्रहण समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि वह अपने जीवन के अंतिम दिन अपने देश और अपने पैतृक गांव में बिताना चाहती हैं और उनकी इच्छा थी कि उनका अंतिम संस्कार भी यहीं किया जाए। यह बेहद भावुक कर देने वाला अवसर था। बापटला जिले के चिंतागुम्पला गांव की मूल निवासी महालक्ष्मम्मा अपने पति नागभूषणम के निधन के बाद अपने पुत्र के साथ रहने के लिए अमेरिका चली गई थीं। उनका बेटा पेशे से कैंसर रोग एक्सपर्ट है। महालक्ष्मम्मा ने 27 जुलाई, 2000 को अमेरिकी नागरिकता ग्रहण की, कई सालों तक वहां रहीं और साल 2018 में अपने परिवार के साथ भारत लौट आईं। कुमार ने बताया कि महालक्ष्मम्मा के बेटे कोंद्रुगुंटा



के. पिच्चैय्या वर्तमान में गुंटूर स्थित एनआरआई मेडिकल कॉलेज के निदेशक हैं और तब से परिवार अपने पैतृक गांव में ही रह रहा है। महालक्ष्मम्मा ने भारतीय नागरिकता बहाल किए जाने का अनुरोध करते हुए एक जून को ऑनलाइन आवेदन किया था। नागरिकता संबंधी अपने अधिकारों की बहाली के लिए राज्य सचिवालय से भी संपर्क करने के बाद मंगलवार को उनके आवेदन पर जांच प्रक्रिया शुरू की गई। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के इच्छुक प्रत्येक आवेदक के लिए नागरिकता अधिनियम के तहत भारत के संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेना अनिवार्य है। यह शपथ जिलाधिकारी के समक्ष ली जाती है।

### कांगो में इबोला से मरने वालों की संख्या 300 के पार

**इथियोपिया (स्पुतनिक/वार्ता)।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ़ कांगो (डीआरसी) में इबोला से मरने वालों की संख्या 300 से ज़्यादा हो गई है और इसके 1,155 मामलों की पुष्टि की गयी है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, यह महामारी इतुरी, नॉर्थ किवु और साउथ किवु प्रांतों में अभी भी फैली हुई है... जिसमें 1,155 कन्फर्म मामले और 304 मौतें शामिल हैं। पिछले बुलेटिन की तुलना में बीमारी से मौत की दर में एक प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी हुई है और यह 26.3 फीसदी तक पहुँच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मई में डीआरसी और युगांडा में इबोला के प्रकोप को एक ऐसे आपातकाल के तौर पर वर्गीकृत किया था जिससे दूसरे देशों के लिए भी खतरा हो सकता है।

# 3 जुलाई से पहले सुरक्षा का सख्त पहरा

## अमरनाथ यात्रा के लिए हर मोर्चे पर तैयारी



जम्मू

वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था के तहत सुरक्षा एजेंसियों ने शुक्रवार को व्यापक गश्त की, क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास किया तथा घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना, शांति एवं सतर्कता बनाए रखना तथा तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सीमा सुरक्षा बल के साथ समन्वय कर अरनिया सीमा क्षेत्र में रठाना से सालेहार, चक जगू और आसपास के इलाकों तक संयुक्त लंबी दूरी का गश्ती अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस गश्त का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में कड़ी निगरानी बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना और सुरक्षा बलों की प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस, सीआईएसएफ और बीएसएफ के जवानों की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। एक अन्य अभियान के तहत पुलिस ने आर. एस. पुरा, बिश्नाह, अरनिया और मीरां साहिब क्षेत्रों में व्यापक क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास चलाया, ताकि अमरनाथ यात्रा से पहले शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इन अभ्यासों के दौरान संवेदनशील स्थानों, सीमा से सटे गांवों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, बस अड्डों और अन्य रणनीतिक स्थलों को शामिल किया गया।

# बंगलादेश और चीन ने 13 समझौते पर हस्ताक्षर किये

बीजिंग (वार्ता)

बंगलादेश-चीन ने अपने रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को और मजबूत करते हुए 13 सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं। बंगलादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की। इस दौरान तीस्ता परियोजना, व्यापार, निवेश और बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा आगे बढ़ायी गयी। रहमान की इस चार दिवसीय चीन यात्रा के दौरान चीन में उन्हें पूर्ण राजकीय सम्मान दिया गया। दोनों देशों के बीच हुए इन समझौतों से व्यापार, निवेश, विकास सहयोग और दोनों देशों के नागरिकों के बीच आपसी संपर्क मजबूत होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता महदी अमीन ने चीन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस यात्रा से रणनीतिक जुड़ाव, बुनियादी ढांचा विकास, रोजगार सृजन और निवेश के क्षेत्र में सहयोग का नया दौर शुरू होगा। इससे पहले चीन के जल संसाधन मंत्री ली गुओयिंग ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की, जिसमें तीस्ता मास्टर प्लान के साथ-साथ



नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, ड्रेजिंग और सिंचाई पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। चीन ने जल संसाधन प्रबंधन में अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से बंगलादेश को सहायता देने में भी रुचि दिखायी है। राजनीतिक स्तर पर, बीएनपी अध्यक्ष रहमान ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अंतरराष्ट्रीय विभाग के मंत्री लिउ हैक्सिंग के साथ एक बैठक की। इसमें दोनों दलों के बीच दीर्घकालिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी और एक समझौता पत्र पर भी हस्ताक्षर किया। रहमान ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थायी समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से मुलाकात की। इसके बाद वह अपनी पहली विदेश यात्रा पूरी कर शाम को ढाका लौट गए।

### ईरान-अमेरिका वार्ता की उपलब्धि सैन्य संवाद तंत्रः वेंस

**वाशिंगटन (वार्ता)।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि स्विट्जरलैंड में ईरान के साथ हुई वार्ता की सबसे बड़ी उपलब्धि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के बीच प्रत्यक्ष सैन्य संवाद तंत्र स्थापित करने पर सैद्धांतिक सहमति है। वेंस ने कहा कि प्रस्तावित तंत्र के तहत कतर के दोहा में आईआरजीसी और सेंटकॉम के प्रतिनिधि भविष्य में सैन्य तनाव और विवादों को कम करने के लिए सीधे संपर्क में रहेंगे। उन्होंने कहा कि बर्गेनस्टॉक वार्ता में यह व्यवस्था होरमुज जलडमरूमध्य में नौवहन की सुरक्षा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर जारी वार्ता जैसे विश्वास बहाली उपायों का पूरक होगी। वेंस ने कहा कि स्विट्जरलैंड में हुआ समझौता अंतिम नहीं बल्कि व्यापक समझौते की दिशा में एक प्रारंभिक रूपरेखा है, जिसका उद्देश्य तनाव कम करना और परमाणु समझौते का रास्ता तैयार करना है।

## ट्रंप प्रशासन ने प्रवास संबंधी फैसलों का स्वागत किया

**वाशिंगटन (वार्ता)।** ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के प्रवास संबंधी फैसलों का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे देश के कानून को लागू करने वाली संस्थाओं को और मजबूती मिलेगी। साथ ही, इससे यह भी साफ हो गया है कि मानवीय आधार पर दी जाने वाली मदद और सुरक्षा की भी अपनी एक सीमा होती है। सुप्रीम कोर्ट में बहुमत रखने वाले रूढ़िवादी न्यायाधीशों ने गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रवास संबंधी नीतियों का पूरा समर्थन किया। इस फैसले के बाद अब ट्रंप सरकार के लिए अमेरिका से 10 लाख से भी ज्यादा लोगों को बाहर निकालने का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा, सरकार अब आगे चलकर मानवीय कार्यक्रमों के तहत बाहरी लोगों के आने पर भी रोक लगा सकेगी। इन फैसलों के आने के बाद सीमा पर चौकसी और सख्त हो जाएगी। साथ ही, उन नियमों में भी कटौती की जाएगी जिनके सहारे विदेशी नागरिक शरण लेकर या अस्थायी राहत के दम पर अमेरिका में टिके रहते थे। यह फैसला देने वाले मुख्य न्यायाधीश सैम्युल अलिटो थे, जो रूढ़िवादी सोच के माने जाते हैं। अदालत के बाकी तीन उदारवादी जजों ने इस फैसले का जमकर विरोध किया। इस टकराव से साफ पता चलता है कि राजनीति से जुड़े इन संवेदनशील मामलों पर न्यायाधीशों के बीच कितनी गहरी आपसी असहमति है। एक फैसले में अदालत ने ट्रंप सरकार को हरी झंडी दे दी है कि वह हैती और सीरिया के लाखों लोगों को मिला अस्थायी संरक्षित दर्जा खत्म कर दे।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# ‘द इंडिया स्टोरी’ का दमदार टीजर रिलीज



बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘द इंडिया स्टोरीः स्लो पॉइजन इन प्रोग्रेस’ का दमदार टीज़र रिलीज कर दिया गया है। अभिनेत्री काजल अग्रवाल और अभिनेता श्रेयस तलपड़े अभिनीत यह फिल्म देश में बढ़ती कीटनाशक खेती और उससे समाज व लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को केंद्र में रखती है। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है, जबकि इसकी कहानी, पटकथा और निर्माण सागर बी. शिंदे ने किया है। यह फिल्म 24 जुलाई 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर में काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े के किरदारों को न्याय की लड़ाई लड़ते हुए दिखाया गया है, जो कीटनाशक खेती की भयावह सच्चाई को सामने लाने का प्रयास करते हैं। टीजर यह संदेश देता है कि जहरीले रसायन धीरे-धीरे हमारी रोजमर्रा की खाद्य सामग्री का हिस्सा बनते जा रहे हैं और विशेष रूप से युवा पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। भावनात्मक और सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानी के जरिए फिल्म एक ऐसे मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करती है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। निर्देशक चेतन डीके ने कहा, द इंडिया स्टोरी सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसी बातचीत है जिसे समाज में शुरू करने की जरूरत है। हम इस कहानी के जरिए कीटनाशक खेती की चिंताजनक वास्तविकता और उससे पैदा हो रहे मौन स्वास्थ्य संकट को सामने लाना चाहते थे। टीज़र उस बड़े मुद्दे की केवल एक झलक है, जो हर दिन लाखों परिवारों को प्रभावित कर रहा है। हमारा उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना और उन्हें यह सोचने के लिए प्रेरित करना है कि आखिर उनकी थाली में क्या परोसा जा रहा है।

# 41 वर्ष के हुए अर्जुन कपूर

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर आज 41 वर्ष के हो गए। 26 जून 1985 को मुंबई में जन्मे अर्जुन कपूर ने फिल्मी परिवार से होने के बावजूद अपनी अलग पहचान बनाने के लिए लंबा संघर्ष किया। पिछले डेढ़ दशक में उन्होंने रोमांटिक हीरो से लेकर एक्शन और नकारात्मक भूमिकाओं तक कई तरह के किरदार निभाकर अपनी अभिनय क्षमता का परिचय दिया है। अर्जुन कपूर प्रसिद्ध फिल्म निर्माता बोनी कपूर और स्वर्गीय मोना शौरी कपूर के पुत्र हैं। फिल्मी माहौल में पले-बढ़े अर्जुन ने बचपन से ही फिल्मों में करियर बनाने का सपना देखा, लेकिन अभिनय में आने से पहले उन्होंने कैमरे के पीछे रहकर काम करना पसंद किया।



अर्जुन ने अपने करियर की शुरुआत बतौर सहायक निर्माता फिल्म नो एंट्री से की। इसके बाद उन्होंने कल हो ना हो, सलाम-ए-इश्क, वांटेड और अन्य फिल्मों के निर्माण कार्य से जुड़कर फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखीं। अभिनय में आने से पहले उन्होंने अपनी फिटनेस पर भी काफी मेहनत की और वजन कम कर खुद को बड़े पर्दे के लिए तैयार किया। वर्ष 2012 में यशराज फिल्म्स की इश्कजादे से अर्जुन कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। परिणीति चोपड़ा के साथ उनकी जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया और पहली ही फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता के कई पुरस्कार मिले। इस सफलता ने उन्हें बॉलीवुड के उभरते सितारों की कतार में ला खड़ा किया।इसके बाद अर्जुन ने औरंगजेब में दोहरी भूमिका निभाकर अपने अभिनय का अलग रंग दिखाया। हालांकि फिल्म व्यावसायिक रूप से सफल नहीं रही, लेकिन उनके अभिनय की सराहना हुई। वर्ष 2014 उनके करियर का महत्वपूर्ण दौर साबित हुआ, जब गुंडे और 2 स्टेट्स जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की।

# ‘ओ रोमियो’ का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर कल

निर्देशक विशाल भारद्वाज की एक्शन-रोमांटिक थ्रिलर ‘ओ रोमियो’ का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर रविवार 28 जून को रात नौ बजे जी सिनेमा पर होगा। साजिद नाडियाडवाला के नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट बैनर तले बनी इस फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म एकतरफा प्रेम, जुनून और अपराध की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसमें शाहिद कपूर उस्तरा नामक किरदार निभा रहे हैं, जिसकी जिंदगी अफशां (तृप्ति डिमरी) से प्यार होने के बाद अप्रत्याशित मोड़ लेती है और घटनाक्रम पूरे अपराध जगत को प्रभावित करता है। फिल्म में नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल भी अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया और दिशा पाटनी विशेष भूमिकाओं में नजर आएंगे। शाहिद कपूर ने कहा कि उस्तरा ऐसा किरदार है जिसे किसी एक दायरे में नहीं बांधा जा सकता। उनके अनुसार यह किरदार कभी बेहद बेरहम तो कभी बेहद भावुक नजर आता है और यही उसकी सबसे बड़ी खासियत है। उन्होंने कहा कि विशाल भारद्वाज के साथ काम करना हमेशा चुनौतीपूर्ण और सीखने वाला अनुभव होता है तथा उन्हें उम्मीद है कि दर्शक टेलीविजन पर भी इस कहानी और किरदार को पसंद करेंगे।




विशाल भारद्वाज ने कहा कि वर्ष 1995 के दंगों के बाद का मुंबई और अंडरवर्ल्ड का माहौल इस प्रेम कहानी के लिए उपयुक्त पृष्ठभूमि था। उन्होंने बताया कि यह कहानी उन्होंने हुसैन जैदी की पुस्तक से प्रेरित होकर विकसित की। उनके अनुसार फिल्म प्रेम, हिंसा और मानवीय भावनाओं के जटिल रिश्तों को दर्शाती है और उन्हें खुशी है कि अब यह कहानी टेलीविजन के जरिए घर-घर तक पहुंचेगी। तृप्ति डिमरी ने कहा कि अफशां का किरदार निभाना उनके करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि इस किरदार की ताकत उसकी खामोशी और आंतरिक भावनाओं में छिपी है तथा उन्हें उम्मीद है कि दर्शक भी उसके संघर्ष और फैसलों से खुद को जोड़ पाएंगे।

## सकारात्मक नवाचार से बदल रही शिक्षा की तस्वीर, पचामा के विद्यालयों ने रचा सफलता का नया अध्याय

# विद्यार्थी हित में अनुकरणीय पहल: प्रारंभिक चरण में गणित पाठ्यक्रम पूर्ण कराने पर मिला सम्मान

**नरसिंहपुर।** सीमित संसाधनों एवं ग्रामीण परिवेश के बावजूद शासकीय हाई स्कूल पचामा एवं शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पचामा शिक्षा के क्षेत्र में सतत नवाचार करते हुए सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं।





शासकीय हाई स्कूल पचामा के गणित शिक्षक वीरेंद्र वर्मा ने सत्र प्रारंभ होते ही कक्षा 10वीं के 15 इच्छुक विद्यार्थियों के लिए विशेष अध्ययन सत्र संचालित किए। मई माह में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से डिजिटल बोर्ड के माध्यम से अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उन्होंने गणित विषय को सरल, सहज एवं रुचिकर बनाया तथा प्रारंभिक चरण में ही लगभग पूरा पाठ्यक्रम पूर्ण करा दिया। उनके इस अनुकरणीय नवाचार एवं समर्पण की सराहना करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा ने उनका सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया।

इसी क्रम में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पचामा के शिक्षक बुलंदसिंह कुशवाहा ने मई माह में प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से डिजिटल पैनल के माध्यम से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं एवं एनएमएमएस परीक्षा की विशेष तैयारी कराई। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय से प्रतिवर्ष विद्यार्थी एनएमएमएस परीक्षा में चयनित हो रहे हैं। साथ ही मोगली महोत्सव, मॉडल प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने संभाग स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

विद्यालय की प्रधान पाठक उमा वर्मा ने शिक्षक बुलंदसिंह कुशवाहा एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से 85 इंच का आधुनिक डिजिटल पैनल विद्यालय को समर्पित किया है, जिससे विद्यार्थियों को तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल रहा है। शिक्षा के प्रति विद्यालय परिवार की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि अब निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भी यहां प्रवेश लेने के लिए आकर्षित हो रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर संपर्क किया जाता है तथा शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है। इन प्रयासों की जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विशेष सराहना की गई। विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां भी अत्यंत प्रेरणादायक रही हैं। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। वर्ष 2025 में छात्रा माधवी लोधी ने 97.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का गौरव बढ़ाया, जबकि वर्ष 2024 में छात्र निर्भय सिंह ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता के नेतृत्व में समस्त शिक्षक आगामी वर्ष में बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश की मेरिट सूची में स्थान दिलाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहे हैं। निर्धन एवं ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराना विद्यालय परिवार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने हेतु प्राचार्य श्री गुप्ता ने घोषणा की है कि विद्यालय का कोई भी विद्यार्थी यदि प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करता है, तो उसे नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। समर्पित शिक्षकों, आधुनिक तकनीक, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यार्थियों की मेहनत के समन्वित प्रयासों से पचामा के विद्यालय ग्रामीण अंचल में शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणा के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार तिवारी, एडीपीसी विपनेश जैन सहित शिक्षा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# जिले में 1 लाख 58 हजार से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी पल्स पोलियो की दवा

**28 से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान**

**अभिभावकों से सहयोग की अपील**

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिले में 28 से 30 जून 2026 तक पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जन्म से 5 वर्ष तक की आयु के 1 लाख 58 हजार 945 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

अभियान के दौरान जिले के प्रत्येक गांव, शहरी क्षेत्रों के वार्डों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय अस्पतालों, रेलवे स्टेशन, हाट-बाजार, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा इस जीवनरक्षक खुराक से वंचित न रह जाए। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित एवं निःशुल्क है।

उल्लेखनीय है कि पोलियो की यह खुराक बच्चों को पोलियो से होने वाली बीमारियों से बचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत देश पोलियो मुक्त घोषित हो चुका है, किन्तु पड़ोसी देशों में अभी भी पोलियो के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में आवागमन के कारण पोलियो वायरस आने की संभावना बनी रहती है। इस स्थिति में प्रत्येक बच्चे को समय पर पोलियो की दवा पिलाना अत्यंत आवश्यक है।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने जिले के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की दवा पिलाएं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि जिले का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे और स्वस्थ, सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# जिले की प्राचीन पांडुलिपि का ज्ञान भारतम् पोर्टल पर हुआ डिजिटलीकरण





**नरसिंहपुर।** जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। जिले में उपलब्ध एक प्राचीन पांडुलिपि को सफलतापूर्वक ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड कर उसका डिजिटल दस्तावेजीकरण किया गया है। यह कार्य कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह निर्देशन में, प्राचार्य डाइट श्री राजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा जनपद पंचायत चीचली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गुप्ता के समन्वित प्रयासों से संपन्न हुआ। चीचली-सालीचौका के समीप स्थित ग्राम मेरागांव में संत श्री देवादासजी महाराज द्वारा सधुकड़ी बोली में रचित इस दुर्लभ पांडुलिपि को ज्ञान भारतम् पोर्टल पर अपलोड कर डिजिटल रूप से संरक्षित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देशभर में उपलब्ध ज्ञात एवं अज्ञात स्थानों पर संरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा उनके डिजिटल दस्तावेजीकरण के उद्देश्य से ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत दुर्लभ एवं ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित किया जा रहा है। जिले की इस उपलब्धि को स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## गीत-संगीत के माध्यम से दिया नशा मुक्ति का संदेश, दिलाई गई शपथ

**नरसिंहपुर।** जिले में युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरसिंहपुर के कला पथक दल एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत सिंहपुर और जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत श्रीधाम सहित विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति से संबंधित संवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान कला पथक दल द्वारा गीत-संगीत के माध्यम से विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों और ग्रामीणजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# बलिदान दिवस पखवाड़ा के तहत पार्क में किया श्रमदान

करेली (स्वतंत्र मत)।

नगर पालिका परिषद करेली द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पखवाड़ा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महेंद्र वार्ड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पार्क परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के तहत पार्क में झाड़ू लगाकर सफाई की गई तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर, पार्षद श्रीमती संगीता शर्मा, श्रीमती ज्योति जैन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप सिंह ममार, आनंद सोनी, कालूराम सोनी, सुनील सोनी, सतीश शुक्ला सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक, जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 23 जून से 6 जुलाई तक चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता, श्रमदान एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।



# मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने सुनीं लोगों की समस्याएं

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने शुक्रवार को सेवासदन, लक्ष्मी टाउनशिप में जनसुनवाई की। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विधानसभा क्षेत्र से पधारे गणमान्य जनों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये । मंत्री राव उदयप्रताप सिंह सुबह 11 बजे सेवासदन पहुंचे। यहां नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की भीड़ लगी थी। मंत्री ने एक-एक कर सभी से मुलाकात की और आवेदन-पत्रों के माध्यम से रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। समस्याएं सुनने के बाद मंत्री ने अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।



मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जनता की समस्याएं हल करना हमारी प्राथमिकता हैं। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय-सीमा में मिले। मंत्री ने सभी समस्याओं का निपटारा चरणबद्ध तरीके से करने का आश्वासन दिया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बातचीत में मंत्री ने कहा कि संगठन की मजबूती ही सरकार की ताकत है। उन्होंने बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और जनता से निरंतर संपर्क में रहने की अपील की। उन्होंने आगे कहा हमारी सरकार जनसेवा के लिए बनी है। हर कार्यकर्ता जनता का सेवक है। गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। यहां के हर नागरिक की समस्या मेरी समस्या है। हम मिलकर गाडरवारा को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर योगेश कौरव, सभापति आनंद दुबे, भाजपा नेता अनूप जैन, राजेश जैन, सुरेश श्रीवास्तव सहित भाजपा के पदाधिकारी आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# 36वें दीक्षांत समारोह में मिश्रा को डीलिट की सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि, महाविद्यालय परिवार में हर्ष

करेली (स्वतंत्र मत)।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित गौरवशाली दीक्षांत समारोह में महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, करेली के लिए गर्व का क्षण रहा। समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गजानन मिश्रा को डी.लिट्. (डॉक्टर ऑफ लेटर्स) की सर्वोच्च शैक्षणिक उपाधि से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल छह स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। कु. पलक सोनी (एम.एससी. भौतिक शास्त्र विभाग) एवं कु. प्रियंका साहू (एम.एससी. रसायन शास्त्र विभाग) को दो स्वर्ण पदक, जबकि कु. प्रियांशी कौरव (एम.एससी. रसायन शास्त्र विभाग) तथा रोहित नामदेव (पत्रकारिता विभाग) को एक-एक स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। महाविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन एवं प्रतिभा का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान संबंधित विभागों के प्राध्यापकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा का गौरवपूर्ण प्रतिफल है।



आदर्श शिक्षण समिति अध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल सचिव राजीव अग्रवाल सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. अग्रवाल, उपप्राचार्य डॉ. ए.के. वाजपेयी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजीव चौबे सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने डॉ. गजानन मिश्रा, स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं संबंधित विभागों के प्राध्यापकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# स्मैक पाउड़र सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**लगभग 2 लाख 75 हजार रुपए कीमती 27.50 ग्राम स्मैक जप्त**

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के द्वारा जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 'ऑपरेशन ईगल क्लो' चलाया जा रहा है ।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर संदीप भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गाडरवारा, ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस की टीम के द्वारा दिनांक 24.06.2026 की रात्रि करीबन 23.25 बजे शमशान घाट के पास गाडरवारा में संदेही के कब्जे से 27.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउड़र जप्त किया गया है ।



शेख मजीद पिता शेख हकीम उम्र 52 वर्ष, निवासी- नरसिंह वार्ड करेली थाना करेली जिला नरसिंहपुर आरोपी के कब्जे से 27.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउड़र कीमती लगभग 2,75,000/- रुपए जप्त किया गया है ।

आरोपी- शेख मजीद के विरूद्ध धारा 8,21 ,स 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडरवारा निरीक्षक- अशोक सिंह चौहान के साथ उप निरीक्षक गजराज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ आरक्षक- महेन्द्र बावरिया, रुपेन्द्र चौबे, आरक्षक- नंदकिशोर, दिनेश पटेल, नीलेश दुबे, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक साइबर सेल की विशेष भूमिका रही ।

# महादेव वार्ड में 46 लाख के विकास कार्यों ने पकड़ी रफ्तार

## नाली-सड़क सहित छह गलियों का बदलेगा स्वरूप

करेली (स्वतंत्र मत)।

नगर पालिका परिषद करेली द्वारा महादेव वार्ड में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगभग 46 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें 33 लाख रुपये की लागत से ढकी हुई नाली निर्माण एवं कच्ची सड़क के सीमेंटीकरण का कार्य शामिल है, वहीं 13 लाख रुपये की लागत से छह गलियों में पेवर ब्लॉक, नाली मरम्मत एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। वार्ड में लंबे समय से जर्जर एवं टूटी-फूटी नालियों के कारण जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए नगर पालिका द्वारा 310 मीटर लंबी ढकी हुई नाली का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही 240 मीटर लंबी कच्ची सड़क का सीमेंटीकरण भी किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को जलभराव और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। नगर पालिका के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान सड़क की निर्धारित चौड़ाई भी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे भविष्य में यातायात संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। वहीं कच्ची सड़क के सीमेंटीकरण से नागरिकों को वर्षों बाद पक्की सड़क की सुविधा प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त वार्ड की छह गलियों में 13 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाने, नाली मरम्मत एवं कवर्ड नाली निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।



इन कार्यों के पूर्ण होने से गलियों का स्वरूप बदलेगा और स्थानीय नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार ने कहा कि परिषद का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है। महादेव वार्ड में कराए जा रहे निर्माण कार्यों से नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराए जा रहे हैं तथा समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए गए हैं।

# 14 वन्यजीवों की सामूहिक मौत

## तालाब में जहर मिलाने की आशंकाय तीन आरोपी गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र में 14 वन्यजीवों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मृत वन्यजीवों में 12 चीतल और 2 सांभर शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में तालाब के पानी में जहर मिलाए जाने की आशंका जताई गई है। मामले में वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह घुघरी-कांटी गांव के समीप जंगल में नियमित गश्त के दौरान वन अमले को एक तालाब के आसपास लगभग 100 मीटर के दायरे में 12 चीतल और 2 सांभर मृत अवस्था में मिले। सूचना मिलते ही वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डॉग स्क्वॉड एवं अन्य अमला मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड घुघरी गांव स्थित एक संदिग्ध के घर तक पहुंचा। तलाशी में वहां से ताजा खून के निशान, वन्यजीवों के बाल, मांस तथा शिकार में प्रयुक्त फंदे एवं अन्य उपकरण बरामद किए गए। संदिग्ध से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर



गडौरी गांव से दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वन मंडलाधिकारी (डीएफओ) गर्वित गंगवार ने बताया कि मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने देखा कि मृत वन्यजीवों के मुंह से झाग निकल रहा था। साथ ही तालाब के पानी की स्थिति भी संदिग्ध प्रतीत हुई, जिससे उसमें किसी जहरीले पदार्थ के मिलाए जाने की आशंका हुई। आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में तालाब के पानी में जहर मिलाने की बात स्वीकार की है। सभी मृत वन्यजीवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वहीं, तालाब के पानी के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है तथा संबंधित तालाब के आसपास कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है, ताकि कोई अन्य वन्यजीव या मवेशी दूषित पानी के संपर्क में न आए। साथ ही प्रभावित जल स्रोत को भी अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। वन विभाग का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# क्षेत्र में लूट करने वाले आरोपी को अमृतसर से किया गिरफ्तार

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के सशक्त निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसीया एवं थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी झिंझरी द्वारा चौकी क्षेत्र मे लूट करने बाले आरोपी को अमृतसर पंजाब से किया गिरफ्तार। 21 मई को फरियादी चौकी झिंझरी उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि 21 मई की सुबह 5/45 बजे बढई के काम से अपने पिता के साथ अपनी मोटर साइकिल से ग्राम गैतरा से धरमपुरा जा रहा था। धरमपुरा जाने के लिये मै पिपरौंध से जयंतीनगर रास्ते मे करीब 250 मीटर आगे गया ही था कि तभी दो व्यक्ति रास्ते मे दिखे दोनो व्यक्ति अपने हाथ फैला कर रोकने लगे दोनो मे एक व्यक्ति अपने हाथ कट्टा जैसा लिया था जब फरियादी नही रुका व उनके बीच से मोटर साईकिल निकालना चाहा तो दोनो मे से एक व्यक्ति ने फरियादी के पिता का हाथ पकड़ कर खीच दिया जिससे फरियादी के पिता मोटर साईकिल से गिर गये फिर आरोपीगण फरियादी के पास जाकर उसके सिर मे कट्टा लगा कर बोले गाड़ी से उतर फरियादी के गाडी से उतरने के उपराँत दोनो मोटर साईकिल मे बैठ जबलपुर कटनी हाईवे की ओर भाग गये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर थाना माधवनगर मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर चौकी झिंझरी पुलिस के द्वारा अपराध की बारीकी से विवेचना की जाकर चौकी प्रभारी उप



निरीक्षक राजेश कुमार दुबे के नेतृत्व मे चौकी झिंझरी पुलिस के व्दारा हाइवे मे लगे कैमरों व सायबर सेल कटनी की मदद से आरोपियों की पतासाजी कर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेश कुमार दुबे के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले के मुख्य आरोपी मनराज उर्फ मनमोहित सिंह पिता रजिन्द्र सिंह उम्र 35 साल निवासी मीराकोर्ट थाना कम्बो जिला अमृतसर को 24 जून को अमृतसर पंजाब से अभिरक्षा मे लेकर गिरफ्तार किया है। जिसे वैधानिक कार्यवाही उपराँत माननीय न्यायालय मे पेश किया गया है। मामले के अन्य आरोपियों की सक्रियता से पता तलाश की जा रही है जिन्हे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आयोजित हुआ प्रशिक्षण वर्ग

## नगर कार्यकारिणी घोषितः नगर अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार तथा नगर मंत्री बने अवध पांडेय

कटनी (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी नगर का प्रशिक्षण वर्ग कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स महाविद्यालय में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन कर किया गया। नगर प्रशिक्षण वर्ग में विद्यार्थी परिषद के नगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह वर्ग सत्रो में आयोजित किया गया जिसमे कार्यपद्धित एवं दायित्व बोध विषय पर नरसिंहपुर विभाग संगठन मंत्री एवं प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्र के उद्घाटन एवं प्रस्ताविक सत्र में विद्यार्थी परिषद नरसिंहपुर विभाग के संगठन



मंत्री व प्रांत मंत्री सुव्रत बाझल विभाग प्रमुख श्रीकांत शुक्ला विभाग सैयोजक सीमांत दुबे नरसिंहपुर व कटनी के जिला संगठन मंत्री प्रिंस तिवारी जिला सयोजक संजय कुशवाहा उपस्थित रहे। अंतिम सत्र में नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। सत्र 2026-27 की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष कपूर सोनी, कु सिखा सोनी, डॉ जय प्रकाश अवस्थी, डॉ भूपेंद्र कुमार शुक्ला, नगर मंत्री अवध पांडेय, सह मंत्री समर्पण झा, सृजन चौदहा, कु साक्षी तिवारी, आदेश त्रिपाठी, विनायक गौतम, सक्षम सोनकर, नगर कोषाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, नगर एसएफडी प्रमुख प्राची शर्मा, सह प्रमुख दुर्गेश तिवारी, एसएफएस सैयोजक विवेका योगी, सह प्रमुख अक्षत शर्मा, कन्हैया त्रिपाठी, महाविद्यालीन कार्यप्रमुख सागर कुशवाहा, विद्यालीन कार्य प्रमुख इशांत मनोचा, फार्माविजन कार्य संयोजक आयुष बड़गैया, विधि कार्य सैयोजक आयुष तोमर, नगर तकनीकी कार्य प्रमुख जानू दूबे, खेलो भारत प्रमुख अंशुल गोस्वामी, खेलो भारत सहप्रमुख राहुल दूबे, सोशल मीडिया प्रमुख सुमित रजक, सह प्रमुख हरिओम पटेल, राज पटेल, कला मंच प्रमुख सिमरन माँझी, सह प्रमुख अदिति शुक्ला, विधायलीन शिवजतीन तिवारी, सह प्रमुख सुयंत गर्ग, दिव्यांश दीवेदी, स्टडी सर्किल प्रमुख अभिषेक पटेल, एनसीसी प्रमुख कु मानसी तिवारी, सह प्रमुख कु प्रियंका साहु है।

# 25 जून आपातकाल की बरसी को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाकर भाजपा ने लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

कटनी (स्वतंत्रमत)

देश में लगाए गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी द्वारा जिला कार्यालय में संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आपातकाल का विरोध करने के कारण जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों मीसा बंदियों तथा उनके परिजनों को लोकतंत्र की रक्षा में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, पूर्व विधायक अलका जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान लोकतंत्र सेनानी संतोष असाटी, संत कुमार असाटी, रामसुजान सोनी, जयप्रकाश निगम मन्तू, काशीराम राय, विजय टीपा, गया प्रसाद चौरसिया, रमेशचंद्र जैन सहित अन्य लोकतंत्र सैनानी एवं लोकतंत्र प्रहरी सहित महापौर प्रीति सूरी, मछुआरा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्याम निषाद, रामरतन पायल, पीताम्बर टोपनानी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री वागीश आनंद ने किया, जबकि



आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी आशुतोष शुक्ला ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले मीसा बंदियों और उनके परिवारों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसमें नागरिक अधिकारों का हनन किया गया, लेकिन लोकतंत्र सेनानियों ने तमाम यातनाएं सहकर भी अपने सिद्धांतों और कर्तव्यों से समझौता नहीं किया। पूर्व विधायक अलका जैन ने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय निर्मल चंद जैन के आपातकाल के दौरान के संघर्ष और उन्हें झेलनी पड़ी यातनाओं के संस्मरण साझा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए दिया गया उनका योगदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। लोकतंत्र सेनानी रमेश चंद्र जैन ने भी आपातकाल के दौर की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को स्मरण किया। कार्यक्रम में जिले भर से आए मीसा बंदियों अथवा उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं लोकतंत्र सेनानियों के परिजन उपस्थित रहे।

# छात्रों की गूंज अभियान युवाओं की आवाज को देगा नई दिशा

कटनी (स्वतंत्रमत)

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा प्रारंभ किए गए छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से देशभर के छात्रों, प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों एवं युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। राजस्थान के कोटा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवाओं के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया गया। राहुल गांधी ने कहा कि देश का युवा निष्पक्ष परीक्षा,



समयबद्ध भर्ती और बेहतर भविष्य की मांग कर रहा है। छात्रों की गूंज अभियान देश के करोड़ों छात्रों एवं युवाओं के अधिकारों, सपनों और संघर्षों की आवाज बनकर उभरा है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष एड. अमित शुक्ला ने कहा कि आज देश का युवा पेपर लीक, परीक्षा निरस्तीकरण, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी एवं बढ़ती बेरोजगारी से परेशान है। कांग्रेस पार्टी युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाते हुए उनके अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का ने कहा कि शिक्षा और रोजगार युवाओं का अधिकार है। परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, समयबद्ध भर्ती एवं युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

## सृजन चौदहा पुनः बने विद्यार्थी परिषद के नगर सह मंत्री

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप कटनी का आयोजित हुआ प्रशिक्षण वर्ग, नवघोषित नगर कार्यकारिणी में सृजन चौदहा को पुनः नगर सह मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उनकी पुनर्नियुक्ति पर परिषद कार्यकर्ताओं एवं छात्र समुदाय ने हर्ष व्यक्त किया है। परिषद पदाधिकारियों ने बताया कि अभाविप देश के युवाओं की आवाज़ बनकर शिक्षा, छात्र हित एवं राष्ट्र निर्माण के विभिन्न विषयों पर सक्रिय भूमिका निभा रही है। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में परिषद निरंतर छात्र शक्ति को संगठित कर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दे रही है। दायित्व मिलने पर सृजन चौदहा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे छात्र हितों की रक्षा एवं संगठन विस्तार के लिए पूर्ण निष्ठा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

# एमजीएम हॉस्पिटल कटनी में ब्रेन ट्यूमर का हुआ सफल ऑपरेशन

कटनी (स्वतंत्रमत)

महिला ममता गुप्ता उम्र 55 वर्ष पति जगदीश प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम बड़खेरा तहसील सिमरिया जिला पन्ना को घर पर काम करते समय अचानक सिर में दर्द हुआ एवं चक्कर खाकर गिर गयी। फिर अगले दिन ममता के परिजन ममता को एम.जी.एम. हॉस्पिटल में लाकर हॉस्पिटल के न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ सुशान्त शिवाजी पाटिल को दिखाया। डॉ पाटिल ने ममता का एम.जी.एम. हॉस्पिटल में सी.टी. स्कैन एवं एम.आर.आई. की जांच करवायी जिसमें पता चला कि ममता गुप्ता को ब्रेन ट्यूमर हो



गया है जिसे जल्दी से जल्दी ऑपरेशन कर निकालना पड़ेगा। मरीज के परिजनों को बताया कि ममता का ऑपरेशन कर ब्रेन ट्यूमर तत्काल निकालना पड़ेगा। परिजन द्वारा ऑपरेशन की सहमति दी एवं बताया कि हमारे पास आयुष्मान कार्ड है तब आयुष्मान कार्ड की जांच कर मरीज ममता गुप्ता का तत्काल आयुष्मान कार्ड योजना के तहत ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन एवं इलाज किया गया। मरीज अब पूर्णतः स्वस्थ्य है। मरीज के परिजन एम.जी.एम. हॉस्पिटल के इलाज एवं आयुष्मान कार्ड योजना से पूर्णतः सन्तुष्ट है।

## स्लीमनाबाद टनल का जल्द होगा लोकार्पण 14 जिलों में बढ़ेंगी सिंचाई सुविधाएं




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में जल संसाधन एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने नर्मदा की अमृतधारा को सोन नदी से जोड़ने वाली स्लीमनाबाद टनल के लोकार्पण की तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिंचाई क्षमता बढ़ाने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए ताकि किसानों को अधिक लाभ मिल सके। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष 14 जिलों में पूर्ण हो चुकी सिंचाई परियोजनाओं के लोकार्पण की तैयारी कर ली गई है। आगामी छह माह में लगभग 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बढ़ाने वाली विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इन परियोजनाओं से बड़वानी, सीहोर, शाजापुर, देवास, झाबुआ, धार, खंडवा, खरगोन, अलीराजपुर, राजगढ़, जबलपुर, कटनी और मंडला सहित कई जिलों के किसानों को लाभ मिलेगा।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत पीएम श्री विद्यालय कैलवारा में शाला प्रवेश उत्सव आयोजित

## पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों का किया मार्गदर्शन, सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर सुरक्षा का दिया संदेश

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश शासन के स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत शाला प्रारंभ उत्सव कार्यक्रम के द्वितीय चरण के तहत 16 जून से पुनः शासकीय विद्यालय प्रारंभ हो गए हैं। शासन के निर्देशानुसार 25 जून को जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना कुठला क्षेत्र अंतर्गत पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें शिक्षा के महत्व, अनुशासन, नैतिक







मूल्यों एवं सुरक्षित डिजिटल जीवन के संबंध में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों में भी वृद्धि हुई है। ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, साइबर बुलिंग, डेटा चोरी, हैकिंग तथा फर्जी सूचनाओं के प्रसार जैसी घटनाओं से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सतर्क एवं जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, किसी भी अज्ञात व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने तथा अपनी व्यक्तिगत एवं गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से डिजिटल अरेस्ट जैसी साइबर ठगी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है तथा पुलिस कभी भी व्हाट्सएप कॉल या फोन के माध्यम से किसी व्यक्ति से पूछताछ या धनराशि की मांग नहीं करती। ऐसे कॉल एवं संदेश साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए किए जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया तथा बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार होता है तो वह तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए अथवा साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करे। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसिया, डीएसपी (अजाक) शिवा पाठक, थाना प्रभारी कुठला अखिलेश दाहिया, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फीफा विश्वकप : जर्मनी को 2-1 से हराकर इक्वाडोर ने किया बड़ा उलटफेर

न्यू जर्सी (वार्ता)।

मुश्किल हालात में एक गोल से पिछड़ने के बावजूद इक्वाडोर ने विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर कर जर्मनी पर 2-1 से अहम जीत दर्ज कर नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। सेबेस्टियन बेकासेसे की टीम की शुरुआत बहुत खराब रही, जब लेरॉय साने ने सिर्फ़ दो मिनट में जर्मनी को एक गोल से आगे कर दिया, लेकिन इक्वाडोर ने जल्द ही वापसी की। नौवें मिनट में निल्सन अंगुलो ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अंगुलो ने दूर से एक शानदार शॉट मारकर न्युअर को छकाते हुए गोल किया। हालांकि, इक्वाडोर के लिए ड्रॉ काफी नहीं था, क्योंकि उन्हें पता था कि टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने से बचने के लिए जीत जरूरी है, और तीन पॉइंट हासिल करने के लिए उन्हें



बहुत मेहनत करनी पड़ी। और आखिरकार 77वें मिनट में अहम सफलता मिली, जब रोड्रिगेज के हेडर से गेंद प्लाटा के पास पहुंची और उन्होंने न्युअर को छकाते हुए गोल करके अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

मैच शुरू होने से पहले इक्वाडोर ने इस टूर्नामेंट में एक भी गोल नहीं किया था और अब तक सबसे कम शॉट (सात) लगाए थे। हार के बावजूद, जर्मनी अपने शुरुआती दो मैच जीतने के कारण ग्रुप ई में शीर्ष पर बनी हुई है। बेहतर हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की वजह से वह दूसरे स्थान पर मौजूद आइवरी कोस्ट से आगे रही। इक्वाडोर तीसरे स्थान पर रही और ग्रुप एल के नतीजों के आधार पर राउंड ऑफ़ 32 में इंग्लैंड से उसका मुकाबला हो सकता है, जबकि कुराकाओ सिर्फ़ एक अंक के साथ सबसे नीचे रही।

## तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराया



कान आयहान के विजयी गोल की बदौलत तुर्की ने फीफा विश्वकप 2026 में ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में अमेरिका की टीम पर 3-2 से जीत दर्ज की। इंग्लवुड के सोफी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में अमेरिकी की टीम को पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी तुर्की टीम से 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। मैच के आखिरी मिनट में कान आयहान के गोल की बदौलत तुर्की ने जीत हासिल की। अमेरिका पहले ही नॉकआउट चरण में पहुंच चुका है। अमेरिका के लिए ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में और सेबस्टियन बर्हाल्टर 49वें मिनट में गोल किये। वहीं तुर्की की ओर से अर्दा गुलेर, ओरकुन कोकुकु और कान आयहान ने एक-एक गोल दागे। टूर्नामेंट के इस चरण में हार के बावजूद, अमेरिका की टीम अपने ग्रुप में शीर्ष पर रही और राउंड ऑफ 32 में उनका सामना बोस्निया-हर्जेगोविना से होगा। वहीं, जीत के साथ तुर्की का विश्व कप अभियान समाप्त हो गया।

## ऑस्ट्रेलिया ने राउंड 32 के लिए क्वालीफाई किया

ऑस्ट्रेलिया ने पैराग्वे के खिलाफ गोल रहित ड्रा मैच खेलकर फीफा विश्व कप 2026 के नॉकआउट चरणों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और कई मौके बनाये, लेकिन निर्धारित समय में दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। मैच अधिकारी ने अतिरिक्त समय दिया। लेकिन खिलाड़ी गोल करने में नाकाम रहे। पैराग्वे के साथ गोल रहित ड्रॉ ने टोनी पोपोविच की टीम को ग्रुप डी



में दूसरा स्थान दिलाने के लिए काफी था। इस परिणाम से सुनिश्चित हो गया है कि ऑस्ट्रेलिया अब तीन जुलाई को डलास, टेक्सास में ग्रुप जी के दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी।

## विंबलडन: सेरेना विलियम्स का जॉइंट से होगा सामना

लंदन (वार्ता)।



सेरेना विलियम्स अगले हफ़्ते विंबलडन में अपनी वापसी के पहले राउंड में दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी माया जॉइंट के खिलाफ खेलेंगी। सात बार की महिला सिंगल्स चैंपियन को विंबलडन 2026 के लिए वाइल्डकार्ड दिया गया है, जिससे वह चार साल दूर रहने के बाद 44 साल की उम्र में वापसी कर रही हैं। अमेरिकी सुपरस्टार विलियम्स ड्रॉ के निचले हिस्से में हैं और इसलिए मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय जॉइंट के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी, जो पिछले साल पहले राउंड में हार गई थीं और अपने पिछले 14 मैचों में से सिर्फ़ एक ही जीत पाई हैं। अगर विलियम्स जॉइंट को हरा देती हैं, तो दूसरे राउंड में उनका सामना उभरती हुई फिलीपींस की स्टार एलेक्जेंड्रा एला से हो सकता है, जो 29वीं सीड हैं और मेक्सिको की रेनाटा ज़ाराज़ुआ के खिलाफ खेलेंगी। तीसरे राउंड में मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक से सामना हो सकता है, जो तीसरी सीड हैं और अपने टाइटल का बचाव अमेरिकी खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड के खिलाफ़ शुरू करेंगी। पुरुषों के ड्रॉ में, दुनिया के नंबर 1 और मौजूदा चैंपियन जानिक सिनर अपने शुरुआती मैच में सर्बिया के दुनिया के 51वें नंबर के खिलाड़ी मियोमिर केकमानोविच का सामना करेंगे। इटली के इस खिलाड़ी ने अपने पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की है, जिसमें 2024 चैंपियनशिप का मैच भी शामिल है। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच का मुकाबला चीन के वू यिबिंग से होगा।

सातवीं सीड का सामना दूसरे राउंड में दुनिया के पूर्व नंबर 3 स्टेफानोस सितसिपास से हो सकता है, जबकि सेमीफाइनल तक उनका सामना सिनर से नहीं होगा। विंबलडन की शुरुआत सोमवार (29 जून) को पुरुषों और महिलाओं के सिंगल्स ड्रॉ के ऊपरी हिस्से के मैचों के साथ होगी।

## जम्मू एंड कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष निलंबित

जम्मू (वार्ता)

जम्मू और कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) की एपेक्स काउंसिल ने जेकेसीए के



संविधान के तहत पास किए गए एक प्रस्ताव के जरिए अपने अध्यक्ष जाविद अहमद किताब को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह फैसला गंभीर शिकायतें और सबूत मिलने के बाद लिया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि किताब ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन भरते समय गलत जन्मतिथि दी, ऐसे सार्वजनिक बयान दिए जिनसे ज्यूडिशियरी की गरिमा और आज़ादी को नुकसान पहुंच सकता है। जेकेसीए के कामकाज और प्रबंधन में रुकावट डाली, कर्मचारियों की सैलरी देने में देरी की, कथित तौर पर सांप्रदायिक बयान दिए।

## प्रो बॉक्सिंग लीग में महिलाओं पर लगी सबसे बड़ी बोली

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रो बॉक्सिंग लीग में इस बार सबसे अधिक मांग प्रीति, कोमलप्रीत कौर, रानी देवी, पर्व, प्रवीण कुमार, हनी ओलिवान, यशपाल और रॉबिन सिवाच की रही। इस साल आंध्र प्रदेश और संगरूर (पंजाब) में सिल्वर मेडल जीतने वाली प्रीति को पंजाब पिंड पहलवान ने सबसे बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। इस साल बनारस ट्रॉफी में गोल्ड जीतने वाली रानी देवी पर मुम्बई मुक्केबाजी टीम ने सबसे बड़ी बोली लगाई। यह लीग छह से दस जुलाई तक यहां तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। एशियन यूथ बॉक्सिंग की मेडलिस्ट कोमलप्रीत कौर को मध्य महायोद्धा ने और एसजीएफआई नेशनल बॉक्सिंग और पद्मश्री कौर सिंह मेमोरियल ट्रॉफी में गोल्ड जीतने वाले पर्व को पंजाब पिंड पहलवान ने अपनी टीम में शामिल किया। इसी तरह हनी को ओलिवान ईस्टर्न योद्धा ने और यशपाल और रॉबिन सिवाच को मध्य महायोद्धा ने बड़ी बोली के साथ अपनी टीमों में शामिल किया। इस बारे में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने कहा कि मध्य महायोद्धा टीम कोच संदीप मलिक की अगुवाई में चुनी गई जबकि पंजाब पिंड पहलवान को जसप्रीत सिंह ने, ईस्टर्न योद्धा को राजीव गोदारा ने और मुम्बई मुक्केबाज़ को वर्धमान और रोहिताश ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी-अपनी टीमों का गठन किया। मिश्रा ने कहा कि खिलाड़ियों को इस लीग के लिए वाराणसी (उत्तर प्रदेश), गोलाघाट (असम) और संगरूर (पंजाब) में हुई प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के आधार पर ऑक्शन पूल में शामिल किया गया था।, वहीं से इन कोचों ने इन्हें अपनी टीमों में जगह दी। हर टीम में पांच पुरुष और तीन महिला मुक्केबाज़ों को चुना गया है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस बार लीग में आपको कई तरह की इनोवेशन देखने को मिलेंगे। इसका प्रसारण छह से दस जुलाई को रोज़ शाम पांच से रात दस बजे तक जियो हॉटस्टार पर किया जाएगा।

## केएससीए सेक्रटरी संतोष मेनन अयोग्य घोषित

**बेंगलुरु (वार्ता)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के लोकपाल ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के सेक्रेटरी संतोष मेनन को नौ साल का अधिकतम कार्यकाल पूरा करने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया है। लोकपाल ने पद को रिक्त होने घोषित करते हुए बीसीसीआई और केएससीए को ज़रूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बीसीसीआई के लोकपाल के तौर पर काम कर रहे जस्टिस (रिटायर्ड) अरुण मिश्रा ने यह आदेश केएससीए के संस्थागत सदस्य डॉल्फिन क्रिकेटर्स की शिकायत पर दिया।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मेनन ने बीसीसीआई और केएससीए के नियमों के तहत तय कार्यकाल की सीमा पार कर ली है। लोकपाल ने पाया कि प्रबंधन समित के सदस्य और पदाधिकारी के तौर पर मेनन की कुल सेवा नौ साल की सीमा से ज़्यादा हो गई थी, इसलिए संबंधित प्रावधानों के तहत उन्हें अयोग्य माना गया।

## राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने सिडनी में इंटरनेशनल यूथ हॉकी कप के फाइनल में बनाई जगह

**चंडीगढ़ (वार्ता)।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित इंटरनेशनल यूथ हॉकी कप 2026 (अंडर-18) में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। कोच विकास पाल और टीम मैनेजर संजीव कुमार के मार्गदर्शन में अकादमी की टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन सामरिक अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने लगातार पांच मुकाबले जीतकर अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपना अजेय अभियान बरकरार रखा। राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने अपने अभियान की शुरुआत न्यू साउथ वेल्स लायंस पर 8-0 की शानदार जीत के साथ की। इसके बाद टीम ने टीम मजुलाह सिंगापुर को 5-0 से हराया और फिर एनएसडब्ल्यू सिंघ्स के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-2 से जीत दर्ज की। अपनी शानदार लय को बरकरार रखते हुए अकादमी ने चौथे मुकाबले में बॉबी



अकादमी को 6-1 से हराया। इसके बाद लीग चरण के अंतिम मुकाबले में शेपार्टन हॉकी अकादमी को 7-1 से पराजित कर ग्रुप चरण का समापन शानदार अंदाज में किया। इन परिणामों के साथ राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने ग्रुप चरण में सभी मुकाबले जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि एनएसडब्ल्यू सिंघ्स दूसरे स्थान पर रहे। अब शनिवार को सिडनी में दोनों टीमें खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। एनएसडब्ल्यू सिंघ्स ने पांच में से तीन मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और एक मैच गंवाया, जिसके साथ उन्होंने 10 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। बॉबी अकादमी नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

पूरे ग्रुप चरण में राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने पांच मैचों में कुल 31 गोल किए, जबकि केवल चार गोल ही खाए। यह प्रदर्शन टीम की आक्रामक क्षमता के साथ-साथ मजबूत रक्षात्मक खेल को भी दर्शाता है। अब अकादमी एक और अंतरराष्ट्रीय खिताब से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले इसी वर्ष उसने केन्या में आयोजित सिख यूनियन क्लब नैरोबी शताब्दी समारोह हॉकी टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम किया था।

## नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंपों की संख्या सात हजार के पार

नई दिल्ली (वार्ता)।

नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंपों की संख्या सात हजार के पार पहुंच गयी है। कंपनी ने शुक्रवार को इस उपलब्धि पर जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसका व्यापक नेटवर्क महानगरों, प्रमुख राजमार्गों, उभरते औद्योगिक कॉरिडोर, टियर-2 शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक फैला हुआ है। यह देश की परिवहन जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहा है। नायरा एनर्जी ने महज पिछले डेढ़ साल में 500 से अधिक नये पेट्रोल पंप स्थापित किये हैं।

कंपनी का कहना है कि वह अपने सभी आउटलेट्स पर उच्च गुणवत्ता वाला ईंधन, सही मात्रा में आपूर्ति और एक समान परिचालन मानक सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके साथ ही ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक फोरकोर्ट डिजाइन, सुविधाजनक सेवाएं और ग्राहक-केंद्रित रिटेल सुविधाओं का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नायरा एनर्जी देशभर में 55 हजार से अधिक लोगों को आजीविका मुहैया करा रहा है।

कंपनी का प्रत्येक नया आउटलेट ग्राहकों, डीलरों, कर्मचारियों, व्यापारिक साझेदारों और स्थानीय लोगों के लिए नये अवसर पैदा कर रहा है।

## टाटा का अपने यात्री वाहन डीलरों को आसान ऋण उपलब्ध कराने के लिए यूको बैंक से करार

मुंबई (वार्ता)।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपने अधिकृत डीलरों को आसान ऋण उपलब्ध कराने के लिए यूको बैंक के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। टीएमपीवी और यूको बैंक ने शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इससे डीलरों की रोजमर्रा की पूंजी आवश्यकताओं को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा। इस साझेदारी के तहत डीलरों को उनकी जरूरतों के अनुरूप उनके पास मौजूद इन्वेंट्री की बिना पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के मुख्य वित्तीय अधिकारी धीमन गुप्ता ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विशेष कार्यक्रम के माध्यम से




कंपनी के अधिकृत डीलर साझेदारों को टाटा की पारंपरिक आंतरिक दहन इंजन वाले और इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी। डीलर नेटवर्क कंपनी की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग डीलरों को अपनी इन्वेंट्री का बेहतर प्रबंधन करने में सक्षम बनायेगा। यूको बैंक के महाप्रबंधक शशि कांत कुमार ने कहा कि ऑटोमोबाइल मूल्य श्रृंखला में डीलरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उनके व्यवसाय के सतत विकास तथा परिचालन दक्षता के लिए समय पर कार्यशील पूंजी की उपलब्धता बेहद आवश्यक है।

## इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात मई में रिकॉर्ड 12.31 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** पश्चिम एशिया संकट और उससे उत्पन्न व्यापारिक व्यवधानों के बीच भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात इस साल मई में पहली बार 12 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल मई में यह 9.89 अरब डॉलर था। इस प्रकार सालाना आधार पर इसमें 24.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। सरकार द्वारा जारी त्वरित अनुमान के अनुसार, मई में देश के कुल माल निर्यात में इंजीनियरिंग उत्पादों का योगदान 27.2 प्रतिशत रहा। इंजीनियरिंग उत्पाद निर्यातकों के संगठन ईईपीसी इंडिया की शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि रिकॉर्ड निर्यात मुख्य रूप से विद्युत मशीनरी एवं उपकरण, जहाज एवं नौकाएं, मोटर



वाहन, लोहा-इस्पात तथा उनके उत्पादों के बेहतर प्रदर्शन के कारण संभव हुआ। इंजीनियरिंग क्षेत्र के 34 में से 28 उत्पाद समूहों में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गयी। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष पंकज चड्ढा ने कहा कि वैश्विक कंपनियां अब अपनी आपूर्ति श्रृंखला में केवल एक देश, विशेषकर चीन, पर निर्भरता कम कर रही हैं। इससे भारतीय इंजीनियरिंग कंपनियों के लिए नये अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा, इन अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए भारतीय इंजीनियरिंग निर्यातकों को उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और आयातक देशों के मानकों के अनुरूप अनुपालन को और मजबूत करना होगा। साथ ही, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से तेज नीतिगत सहायता, सस्ता व्यापार वित्त और बेहतर जोखिम सुरक्षा भी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के उचित मार्गदर्शन से 2030 तक 250 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इंजीनियरिंग निर्यात 22.66 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 19.41 अरब डॉलर था। इस प्रकार 16.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। उत्तरी अमेरिका, पश्चिम एशिया एवं उत्तर अफ्रीका, तथा यूरोपीय संघ भारतीय इंजीनियरिंग उत्पादों के सबसे बड़े आयातक रहे। मई 2026 में इनकी हिस्सेदारी क्रमशः 19.3 प्रतिशत, 16.7 प्रतिशत और 15.2 प्रतिशत रही। शीर्ष पांच निर्यात गंतव्य देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, जर्मनी और सऊदी अरब शामिल हैं। इस साल अप्रैल और मई में अमेरिका को 3.64 अरब डॉलर के इंजीनियरिंग उत्पाद निर्यात किये गये, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है।

## चावल-दाल में मंदी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली (वार्ता)।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव गिर गया। चावल के साथ दालों में भी मंदी देखी गयी। वहीं, गेहूं और चीनी में तेजी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 57 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।

गेहूं चार रुपये महंगा हुआ और 2,806 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में नरमी रही। चना दाल की औसत कीमत 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गयी। मूंग दाल में 37 रुपये और उड़द दाल में 33 रुपये की गिरावट रही। तुअर दाल 32 रुपये और मसूर दाल 25 रुपये प्रति



क्विंटल सस्ती हुई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा नौ रिंगिट चढ़कर 4,566 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.86 प्रतिशत टूटकर 66.61 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजार में पाम ऑयल की औसत कीमत 97 रुपये और मूंगफली तेल की 63 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सोया तेल 60 रुपये और सूरजमुखी तेल 52 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति 77 रुपये और सरसों तेल छह रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी 13 रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव दाल चना 7702.01 रुपये, मसूर काली 8141.94 रुपये, मूंग दाल 10120.85 रुपये, उड़द दाल 10894.70 रुपये, तुअर दाल 11238.60 रुपये प्रति क्विंटल रही। गेहूं दड़ा 2805.87 रुपये और चावल 3843.25 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3268.86 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी एस 4373.13 रुपये और गुड़ 5129.73 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। सरसों तेल 19437.10 रुपये, मूंगफली तेल 19437.10 रुपये, सूरजमुखी तेल 17960.85 रुपये, सोया तेल 15372.73 रुपये, पाम ऑयल 13931.40 रुपये और वनस्पति 15269.53 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# 'लोकतंत्र सेनानियों' को स्वतंत्रता सेनानियों जैसा सम्मान दिया जाये

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की कई घोषणाएं

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन में पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी ने लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समान सम्मान देने और उन्हें मिलने वाली पेंशन को आयकर से मुक्त करने की मांग उठाई। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकतंत्र सेनानियों के लिए अनेक नई सुविधाओं की घोषणा की। रवीन्द्र भवन में आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सोलंकी ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समान सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह निर्णय केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का विषय है। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को मिलने वाली 30 हजार रुपये मासिक पेंशन को आयकर से मुक्त किए जाने की भी मांग दोहराई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जबकि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक व्यवस्था को दबाने का प्रयास किया गया था। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष के कारण देश में लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के लिए विशेष ट्रेन से तीर्थ यात्रा, सरकारी विश्राम गृहों में दो दिन तक नि:शुल्क ठहरने की सुविधा, दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों की स्मृति में पार्क और मार्गों का नामकरण तथा गंभीर बीमारी की स्थिति में उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि वृद्ध लोकतंत्र सेनानियों की सुविधा के अनुसार जिला अथवा बैंक शाखा परिवर्तन की व्यवस्था की जाएगी। जिन सेनानियों को अभी तक ताम्रपत्र नहीं मिले हैं, उन्हें कलेक्टर के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे।

साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों में लोकतंत्र सेनानियों को अधिकारी स्तर का सम्मान देने और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश जारी किए जाएंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता तथा 95 वर्षीय वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानियों शांतिलाल संघवी और लक्ष्मीनारायण पाटीदार का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोकतंत्र सेनानी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

### चार विभूतियों की जयंती पर किया नमन

*मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे, महान समाज सुधारक छत्रपति शाहूजी महाराज, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय तथा जैन संत तरुण सागर जी महाराज की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परमवीर चक्र से सम्मानित सेकेंड लेफ्टिनेंट रामा राघोबा राणे ने देश की रक्षा के लिए अद्भुत पराक्रम का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि सैन्य सेवा के बाद भी राणे देश के प्रति समर्पित रहे और अनुकरणीय कार्य किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामा राघोबा राणे पहले ऐसे योद्धा थे, जिन्हें उनके जीवनकाल में ही परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया और राष्ट्र उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने छत्रपति शाहूजी महाराज को सामाजिक न्याय, शिक्षा और समान अवसरों का अग्रदूत बताते हुए कहा कि समतामूलक समाज के निर्माण और जनकल्याण के प्रति उनका योगदान सभी को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराता रहेगा। डॉ. यादव ने महान साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी ओजस्वी लेखनी ने राष्ट्रवाद की भावना को जागृत किया और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम का संचार किया। उन्होंने कहा कि उनकी कालजयी रचनाएं सदैव राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और कर्तव्यबोध की प्रेरणा देती रहेंगी। मुख्यमंत्री ने जैन संत तरुण सागर जी महाराज को नमन करते हुए कहा कि सत्य, संयम, नैतिकता और मानव मूल्यों पर आधारित उनके प्रेरक विचार आज भी समाज को जागरूक, संस्कारित और सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।*



## पुलिस सैलरी पैकेज योजना कठिन समय में पुलिस परिवारों का सशक्त सहारा

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों के लिए सशक्त सहारा बनकर सामने आ रही हैं। इसी क्रम में मंडला में दिवंगत पुलिसकर्मी के परिजन को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई है। 35वीं वाहिनी मंडला में पदस्थ स्वर्गीय कार्यवाहक प्रधान आरक्षक मुकेश बंसकार का सर्पदंश के कारण निधन हो जाने पर उनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा मंडला में पुलिस सैलरी पैकेज योजना से संबद्ध होने के कारण उनके नामांकित उत्तराधिकारी उनकी पत्नी श्रीमती रजनी बंसकार को दुर्घटनावश मृत्यु बीमा के रूप में 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। सेनानी 35वीं वाहिनी मंडला राजेश रघुवंशी द्वारा परिजनों को उक्त राशि का चेक सौंपा गया।

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें एक करोड़ रुपये का आकस्मिक मृत्यु बीमा, होम लोन पर विशेष ब्याज दरें, मुफ्त डेबिट कार्ड और बीमा परिवार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा कवच शामिल हैं।

## सांभर को मानव भोजन खिलाने पर प्रभारी सहायक संचालक निलंबित

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में रेस्क्यू किए गए सांभर को मानव भोजन खिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रभारी सहायक संचालक विनोद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में प्रभारी सहायक संचालक विनोद वर्मा एक सांभर के साथ अस्वाभाविक व्यवहार करते हुए दिखाई दिए। विभाग ने इसे शासकीय दायित्वों के विपरीत गंभीर लापरवाही मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम-3 का उल्लंघन माना है। इसके आधार पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के तहत उन्हें 25 जून से निलंबित कर दिया गया। बताया गया कि यह कार्रवाई प्रमुख सचिव वन संदीप यादव के निर्देश पर की गई। निलंबन अवधि में विनोद वर्मा का मुख्यालय सहायक संचालक कार्यालय, पिपरिया (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) निर्धारित किया गया है और उन्हें सक्षम अनुमति के बिना मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार सांभर जैसे वन्यजीवों को नमकयुक्त अथवा मानव भोजन खिलाना उनके प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित कर सकता है। इससे वन्यजीवों की मनुष्यों पर निर्भरता बढ़ने तथा मानव-वन्यजीव संघर्ष की आशंका भी बढ़ सकती है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दो किसानों की मौत

**बैतूल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश में बैतूल जिले के भैंसदेही थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से दो किसानों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गुदगांव निवासी मारोती धोटे, सुखदेव डोंगरे, मोनू लोखंडे और पवन डोंगरे महाराष्ट्र के परतवाड़ा कृषि उपज बेचने गए थे। लौटते समय भैंसदेही क्षेत्र के झिरी गांव के समीप उनका ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में ट्रॉली के नीचे दबने से मारोती धोटे और सुखदेव डोंगरे की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। वहीं मोनू लोखंडे और पवन डोंगरे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकालकर भैंसदेही के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया।

## नवीन आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला कल

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न अंगों के बीच डिजिटल समन्वय को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 28 जून को भोपाल में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कार्यशाला रविवार को प्रात: 9.30 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित होगी। इसका आयोजन इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यशाला में भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही पुलिस, न्यायपालिका, अभियोजन, कारागार एवं फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के बीच डिजिटल समन्वय को मजबूत बनाने की रणनीतियों पर चर्चा होगी।

## 3 तहसीलदार एवं 2 नायब तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने 3 तहसीलदार एवं 2 नायब तहसीलदारों को मप्र लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं के आवेदन समय-सीमा बाह्य लंबित प्रदर्शित होने पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण कराये जाने मे रूचि नही लेने के आरोप पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं।

## बस-ऑटो रिक्शा में टक्कर, 12 घायल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर चिरईचोंच के पास एक अज्ञात यात्री बस ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गयाए जिसमें 12 से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार नोहटा थाना क्षेत्र के गाड़ाघाट टपरिया निवासी लोग एक तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दमोह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद बस चालक वाहन लेकर जबेरा की ओर फरार हो गया। हादसे के समय ड्यूटी पर जा रहे आबकारी विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अपने वाहनों से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों में पुरुषए महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। घायलों में रचना, कौशल्या, अज्जू, वर्षा, गौराबाई,



केसरबाई, जमुनाबाई, वंदना, ऑटो चालक कीरत, रश्मि, रोशनी, नेहा सहित कई लोग शामिल हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की टीम घायलों का इलाज कर रही है। डॉक्टरों के अनुसार तीन गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। नोहटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अभिषेक पटेल और पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी जुटाई है।

### शासकीय प्राथमिक शाला बिजौरा की शिक्षिका निलंबित

दमोह (स्वतंत्र मत)। जिला शिक्षा अधिकारी दमोह द्वारा विद्यालय लापरवाही के आरोप एवं समय पर उपस्थिति दर्ज न करने के मामले में शासकीय प्राथमिक शाला बिजौरा की शिक्षिका प्रियंका बड़गैंया को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलबंन अवधि में शिक्षिका प्रियंका बड़गैया का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दमोह रहेगा।

## डंपर और ट्रक की आमने-सामने टक्कर, दोनों चालक घायल

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** तेज रफ्तार से चल रहे डंपर ट्रक आमने-सामने से टकरा गए इस घटना में दोनों चालक बुरी तरह से घायल हुए है छतरपुर स्टेट हाईवे पर बटियागढ़ थाना क्षेत्र के नीमन तिराहे पर गुरुवार सुबह 10 बजे एक डंपर और ट्रक की आमने.सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और अपने-अपने ट्रकों में फंस गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद घायल चालकों को बटियागढ़ स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए



प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शी आशिक खान ने बताया कि एक ट्रक छतरपुर से दमोह की ओर रेत लेकर जा रहा थाए जबकि दूसरा ट्रक दमोह से छतरपुर की ओर सीमेंट लेकर जा रहा था। नीमन तिराहे के पास क्रॉसिंग के दौरान दोनों वाहन अनियंत्रित होकर ड्राइवर साइड से आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना के कारण मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम लग गया।

बटियागढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और लगभग आधे घंटे बाद आवाजाही सुचारु कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बारिश के बीच निकला ताजियों का जुलूस

### अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

हटा (स्वतंत्र मत)।

मातमी पर्व मुहर्रम पर शुक्रवार को नगर में बारिश के बीच पूरी श्रद्धाए शांति और भाईचारे के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और कर्बला में शहीद हुए उनके 72 साथियों की याद में निकले इस जुलूस में मुस्लिम समाज सहित सर्वधर्म समाज के लोगों की बड़ी संख्या शामिल हुई।

मुहर्रम का यह दिन त्यागए बलिदान और सत्य के लिए संघर्ष का प्रतीक माना जाता है जिसे यौमे आशूरा के रूप में मनाया जाता है।



सुबह करीब 9 बजे विभिन्न मोहल्लों से सुसज्जित ताजिए अखाड़ों के साथ नगर भ्रमण पर निकले। थर्माकोल, रुई, कांच और रंग-बिरंगे सजावटी कागजों से आकर्षक ढंग से सजाए गए ताजियों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस नवोदय वार्ड, ककराई, मदारछल्ला, रमा कवि वार्ड, अधियारा बगीचा, तीनबत्ती तिगड्डा सहित विभिन्न मार्गों से होता हुआ मंदिर-मस्जिद चौराहे पहुंचा। यहां मंसूरी इमामबाड़ा और हुसैनी अखाड़ा के बच्चों एवं युवाओं ने लाठीए चक्र, तलवार और अन्य पारंपरिक युद्ध कलाओं के शानदार करतब प्रस्तुत किए। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग इन करतबों को देखने के लिए डटे रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। जुलूस के दौरान या हुसैन या हुसैन के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। नगर के विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा लंगर एवं शरबत की व्यवस्था की गई, जहां लोगों ने श्रद्धालुओं की सेवा की।

मुहर्रम की पूर्व संध्या पर 9 मुहर्रम की रात मदार चिल्ला मस्जिद परिसर स्थित मदार साहब की दरगाह से बाबा की सवारी भी पूरे अकीदत और सम्मान के साथ निकाली गई। अलाव की रस्म के बाद श्रद्धालुओं ने बाबा को खुशबू पेश कर अपने और समाज की खुशहाली के लिए दुआ मांगी।

सवारी विभिन्न मजारों से होकर पुन: अपने आरंभ स्थल पर पहुंची। मुहर्रम के अवसर पर हटा में हिंदू समाज द्वारा भी वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार ताजियों का निर्माण किया गया जो नगर की गंगा जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की मिसाल बना। हजरत सैय्यद नीम वाले बाबा साहिब की दरगाह का ताजिया समूह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जहां कई वर्षों से ताजियों का निर्माण किया जाता रहा है।

## चार उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया जांच में अनियमितताएं पाए जाने के आरोप पर चार उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु निजी उर्वरक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ई विकास प्रणाली, नि:शुल्क टोकन सुविधा एवं कंट्रोल रूम के माध्यम से किसानों की शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। सघन उर्वरक गुण नियंत्रण अभियान के तहत निरीक्षण में अनियमितताएं पाए जाने पर मै. राकेश कृषि केंद्र हटा, मै. दिगम्बर कृषि सेवा केंद्र दमोह एवं मै. पारस ट्रेडर्स बटियागढ़ का उर्वरक विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

## निर्णय क्षमता को कम कर देता है नशा

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जिला जेल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दमोह (स्वतंत्र मत)।

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश ध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में नशा-मुक्त भारत के लिए नशा जागरूकता और वेलनेस नेविगेशन योजना 2025 के अंतर्गत आज जिला जेल दमोह में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उत्कर्ष दिवाकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक एमएल पटेल, कार्यालयीन स्टाफ तथा बड़ी संख्या में बंदीगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान बंदियों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश उत्कर्ष दिवाकर ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति की निर्णय क्षमता को कमजोर कर देता है तथा उसे अपराध एवं अन्य सामाजिक बुराइयों की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने बंदियों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सकारात्मक जीवन व्यतीत करने



का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा जागरूकता ही नशे के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार है, आपने एन डी पी एस अधिनियम के विभिन्न दांडिक प्रावधानों के विषय पर भी बंदियों को अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि उसके परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है आपने नशे से होने वाले दुष्परिणामों से बंदियों को अवगत कराते हुए नि:शुल्क विधिक सहायता, नालसा डॉन स्कीम, लीगल एड क्लिनिक एवं विभिन्न विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के अंत में जेल अधीक्षक एमएल पटेल ने उपस्थित न्यायाधीश एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बंदियों को नशे से दूर रहनेए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने तथा जेल में उपलब्ध सुधारात्मक एवं पुनर्वास गतिविधियों का लाभ उठाकर समाज में पुन: सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने की सलाह दी। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें नशामुक्त एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना था।

न्यायालय नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर
रा.प्र.क्र. 2591/ अ-6/ 2025-26
// आम इश्तहार //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जवाहर लाल अग्रवाल पिता किशनलाल अग्रवाल निवासी- निवाडगंज जबलपुर के द्वारा ग्राम माढ़ोताल खसरा नंबर 156 से 161 नया खसरा नंबर 156/1/1/11/1 के निर्मित लेआउट के प्लाट क्रमांक 127 के रकवा 1600 पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 01.01.1988 के आधार पर नामातंरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मौजा माढ़ोताल स्थित खसरा नं. 156/1/1/11/1 रकवा 1600 वर्गफुट पर मनमोहन नगर कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के व्यवस्थापक शंकर लाल उपाध्याय का नाम दर्ज है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/ नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 3.7.26 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.6.26 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 19.06.2026
पेशी दिनांक- 03.07.2026

सील

नायब तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

**➤ सवारी देखते वक्त हुआ विवाद**

## युवक से मारपीट कर घोंपा चाकू



**जबलपुर।** हनुमानताल थाने में हसनैन अली उम्र 18 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम बाबा होटल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह अपने दोस्त रिहान के साथ मदार छल्ला पानी की टंकी के पास सवारी/टपारी देखने जा रहा था। उसी समय शाहरूख को उसका धक्का लग गया इसी बात पर शाहरूख और शाहरूख का साथी सलमान उसके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

**➤ पनागर थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस**

## ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत



**जबलपुर।** पनागर थाने में शुभम श्रीवास उम्र 26 साल निवासी आजाद वार्ड पनागर ने सूचना देकर बताया कि कोई व्यक्ति जबलपुर की ओर जाने वाली ट्रैन के अप ट्रेक पर ट्रेन से टकराने से खत्म हो गया है। वह एवं मोहल्ले पडोस के लोगो ने जाकर देखा उसके पिता मनोहर श्रीवास उम्र 53 निवासी ट्रेन की टक्कर से मृत अवस्था मे छत विछत हालत मे पड़े थे।

**➤ लॉर्डगंज थाना क्षेत्र का मामला**

## फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जबलपुर।** लॉर्डगंज थाने में शिवनारायण पटैल निवासी गेट नंबर 01 रानीताल ने सूचना देकर बताया कि पडोस में रहने वाली उसके छोटे साढु की बेटी नमामि पटैल घर आकर बताई कि पापा ने किचिन में पंखा लगाने के लोहे की हुक लगी है। उसमें गमछे से फांसी लगा लिया है। वह तुरंत जाकर देखा तो उसका छोटा साढु भाई शंकर पटैल की मृत्यु हो गई थी।

# ट्रेन में सो रहे यात्री को चूहे ने काटा
# सांप...सांप... चिल्लाकर मचा दी भगदड़

### पूर्णा-पटना एक्सप्रेस की घटना

### जबलपुर रेलवे स्टेशन पर घंटों खड़ी रही ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





पूर्णा से पटना जा रही एक्सप्रेस (संख्या 17610) में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एस-8 कोच में सफर कर रहे एक यात्री ने अचानक चिल्लाते हुए कहा कि उसे सांप ने काट लिया है। इस घटना के बाद ट्रेन में हड़कंप की स्थिति मच गई । जानकारी के मुताबिक विकास कुमार नाम के यात्री अपनी सीट में सो रहे थे। इसी बीच उन्हें अचानक उन्हें पैर में कुछ काटने जैसा महसूस हुआ। दर्द के साथ उनकी नजर किसी पूंछ जैसी चीज पर पड़ी, जिससे उन्हें सांप के काटने की आशंका हुई। उनकी चीख सुनते ही पूरे कोच में भगदड़ मच गई और घबराए यात्री अपनी जान बचाने के लिए दूसरे डिब्बों की ओर भागने लगे। कुछ ही मिनटों में पूरा एस-8 कोच खाली हो गया।

### एक घंटे तक चला तलाशी अभियान

इस घटना के बाद ट्रेन जबलपुर स्टेशन पहुंची तो रेलवे अधिकारी, डॉक्टर और स्थानीय सर्प विशेषज्ञ मौके पर पहुंचे। कोच के हर हिस्से, सीटों के नीचे और सभी संभावित स्थानों पर लगभग एक घंटे तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन सुबह लगभग एक घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही, लेकिन कहीं भी सांप नहीं मिला। कुछ यात्रियों ने इसे चूहे की पूंछ होने की आशंका भी जताई। सुरक्षा के मद्देनजर विकास कुमार को ट्रेन से उतारकर प्राथमिक जांच के बाद विक्टोरिया अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत स्थिर और खतरे से बाहर बताई गई है। फिलहाल सांप के काटने की पुष्टि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में भी ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला। कोच को सुरक्षित घोषित करने के बाद ट्रेन को पटना के लिए रवाना कर दिया गया।

## रफ्तार ने बुझा दिया घर का चिराग

### कार की टक्कर से युवक की मौत, मझगवां थाने का मामला

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



मझगवां थाना क्षेत्र के कुम्ही मोड़ बाइपास पर शुक्रवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया गया कि सिहोरा से अपने गांव बंदरकोला लौट रहे बाइक सवार शिवम मार्को को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसके सिर, हाथ व पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस एवं परिजनों की मदद से घायल युवक को सिहोरा के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 19 वर्षीय शिवम मार्को पिता संपत मार्को, निवासी बंदरकोला, ग्राम पंचायत मढ़ा बंजर के रूप में हुई है। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक का माहौल है। इधर मझगवां पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कराते हुए कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।






# खनिज विभाग ने पकड़ा 20 लाख रूपए की अवैध रेत का भंडार

### शहपुरा स्थित मेरेगांव से बरामद हुई 4 हजार घनमीटर अवैध रेत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अवैध रेत के भंडारण पर बड़ी कार्यवाही करते हुए खनिज विभाग की टीम ने शहपुरा स्थित मेरेगांव में दबिश देते हुए 4 हजार घनमीटर अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की है। जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रूपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को शहपुरा तहसील के ग्राम मेरेगांव पहुंची थी। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान लगभग 4 हजार घनमीटर अवैध रूप से भंडारित रेत जब्त की। यह कार्यवाही खनिज अधिकारी एके राय एवं एसडीएम शहपुरा मदन सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। निरीक्षण के दौरान अवैध रेत भंडारण पाए जाने पर संपूर्ण सामग्री को मौके पर ही जब्त कर आगामी आदेश तक ग्राम मेरेगांव के वार्ड पंच ज्ञानी सिंह राजपूत की सुपुर्दगी में सुरक्षित रखा गया है। संयुक्त कार्यवाही में नायब तहसीलदार महेश सोलंकी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कल्याण सिंह क्षत्रि, थाना प्रभारी बेलखेड़ा धन्नू सिंह गौंड, खनिज निरीक्षक विवेकानंद यादव, पटवारी दिलीप ठाकुर आदि अमला मौजूद रहा। प्रशासन ने बताया कि मामले में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। साथ ही कहा गया कि अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध जिले में अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पमरे जीएम ने समझी कवच प्रणाली कोटा में किया व्यापक निरीक्षण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह आज अपने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत कोटा पहुंचे। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा एवं समस्त शाखा अधिकारियों व मुख्य परियोजना प्रबंधकों के साथ मंडल कार्यालय सभागार में विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं और चल रही परियोजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महाप्रबंधक ने कोटा-सवाई माधोपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर ट्रैक स्थिति, सिग्नलिंग व्यवस्था व अन्य अवसंरचनाओं का अवलोकन किया।

### चलती बाइक में महिला के कान से खींचे झुमके

**जबलपुर ।** माढ़ोताल थाने में सविता चौधरी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मड़ई व्हीकल रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह पति गणेश चौधरी के साथ मोटर साइकिल मे बिहरिया से कंटगी बायपास होते हुये हाईवे से खजरी बायपास की तरफ जा रही थी। शाम के समय तीन अज्ञात लडके जिनकी उम्र 20 से 25 वर्ष होगी काले रंग के कपडे पहने थे जो पीछे से मोटर साईकिल से आये और बीच मे बैठे लडके ने उसके दाहिने कान का सोने का झुमका बजनी 3.5 ग्राम कीमती लगभग 50 हजार रुपए का छपटकर खीच लिया जिससे उसका कान फट गया व खून निकल रहा है तीनो तेजी से खजरी बायपास की तरफ भाग गये उसके पति ने उनका कुछ दूर तक पीछा किये किन्तु नही। अधिक दर्द होने के कारण उपचार करवाकर पति के साथ घर चली गई थी।

### आंतरिक सशक्तिकरण से होगा सशक्त राष्ट्र का निर्माण

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन का सुरक्षा सेवा प्रभाग ज्ञान सरोवर अकादमी, माउंट आबू से संचालित होता है। यह प्रभाग भारतीय सशस्त्र सेनाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राज्य पुलिस बलों, होमगार्ड, जेल, अग्निशमन एवं अन्य सुरक्षा सेवाओं से जुड़े अधिकारियों एवं जवानों के लिए विशेष आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आयोजित करता है।

### थाने में हर माह हाजिरी लगाएंगे शहर के 4 बदमाश

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत चार आदतन अपराधी महाराजपुर निवासी 19 वर्षीय लकी गोटिया तथा गोरखपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाथीताल कॉलोनी निवासी 23 वर्षीय कबीर यादव को आगामी चार माह तक प्रत्येक माह की 15 और 25 तारीख को संबंधित थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए है। वहीं, गोहलपुर थाना क्षेत्र के मोतीनाला पुल के पास बंधैया मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय गगन यादव तथा कटंगी थाना क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ला कटंगी निवासी 22 वर्षीय अरबाज मंसूरी को तीन माह तक प्रत्येक माह की 25 तारीख को संबंधित थाने में हाजिरी लगानी होगी।


















हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**